आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, शनिवार 27 जुलाई 2024 ■ श्रावण कृष्ण पक्ष-6 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-120 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 28 जुलाई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

बस्तर फाइटर के जवान की मलेरिया से मौत

कांकेर,27 जुलाई। जिले में नक्सल मोर्चे में तैनात बस्तर फाइटर के एक जवान उत्तम मंडावी उम्र 24 वर्ष निवासी भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र अंर्तगत ग्राम कराठी की मलेरिया से मौत हो गई। मृतक जवान उत्तम मंडावी कोड़ेकुर्से में कांकेर-नारायणपुर सीमा इलाके में पदस्थ था। जहां उसकी तबियत खराब होने से उपचार के लिए जवान उत्तम मंडावी को कांकेर जिला अस्पताल मेडिकल कॉलेज में 19 जुलाई को भर्ती किया गया। इलाज के दौरान जवान मलेरिया और पीलिया संक्रमित मिला, जवान की स्थिति नाजुक थी। उसे बेहतर उपचार के लिए मेकाहारा रायपुर रेफर किया गया। गंभीर स्थिति के देखाते हुए मेकाहारा से बालाजी अस्पताल रायपुर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कांकेर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने बताया कि आरक्षक उत्तम मंडावी के कई अंग काम नहीं कर रहे थे। जिसे रायपुर रिफर किया गया था। जवान पीलिया से भी संक्रमित था। पीलिया कब से था, यह जानकारी परिजनों से जुटाई जा रही है।

कुएं में गैस रिसाव से युवक की मौत

सूरजपुर,27 जुलाई। जिले में एक दर्दनाक हादसा हुआ है. हर्रा टिकरा गांव में कुएं से पंप निकालने उतरे युवक की गैस रिसाव होने से मौत हो गई. घटना से गांव में सनसनी फैल गई और इसकी जानकारी पुलिस को दी गई. वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने डीडीआरएफ की टीम को सूचना दी. जिसके बाद टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाया और 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शव को कुएं से बाहर निकला गया. यह मामला जयनगर थाना क्षेत्र का है. डीडीआरएफ टीम से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम करीब 4 बजे जयनगर थाना से सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम हर्रा टिकरा चीटकी पारा में एक व्यक्ति कुएं में डूब गया है. जिसकी सूचना पर डीडीआरएफ टीम सूरजपुर घटना स्थल पर पहुंची और गैस डिटेक्टर से कुएं की जांच की. जिसमें पता चला कि कुएं में गैस का रिसाव था. इस दौरान जिला सेनानी संजय गुप्ता के मार्गदर्शन पर 4 घंटे कड़ी मुस्कत के बाद मृतक रामलाल उर्फेबाने (उम्र 30 वर्ष) का शव कुएं से निकाला गया.

पति को दूसरी महिला के साथ पत्नी ने पकड़ा

जशपुर,27 जुलाई। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के घुघरी गांव से पति के एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर के चलते दो महिलाओं के बीच मारपीट का मामला सामने आया है. यहां एक महिला ने अपने पति को दूसरी महिला के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया, जिसके बाद दोनों महिलाओं के बीच जमकर मारपीट हुई. वहीं दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ा की मामला थाना पहुंच गया है. जानकारी के अनुसार बगीचा थाना क्षेत्र के घुघरी गांव कदमटोली में शनिवार की सुबह एक महिला ने अपने पति को दूसरी महिला के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया और दोनों महिलाओं के बीच जमकर मारपीट हुई. बताया जा रहा है कि जुरूड़ांड निवासी केशव यादव लव मैरिज कर अपनी पत्नी के साथ जुरूड़ांड़ में रहता है. वहीं युवक केशव के पड़ोस में रहने वाली शादीशुदा महिला के साथ भी उसका अवैध संबंध था. वह महिला को लेकर अपनी बहन के घर ग्राम घुघरी कदमटोली पहुंचा. जहां केशव और महिला रहने लगे. इस दौरान युवक की पत्नी को दोनों के अवैध संबंध की जानकारी लगी तो वह सीधे पति की बहन के घर पहुंच गई और दोनों को रंगे हाथों पकड़ लिया. जिसके बाद दोनों महिलाओं के बीच जमकर विवाद हुआ. युवक की पत्नी द्वारा की गई मारपीट से घायल महिला ने बगीचा थाना पहुंचकर लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है.

हसदेव अरण्य में पर्यावरण क्षरण पर लोकसभा में चर्चा

रायपुर,27 जुलाई। छत्तीसगढ़ के हसदेव अरण्य में पर्यावरण क्षरण के संबंध में लोकसभा प्रश्न के उत्तर में प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में वन महानिरीक्षक (वन्यजीव प्रभाग) को एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की है. जिसमें साल 2023 तक, परसा ईस्ट केते बासेन कोयला खदान में खनन के लिए प्रतिपूरक उपायों के रूप में, वनीकरण, खदान सुधार और स्थानांतरण प्रयासों के लिए कुल 53,40,586 पेड़ लगाए गए हैं. इन नए लगाए गए पेड़ों में से लगभग 40,97,395 जीवित पेड़ हैं. वहीं खनन के लिए 94,460 पेड़ों का विदोहन किया गया है. आम आदमी पार्टी के पंजाब के सांसद श्री संदीप कुमार पाठक द्वारा उठाए गए प्रश्न में हसदेव अरण्य में पर्यावरणीय प्रभाव के कई पहलुओं पर जानकारी मांगी गई थी. जिसके जवाब में भारतीय वन्यजीव संस्थान द्वारा लिखित में जवाब प्रस्तुत किया. जिसमें बताया गया कि हसदेव अरण्य कोयला क्षेत्रों पर अलग से कोई अध्ययन नहीं किया है. हालांकि, राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) और

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफ एंड सीसी) के निर्देशों के बाद, भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद (आईसीएफआरई) ने भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) के साथ मिलकर जैव विविधता मूल्यांकन अध्ययन किया और सरकार को रिपोर्ट सौंपी गई. इस रिपोर्ट में खनन गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की सिफारिश नहीं की गई है. वहीं इस क्षेत्र में चल रही खनन गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने के लिए आने वाले कई वर्षों में अनुमानित 2,73,757 पेड़ों का विदोहन किये जाने की उम्मीद है. इस जानकारी का उद्देश्य पर्यावरण संबंधी चिंताओं तथा हसदेव अरण्य में शमन और पुनरुद्धार की दिशा में उठाए गए कदमों पर प्रकाश डालना है. उल्लेखनीय है कि राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम (आरआरवीयूएनएल) अपने बिजली उत्पादन संयंत्रों की कोयले की मांगों को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में तीन उपयुक्त कोयला खदानों का मालिक है. आरआरवीयूएनएल पहले से ही परसा ईस्ट कांता बासन ब्लॉक का संचालन कर रहा है और औद्योगीकरण और नौकरियों से वंचित इस जिले में करीब 10,000 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा किए हैं. राजस्थान सरकार का निगम छत्तीसगढ़ सरकार को 1,000 करोड़ रुपये से अधिक के कर, रॉयल्टी और अन्य शुल्क भी देता है. आरआरवीयूएनएल द्वारा अपने दो अन्य परसा और केते एक्सटेंशन ब्लॉकों का संचालन शुरू करने के बाद यह संख्या दोगुनी होने की संभावना है. लगातार चार वर्षों से कोयला मंत्रालय से पांच सितारा रेटिंग के साथ, पीईकेबी ब्लॉक न केवल छत्तीसगढ़ में बल्कि भारत में एक मॉडल खदान के रूप में उभरा है. अंग्रेजी माध्यम सीबीएसई स्कूल, अदाणी विद्या मंदिर ने भी एक अनूठा मॉडल विकसित किया है, जहां छात्रों की मातांए 1,000 से अधिक छात्रों के लिए नाश्ता और दोपहर का भोजन बनाती हैं और उन्हें मुफ्त शिक्षा, परिवहन, स्टेशनरी, यूनिफॉर्म और कई अन्य सुविधाएं प्रदान करती हैं.

13 लाख की इनामी महिला नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

कांकेर,27 जुलाई। महिला नक्सली (एम् एम् से जोनल कमिटी क्षेत्र के गोदिया-राजनंदगांव-बालाघाट , जीआरबी डिवीज़न अंतर्गत टांडा/मलाजखंड एरिया कमेटी सदस्य के रूप में सक्रीय थी जिस पर छत्तीसगढ़ राज्य में 5 लाख रुपये, मध्यप्रदेश राज्य में 3 लाख रुपए व महाराष्ट्र राज्य में 5 लाख रुपए इनाम घोषित है. महिला नक्सली पर कुल 13 लाख का इनाम घोषित है। उक्त महिला नक्सली के खिलाफ मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले में कुल 19 अपराध दर्ज हैं, छत्तीसगढ़ में जिला केसीजी में 3 अपराध दर्ज हैं।

जिला कबीरधाम में पुलिस महानिरीक्षक राजनंदगांव रेंज दीपक कुमार झा (भा.पु.से.), पुलिस अधीक्षक कबीरधाम डॉ अभिषेक पल्लव (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार (भा.पु.से.) एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह बघेल (रा.पु.से.) के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान तथा छ0ग0 शासन की ''पुनर्वास नीति'' के तहत जिला पुलिस बल के द्वारा भटके हुए माओवादियों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए लगातार संपर्क एवं संवाद कर शासन की नक्सल पुनर्वास नीति का व्यापक प्रचार-प्रसार गॉव-गॉव तक किया जा रहा है, साथ ही नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए नक्सल गस्त सर्चिंग में वृद्धि हुई है जिसके परिणाम

स्वरूप यह बदलाव माओवादी कैडर में दिखाई दे रहा है. नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर नक्सलवाद की ओर भटके युवा अब समाज के मुख्यधारा में जुड़ने का संकल्प करके नक्सल संगठन में सक्रीय महिला नक्सली रानीता उर्फ़ हिड़मे कोवासी पति प्रेम पिता सन्नू कोवासी उम्र लगभग 22 वर्ष निवासी पुलनपाड़, गोल्लापरा थाना चिंतलनार जिला सुकमा ने आज दिनांक 27.07.2024 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कलेक्टर कबीरधाम श्री जन्मेजय महोबे (भा.प्र.से.), पुलिस अधीक्षक कबीरधाम डॉ अभिषेक पल्लव (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विकास कुमार (भा.पु.से.) एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र सिंह बघेल (रा.पु.से.), उप पुलिस अधीक्षक नक्सल आप्स श्री संजय ध्रुव, उप पुलिस अधीक्षक श्री प्रतीक चतुर्वेदी, श्री कृष्ण कुमार चंद्राकर, श्री सतीश धुर्वे की उपस्थिति में आत्मसमर्पण किया.

4 कुख्यात नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा,27 जुलाई। सुकमा में पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में छत्तीसगढ़ शासन की ''छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति'' और सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे ''नियद नेल्ला नार '' योजना से प्रभावित होकर प्रदेश के संदिग्ध गतिविधियों में शामिल क्षेत्र के कुछ नकसलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। यह छत्तीसगढ़ शासन की एक बड़ी सफलता मानी जा रही है। अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार कैम्प स्थापित होने से पुलिस और इसके बढ़ते प्रभाव से एसा मुमकिन हो पाया है। नक्सली संगठन में सक्रिय 1 महिला नक्सली सहित 5 नक्सलियों के द्वारा किया गया आत्मसमर्पण किया गया है। मुचाकी राजे पिता पिता मासा (पुलनपाड़ केएएमएस उपाध्यक्षा) ग्राम पुलनपाड़ थाना चिंतलनार जिला सुकमा, 2. कवासी हुंगा पिता हिड़मा (पुलनपाड जीआरडी मिलिशिया सदस्य) निवासी ग्राम पुलनपाड़ थाना चिंतलनार जिला सुकमा, 3. हेमला जोगा पिता स्व. बण्डी (पुलनपाड़ जीआरडी मिलिशिया सदस्य) उम्र लगभग 35 वर्ष जाति मुरिया निवासी पुलनपाड़ थाना चिंतलनार जिला सुकमा और 4 सोड़ी मल्ला पिता रामा (सुरपनगुड़ा आरपीसी मिलिशिया सदस्य) उम्र लगभग 25 वर्ष जाति मुरिया निवासी किस्टावरम।

नीति आयोग की बैठक छोड़ निकलीं ममता बनर्जी

लगाया माइक बंद करने का आरोप

नई दिल्ली,27 जुलाई। नीति आयोग की बैठक को लेकर जारी राजनीति कम होने का नाम नहीं ले रहा है। विपक्षी मुख्यमंत्रियों द्वारा इसका बहिष्कार करने का फैसला लिया गया। हालांकि, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी इसमें शामिल हुई थीं। लेकिन उन्होंने ने भी बड़ा आरोप लगाते हुए बैठक छोड़ दिया है। ममता ने दावा किया कि मैंने कहा कि आपको (केंद्र सरकार) राज्य सरकारों के साथ भेदभाव नहीं करना चाहिए। मैं बोलना चाहती थी लेकिन मुझे केवल 5 मिनट के लिए बोलने की अनुमति दी गई। इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि मुझसे पहले के लोगों ने 10-20 मिनट तक बात की। विपक्ष से मैं अकेली था जो भाग ले रही थी लेकिन फिर भी मुझे बोलने की अनुमति नहीं दी गई। यह अपमानजनक है। उन्होंने कहा कि मैं बोल रही थी, मेरा माइक बंद हो गया। मैंने कहा आपने मुझे क्यों रोका, आप भेदभाव क्यों कर रहे हैं। मैं बैठक में भाग ले रही हूं, आपको खुश होना चाहिए बजाय इसके कि आप अपनी पार्टी, अपनी सरकार को अधिक गुंजाइश दे रहे हैं। विपक्ष की ओर से सिर्फ मैं हूं और आप मुझे बोलने से रोक रहे हैं...यह सिर्फ बंगाल का ही नहीं बल्कि सभी क्षेत्रीय पार्टियों का अपमान है। दरअसल, विपक्ष शासित राज्यों के लगभग सभी मुख्यमंत्रियों का आरोप है कि इस बार के केंद्रीय बजट में उनका हक नहीं दिया गया है। यहीं कारण है कि वो लोग नीति आयोग की बैठक में शामिल नहीं हो रहे हैं। आज नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करने पर तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा पेश किया गया बजट भाजपा का बहिष्कार करने वाले राज्यों और लोगों के प्रति प्रतिशोध की कार्रवाई जैसा प्रतीत होता है। उन्होंने इंडिया ब्लॉक को वोट देने वालों से बदला लेने के लिए बजट तैयार किया है। केंद्र की भाजपा सरकार लगातार तमिलनाडु की उपेक्षा कर रही है। राजद नेता मनोज झा ने कहा कि नीति आयोग क्या है? इसमें कौन सी शक्ति है? योजना आयोग से क्या समस्या है?

लड़की को भगाकर ले जाना और अपहरण करना दुष्कर्म नहीं : हाईकोर्ट

बिलासपुर,27 जुलाई। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि नाबालिग लड़की को साथ ले जाने पर हर बार भारतीय दंड संहिता की धारा 366 के तहत दुष्कर्म के लिए अपहरण का अपराध नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने कहा कि दुष्कर्म के लिए अपहरण का अपराध साबित करने के लिए आरोपी के उद्देश्य की जांच करना भी आवश्यक है। साथ ही दुष्कर्म साबित भी होना चाहिए। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने महासमुंद जिले के एक मामले में यह फैसला सुनाया है। ओडिसा के ओनकी गांव के निवासी 24 वर्षीय ठंडा राम सिदार पर महासमुंद जिले की एक नाबालिग लड़की के कई बार अपहरण करने का आरोप लगा था। पीड़िता के पिता ने पुलिस को की गई रिपोर्ट में बताया कि 17 नवंबर, 2022 की रात को ठंडा राम उनकी बेटी को मोटरसाइकिल पर ले गया। अगले दिन लड़की को वापस लाया गया। हालांकि, 28 नवंबर, 2022 को ठंडा राम ने फिर से उसका अपहरण करने का प्रयास किया, लेकिन पीड़िता की मां और एक पड़ोसी ने उसे रोक लिया। आरोपियों ने कथित तौर पर उन्हें धमकी दी कि अगर उन्होंने हस्तक्षेप किया तो वे उन्हें जान से मार देंगे।

केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया पहुंचे रायपुर

रायपुर,27 जुलाई। केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया राजधानी रायपुर पहुंचे. वे बीजेपी के बजट संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे. केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया के रायपुर एयरपोर्ट पर पहुंचते ही बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, मंत्री रामविचार नेताम, लखनलाल देवांगन और विधायक गण समेत अन्य नेताओं ने भव्य स्वागत किया. इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए बजट पर केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में तीसरी बार जनता का आशीर्वाद मिला है. तीसरे कार्यकाल का पहला बजट आया है. गरीबों को सहायता देने, MSME को बढ़ावा देने वाला और देश की आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने वाला यह बजट रहा. बता दें कि बजट संवाद कार्यक्रम का मोर्चा रायपुर में केंद्रीय मंत्री मांडविया संभालेंगे. उनके के अलावा तीन केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, सावित्री ठाकुर और जाधव प्रताप राव अलग-अलग जिलों में केंद्रीय बजट पर संवाद कर इसकी खूबियां बताएंगे.

2016 के ड्रग मामले में ममता कुलकर्णी को बॉम्बे हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली

मुंबई ,27 जुलाई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने बॉलीवुड स्टार ममता कुलकर्णी के खिलाफ 2,000 करोड़ रुपये के ड्रग तस्करी मामले को खारिज कर दिया है। अभिनेत्री पर अपने पति विक्की गोस्वामी के साथ ड्रग्स तस्करी का आरोप था। कोर्ट ने कहा कि ममता के खिलाफ पर्याप्त सबूत नहीं हैं..इसलिए केस बंद किया जाता है। जस्टिस भारती डांगरे और जस्टिस मंजूषा देशमुख की बेंच ने कुलकर्णी के खिलाफ ड्रग केस को खारिज कर दिया है।अभिनेत्री ने अपने पति के साथ केन्या में बसने से पहले लगभग 50 हिंदी फिल्मों में काम किया है। अभिनेत्री का पति विक्की गोस्वामी एक ड्रग माफिया है.

स्वास्थ्य उपकरणों की खरीदी में कांग्रेस कार्यकाल में हुई गड़बड़ी: जायसवाल

रिपोर्ट पुरानी होगी, उस समय कोरोना काल था पर हमारा काम अच्छा था: महंत

रायपुर,27 जुलाई

कैग की रिपोर्ट पर स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल और नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है. कैग की रिपोर्ट पर स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस कार्यकाल में गड़बड़ी हुई है. तो वहीं नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने कहा कि रिपोर्ट पुरानी होगी, उस समय कोरोना काल था. सीएजी की रिपोर्ट पर स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा कि सीएजी की रिपोर्ट आना एक सतत प्रक्रिया है. 2016 से 2022 तक की सीएजी की रिपोर्ट आई है. अगर कांग्रेस नेता कहते हैं कि रिपोर्ट में गड़बड़ी है तो सीएजी की रिपोर्ट कांग्रेस कार्यकाल की रिपोर्ट है. राज्य में कई विशेषज्ञों और पैरामेडिकल स्टोर की कमी है. लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने स्टाफ और भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है. स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने कहा कि कुछ विशेष उपकरण की खरीदी में गड़बड़ी की आशंका जताई गई थी. उसकी जांच पहले से चल रही है. सीएजी की रिपोर्ट से विभाग को जांच में सहूलियत मिलेगी. सीएजी की रिपोर्ट में जिन अनियमितता की बात

होगी, उसके माध्यम से जांच आगे बढ़ाई जाएगी.सीएजी की रिपोर्ट पर नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा कि सीएजी की रिपोर्ट पुरानी होगी. उस समय कोरोना काल से गुजरना पड़ा था. सरकार ने सीएमएचओ और अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए थे. हमारे जमाने में मलेरिया और डायरिया के उन्मूलन के लिए जो काम हुए हैं. विदेशों के तर्ज पर स्पेशलाइजेशन खोलने की तैयारी थी लेकिन यह नहीं हो सका.इसलिए हो सकता है सीएजी की रिपोर्ट में कुछ गड़बड़ियां हो, लेकिन हमारा काम अच्छा था.

ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल: 2024 पेरिस, भारतीय तीरंदाजी दल से पदकों की उम्मीद

jasclaudius@gmail.com

इस बार पदक के लिए लक्ष्य भेदेंगे तीरंदाज

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भारत में तीरंदाजी तब से जारी है जब इसे खेल का रूप नहीं दिया गया था। भारत के इतिहास में तीरंदाजी का उल्लेख मिलता है। आधुनिक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल में सबसे पहले 1900 के पेरिस ओलंपिक में तीरंदाजी को शामिल किया गया था। इसके पश्चात 1904-1908 फिर 1920 में इसे मौका मिला। फिर कुछ तकनीकी कारण से तीरंदाजी को इन खेलों से हटा दिया गया था । 1972 के म्यूनिख ओलंपिक में इसे फिर से शामिल किया गया। तब से लगातार तीरंदाजी ओलंपिक खेल का प्रमुख खेल बना हुआ है। 2024 पेरिस में 25 जुलाई से 4 अगस्त तक तीरंदाजी के मैच होंगे। इस बार 53 देशों के 128 तीरंदाज रिकर्व के 5 इवेंट क्रमशः पुरुष वर्ग एकल, महिला वर्ग एकल और पुरुष-महिला टीम के साथ ही मिश्रित टीम होंगे। अर्थात् 5 स्वर्ण, 5 रजत, 5 कांस्य कुल मिलाकर 15 पदकों का फैसला होगा। भारत की ओर से महिला रिकर्व वर्ग में दीपिका कुमारी, अंकिता भगत तथा भजन कौर का चयन हुआ है जिनकी विश्व में वरीयता क्रमशः 12, 40, 45 है। वहीं पुरुष रिकर्व वर्ग में

बोम्मदेवरा जिनकी विश्व वरीयता 13 है। दूसरे तीरंदाज तरुणदीप राय जिनकी रैंकिंग 31 है। तीसरे तीरंदाजी प्रवीण जाधव हैं जिनकी विश्व वरीयता 114 है। उल्लेखनीय है कि तरुण दीप राय 2004 से लगातार

पांचवी बार ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं जबकि दीपिका कुमार को 2008 से चौथी बार ओलंपिक खेलों में निरंतर खेलने का मौका मिला है। महिला व पुरुष दोनों ही वर्गों में 70 मीटर की दूरी पर लक्ष्य को रखा जाएगा। ओलंपिक खेलो में किसी भी खेल के योग्य होना गौरव की बात होती है। इसमें 64 पुरुष व 64 महिला तीरंदाजों का चयन निम्न पांच प्रकार की प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन के आधार पर होता है तीरंदाजी में चयन के लिए पांच आधार है- एक वर्ल्ड चैंपियनशिप, दो-महाद्वीपीय गेम्स, तीन महाद्वीपीय योग्यता चक्र, चार-फायनल योग्यता चक्र टूर्नामेंट, पांच-विश्व वरीयता सूची। भारतीय खिलाड़ियों ने सबसे पहली बार 1988 में इन खेलों में भाग लेने हेतु योग्यता प्राप्त की थी। उसके पश्चात सिर्फ 2000 सिडनी ओलंपिक को छोड़कर सभी में भारतीय तीरंदाजों ने बहुखेल स्पर्धा में भाग लेने हेतु योग्यता हासिल की है। भारतीय तीरंदाज बहुत ही प्रतिभाशाली हैं और ओलंपिक खेलों को छोड़कर लगभग सभी प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं। इस रिकर्व इवेंट की पुरुष व महिला टीम प्रतियोगिता में भारत ने योग्यता प्राप्त की है। और दोनों वर्गों में 3 महिला व 3 पुरुष खिलाड़ी का चयन हुआ है। एक ही देश से 6 खिलाड़ियों द्वारा योग्यता हासिल करने वाले सिर्फ 12 देशों के तीरंदाज हैं पुरुष वर्ग में भारत, चीन, चाइनीज ताइपे, कोलंबिया, फ्रांस, ग्रेट ब्रिटेन, इटली, जापान, कजाकिस्तान, कोरिया, मैक्सिको, तुर्की शामिल है। महिला वर्ग की 12 टीम में भारत, चीन, चीनी ताइपे, फ्रांस, जर्मनी, ग्रेट ब्रिटेन, इंडोनेशिया, कोरिया, मलेशिया, मैक्सिको, नीदरलैंड्स, संयुक्त राज्य अमेरिका की टीम है। 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय दल के सभी खिलाड़ी अत्यंत प्रतिभाशाली हैं। ओलंपिक खेलों की चैंपियनशिप को छोड़कर भारत के तरुणदीप राय और दीपिका कुमारी ने विश्व स्तर के कई पदक अपने नाम किया है। परंतु अब ओलंपिक खेलों में उनका लक्ष्य पदक जीतना है। वैसे भी इस खेल में मौसम एवं वातावरण का बहुत महत्व होता है। तीरंदाजी का मुकाबला आसमान के नीचे खुले मैदान में होता है अतः खेल के लिए निर्धारित आदर्श माहौल से अलग तेज हवा के चलने, आसमान पर बादल छाये रहने, तापमान बहुत अधिक या बहुत कम होने, या मैच के दौरान हल्की बूंदाबांदी होने आदि कारणों से एक तीरंदाज का ध्यान भंग हो सकता है। इन परिस्थितियों को लेकर अब भारतीय तीरंदाजों के पास पराजित हो जाने पर कोई बहाना नहीं होगा। सभी तीरंदाज विशेषकर जो पहली बार भाग ले रहे हैं धीरज, प्रवीण, भजन, अंकिता सभी परिपक्व हो चुके हैं। अतः लगता है इस बार हमारे तीरंदाज पिछली गलतियों को भूलते हुए तीर को लक्ष्य में मारेंगे। इसके साथ ही पेरिस में तीरंदाजी से पदक नहीं जीत पाने का क्रम टूटेगा और हमारे जांबाज इस बार कम से कम दो पदक भारत के लिए जीतकर लायेंगे।

विजय माल्या पर सेबी का बड़ा एक्शन

नई दिल्ली ,27 जुलाई । शेयर बाजार के रेग्यूलेटर सिक्योरिटीज एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया ने विजया माल्या के भारतीय सिक्योरिटीज मार्केट में लेन-देन करने पर तीन सालों के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। सेबी ने कहा है, विजय माल्या के सिक्योरिटीज मार्केट को एक्सेस करने पर रोक लगाई जाती है साथ ही प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर सिक्योरिटीज के खरीदने, बेचने या किसी भी प्रकार की डीलिंग करने या सिक्योरिटीज मार्केट के साथ किसी भी प्रकार से जुड़ने पर अगले तीन सालों तक के लिए प्रतिबंध लगाया जाता है। सेबी ने जारी अपने आदेश में कहा, विजय माल्या किसी भी हैसियत में लिस्टेड कंपनी या कोई भी प्रस्तावित लिस्टेड कंपनी के साथ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर आदेश के जारी होने की तारीख से लेकर अगले तीन सालों तक नहीं जुड़े रहेंगे। इस अवधि के दौरान विजय माल्या की किसी भी सिक्योरिटीज की होल्डिंग जिसमें म्यूचुअल फंड्स में यूनिट्स भी शामिल है वो फ्रीज रहेगा।

एक नजर

11वीं के छात्र ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

भिलाई, 27 जुलाई। भिलाई कुम्हारी थाना क्षेत्र कैलाश नगर निवासी 11वीं के छात्र ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मृतक की मां अपने रिश्तेदार के यहां अमेरिका गई है और पिता ड्यूटी पर गए थे इसी दौरान उसने खुदकुशी कर ली घटना का कारण अज्ञात हैं कुम्हारी पुलिस मामले की जांच कर रही है कुम्हारी टीआई जनकराम कुर्रे ने बताया कि एम. कृष्णा के 16 वर्षीय बेटे एम श्रेयश ने गुरुवार को फांसी लगाकर जान दे दी पिता गुरुवार की सुबह ड्यूटी पर गया था उनकी पत्नी एम जया अपने रिश्तेदार के यहां अमेरिका गई हुई हैं श्रेयश घर पर अकेला था रात में करीब साढ़े नौ बजे पिता ड्यूटी से लौटा और घर अंदर से बंद मिलने पर बेटे को आवाज लगाई अंदर से कोई जवाब न मिलने पर उसने खिड़की से झांककर देखा तो उसके बेटे की लाश पंखे से लटकी थी उन्होंने किसी तरह से दरवाजा तोड़ा और अंदर जाकर देखा तो बेटे की मौत हो चुकी थी सौके से सुसाइड नोट भी नहीं मिला है।

गांजा बेच रहे एक कोचियो को पुलिस ने गिरफ्तार किया

भिलाई, 27 जुलाई। भिलाई कैप-एक संग्राम चौक के निजामी मंजिल के पास गांजा बेच रहे एक कोचिया को पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपित गांजा की पुड़िया बनाकर बेच रहा था मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई कर उसे न्यायालय पेश किया गया, जहां से रिमांड पर जेल भेजा गया है पुलिस ने बताया कि आरोपित सुरजीत कुमार यादव (24) निजामी कैप-एक दच्छु बाड़ी के पास को संग्राम चौक निजामी मंजिल के पास से 30 पुड़िया में करीब एक किलो 100 ग्राम गांजा जब्त किया गया आरोपित के पास से प्लास्टिक की झिल्ली में रखी 30 पुड़िया गांजा को भी बरामद किया गया पूछताछ में आरोपित नै पुलिस को बताया कि वह करीब एक महीने पहले ओडिशा से गांजा की खेप लेकर आया था और उसकी पुड़िया बनाकर बिक्री कर रहा था आरोपित एक महीने में करीब 10 किलो से भी अधिक गांजा खपा चुका है।

होटल के सामने खड़ी स्कूटी पार

भिलाई, 27 जुलाई। भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र एक होटल के सामने खड़ी स्कूटी को पार कर दिया स्कूटी की डिक्की में करीब 800 ग्राम फाइन सोना रखा था घटना की शिकायत के बाद सुपेला पुलिस आरोपित की पतासाजी में जुट गई आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे से आरोपित का सुराग तलाशने का प्रयास किया जा रहा है पुलिस ने बताया कि वैशाली नगर निवासी सागर की भाई पारा दुर्ग में जेडीएल रिफाइनरी नाम की दुकान है, जहां आभूषण को गलाकर फाइन सोना बनाया जाता है रात को पीड़ित दुर्ग से वापस अपने घर लौट रहा था उसने अपनी स्कूटी की डिक्की में करीब 800 ग्राम से अधिक फाइन सोना रखा था लौटते समय वह सुपेला के अंसारी बिरयानी होटल में रुका जब वह होटल से बाहर निकला तो उसकी स्कूटी वहां से गायब थी इसके बाद पीड़ित ने रात में सुपेला पुलिस को इसकीजानकारी दी पुलिस ने तुरंत आरोपित की पतासाजी शुरू की सीसीटीवी कैमरे में एक संदिग्ध नजर आया है, जिसकी पतासाजी की जा रही है चोरी गए सोने और स्कूटी की कुल कीमत करीब 55 लाख रुपये से अधिक आकी गई है।

आपदा से निपटने होना चाहिए सम्यक प्रयास : मोनिका

रिसाली। आम नागरिकों को समस्या के निराकरण के लिए लंबी दूरी तय न करना पड़े इसलिए वार्डों का कलस्टर तैयार कर जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसकी शुरुआत शनिवार से डुन्डेरा- जोरातराई के तीन वार्डों से की जा रही है। नगर पालिक निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा ने निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से कहा कि सभी अपने अपने वार्ड में शिविर का प्रचार प्रसार अवश्य करे। वर्तमान में लगातार हो रही बारिश और जल भराव से निपटने सम्यक प्रयास करने पर जोर दी। आयुक्त मोनिका वर्मा ने कहा कि मौसम विभाग ने तेज बारिश के संकेत दिए है। अगर कही जल भराव की स्थिति बनती है तो आपदा से निपटने की सहभागिता मिल जुल कर करे। आयुक्त ने पार्षदों से वार्डों की जानकारी ली और जाम नाली, सड़क पर भरने वाले पानी के निकासी के लिए संसाधन तैयार करने अधिकारी कर्मचारी को निर्देश भी दिए। खास बात यह है कि आयुक्त ने पदभार ग्रहण करने के बाद पहली बार सभी वार्डों के पार्षदों को चर्चा के लिए बुलाया था। बैठक में एमआईसी सनीर साहू, सोनिया देवांगन, डॉ. सीमा साहू, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, पार्षद मनीष यादव, धर्मेन्द्र भगत, सविता ढ़वस, सुनंदा चंद्राकर, माया यादव, शीला नारखेड़े, गजेन्द्री कोठारी, रमा साहू, विधि यादव, जहीर अब्बास, जमुना ठाकुर, ईश्वरी साहू, रेखा देवी, विलास बोरकर, पार्वती महानंद, रंजीता बेनुआ, सरिता देवांगन, खिलेन्द्र चंद्राकर, हरीशचंद्र आदि उपस्थित थे। आयुक्त ने पार्षदों को जानकारी दी कि जल्द ही स्वच्छ सर्वेक्षण होगा। रिसाली को पहले पायदान पर लाने मिलजुल कर कार्य करना होगा। इसके लिए पार्षद सूत्रधार बने।

नियमित करें निरीक्षण स्कूलों का ताकि बच्चे बनें बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता में निपुण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 27 जुलाई। विकासखंड पाटन के प्राथमिक शालाओं में पदस्थ सभी 527 शिक्षकों का निपुण भारत मिशन के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता का प्रशिक्षण विकासखंड समन्वयक और विकासखंड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में संपन्न कराया गया है। कार्यक्रम की गुणवत्ता व प्रभाव को अवलोकन करने विभा फाउंडेशन व लैंग्वेज × लर्निंग फाउंडेशन के द्वारा 24 जुलाई को शासकीय प्राथमिक शाला खम्हरिया, मोतीपुर, कोपडीह धमधा विकासखंड प्राथमिक शाला चोरहा रामपुर का संयुक्त स्कूल विजिट कर कक्षा-कक्ष की गतिविधियों का अवलोकन किया गया। विकासखंड स्त्रोत समन्वयक खिलावन चोपडिया द्वारा विशेष रूप से मिशन की गंभीरता को सभी शिक्षक व संकुल समन्वयक के संज्ञान में लाते हुए शालाओं में संदर्शिका, अभ्यास पुस्तिका और पाठ्यपुस्तिका का उपलब्ध होना एवं उनका सही तरीके से उपयोग के महत्त्व को बताया गया। बैठक में अनिल सैनी, आरती नेहा, सना, मंजू, रामरतन मीणा, ब्लॉक समन्वयक कुलेश्वर साहू, वसुंधरा पांडे, मास्टर ट्रनेर्स मुकेश साहू, खिलेश वर्मा, मिताली चौधरी, रेणुका वर्मा, अनकेश्वर महिपाल, संजय खिलारी, रामलखन फेकर, रोशन देशमुख, अभिषेक वर्मा, सालिक राम ठाकुर उपस्थित रहे।

कृषि महाविद्यालय मर्रा में कारगिल विजय दिवस पर शहीदों का किया गया स्मरण

उतई, 27 जुलाई। कृषि महाविद्यालय मर्रा में आज कारगिल विजय दिवस एवं वृक्षारोपण का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत महाविद्यालय एन.एस.एस. इकाई के तत्वाधान में समस्त स्टॉफ एवं विद्यार्थियों के द्वारा कारगिल विजय के वीर शहीदों की शहादत को याद किया गया। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय, मर्रा के अधिष्ठाता डॉ.ओ.पी.परगनिहा ने सभा को सम्बोधन करते हुऐ बताया कि पूरा भारत कारगिल युद्ध के वीर सपूतों एवं सैनिकों के सम्मान स्वरुप आज के इस दिन 26 जुलाई को विजय दिवस के रूप में मनाता है। 26 जुलाई 1999 का वो दिन हर भारतीयों के लिए गर्व का दिन था, जब 25 साल पहले भारतीय वीर सपूतों ने पाकिस्तानी सैनिकों एवं घुसपैठियों को मार गिराते हुए ÷टाइगर हिल÷ कारगिल की उच्च चोंटी पर झंडा फहराया था। कारगिल विजय दिवस, जो प्रतिवर्ष आज के दिन मनाया जाता है वह 1999 में ऑपरेशन विजय की सफलता का स्मरण कराता है। इस दौरान अधिष्ठाता डॉ.ओ.पी. परगनिहा द्वारा बच्चों तथा सभा को पंच प्रण प्रतिज्ञा दिलाया गया। ऐक पेड़ माँ के नाम÷ मुहीम के तहत कृषि महाविद्यालय परिसर में किया गया वृहद पौध रोपण सरकार द्वारा संचालित एक पेड़ माँ के नाम मुहीम के तहत वृहद वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर डॉ. ऐ. कुरैशी, डॉ. ऐन.के. तुर्रे., डॉ. दीपिका देवदास, डॉ. रुथ ई. एक्का, डॉ.सुशीला, ई. के. के.ऐस. महिलांग,श्री प्रवीण कुमार साहू, श्री ऐल. के. महानन्द, डॉ. प्रशांत बिकेझर, डॉ.ओमवीर रघुवंशी, डॉ. झरना चतुर्वेदानी सहित संस्था के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

भिलाई क्षेत्र को ओडीएफ प्लस गार्बेज फ्री सिटी बनाने की मुहिम शुरू

भिलाई, 27 जुलाई। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत नगर निगम भिलाई को गार्बेज फ्री सिटी ओडीएफ प्लस बनाने अभियान शुरू किया गया है। स्वच्छता में भिलाई को टॉप 10 में लाने के लिए सभी वर्गों से सहयोग लिया जायेगा। जो कार्य नगर निगम भिलाई के साथ-साथ आम नागरिक, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारी वर्ग, महिला समूह, खिलाड़ी, स्कूल कालेज के छात्र-छात्राओं के बगैर संभव नहीं होगा। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव निगम क्षेत्र के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किये हैं, जो जाकर कार्यों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। जोन 1 नेहरू नगर में उपअभियंता श्वेता महेश्वर, जोन 2 वैशालीनगर में उपअभियंता कृष्ण कुमार जंघेल, जोन 3 मदर टेरेसा नगर में उपअभियंता शंकर सुमन मरकाम, जोन 4 शिवाजी नगर खुर्सीपार में उपअभियंता चंदन निर्मलकर, जोन 5 सेक्टर 6 में प्रभा लकड़ा को स्वच्छ भारत मिशन कार्य के लिए आदेशित किया गया है। नोडल अधिकारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी, सुपरवाईजर, कार्य करने वाली एजेंसी, राज सेवा से नियुक्त पीआईयू से समन्वय बनाकर कार्य करेगें।

शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन सीएम की धर्मपत्नी कौशल्या भी पहुंचीं

भिलाई, 27 जुलाई। जयंती स्टेडियम में पंडित प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण के दूसरे दिन भी इंद्रदेव की कृपा से बादल बरसते रहे। बरसात में शिव भक्तों की परीक्षा हुई, जिसमें हजारों-लाखों की संख्या में शिव भक्त परीक्षा पास करते हुए पंडित प्रदीप मिश्रा के श्रीमुख से कथा सुनने पहुंचे। दूसरे दिन भी दूर-दूर से भक्त शिव महापुराण श्रवण करने पहुंचे। भक्तों में गजब का उत्साह देखने को मिला। अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने दूसरे दिन 26 जुलाई शुक्रवार को त्रेता युग में देवकुल नगर के राजा वीरमणि और उनके पुत्र रुक्मांगद की शिव भक्ति और भगवान राम से युद्ध की कथा सुनाई। इस दौरान कथा वाचक पं. मिश्रा ने कहा कि इंसान को अपने भीतर नम्रता लाना जरूरी है और कहा कि व्रत के दिन मुंह से नही निकलना चाहिए अपषब्द, पिता पति और परमात्मा के बर्तन खुद धोना चाहिए। महाराज ने उन्होंने कथा के अंत में अगली कथा की जानकारी देते हुए बताया कि, 2 अगस्त से 8 अगस्त तक मुंगेली जिले के लोरमी में गायत्री मंदिर के पीछे दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक शिव महापुराण की कथा होगी। वहीं से सावन की शिवरात्रि 2 अगस्त के दिन शाम 7 बजे से लाइव पूजा होगी।

आपत्तिजनक फोटो वायरल,युवक गिरफ्तार

भिलाई, 27 जुलाई। भिलाई उतई थाना क्षेत्र की एक युवती का परिचय सोशल मीडिया साइट इंस्टाग्राम पर रायपुर जिले के गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र ग्राम कुर्रा निवासी युवक से हुआ यह पांच महीने पहले की बात है। परिचय के बाद दोनों एक दूसरे को अपना फोटो शेयर करते थे युवक और उसके परिवार वालों ने युवती के परिजनों से संपर्क कर शादी का प्रस्ताव रखा युवती के घर वालों ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया और युवती ने भी युवक से बातचीत बंद कर दिया। इस बात से खफा युवक ने अपने साथ युवती की तस्वीर को आपत्तिजनक ढंग से जोड़कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया इस मामले में शिकायत के बाद उतई पुलिस ने आरोपी युवक हीमलाल तारक पिता शिवकुमार तारक (20 साल) निवासी ग्राम कुर्रा (राजिम) थाना गोबरा नवापारा जिला रायपुर को गिरफ्तार कर लिया है पुलिस को पता चला था कि आरोपी हीमलाल उतई थाना क्षेत्र के डुमरडीह में देखा गया है। इसके बाद घेराबंदी कर पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। आरोपी के कब्जे से ओप्पो कंपनी मॉडल ए-59, 5 जी मोबाइल जब्त किया गया है। आरोपी के खिलाफ पहले धारा 506 व 509 ख के तहत अपराध कायम किया गया था चूंकि आरोपी द्वारा अपने मोबाइल फोन के माध्यम से अश्लील सामग्री वायरल किया गया है, इसलिए प्रकरण में धारा 67 व 67 क सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 जोड़ी गई आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया उतई टीआई विपीन रंगारी ने बताया कि मुताबिक 4 जुलाई 2024 को प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि करीबन 05 माह पूर्व आरोपी से उसका परिचय इंस्टाग्राम के माध्यम से हुआ इसके बाद वे एक दूसरे को अपना फोटो शेयर करते थे इसी बीच आरोपी के परिवार वाले प्रार्थिया के घर आकर शादी के लिए दबाव बनाने लगे। जिसे प्रार्थिया के परिवार वालों ने मना कर दिया और प्रार्थिया भी आरोपी हीमलाल से बातचीत करना बंद दिया। इस बात से खफा आरोपी हीमलाल द्वारा 11 जून 2024 के शाम 5.58 बजे प्रार्थिया की फोटो के साथ अपना आपत्तिजनक फोटो जोड़कर इंस्टाग्राम के माध्यम से प्रार्थिया के चाचा एवं पिता को भेजकर वायरल कर दिया। जिससे प्रार्थिया व परिवार वालों के मान सम्मान को ठेस पहुंचा और उन्होंने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई

भिलाई-चरौदा में जनसमस्या निवारण शिविर पखवाड़ा प्रारंभ

भिलाई-चरौदा। भिलाई-चरौदा निगम द्वारा जनसमस्या निवारण शिविर पखवाड़ा 27 जुलाई से प्रारंभ हो गया है और 8 अगस्त तक कुल 10 शिविर आयोजित किये जायेगें। जिसमें नागरिकों की मांग एवं शिकायत से संबंधित आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। इस संबंध में निगम कमिश्नर एम भार्गव प्रशिशु आईएएस आंधकृतिक भाग बाजार चौक देवबलोदा में 05 अगस्त को सातवां शिविर वार्ड क्रमांक-23 राशन दुकान के शेड दादर रोड चरौदा में आयोजित किया जायेगा। सांस्कृतिक मंच बाजार चौक सिरसा कला वार्ड क्रमांक-36 में आठवां शिविर 06 अगस्त को, नौवा शिविर 07 अगस्त को वार्ड क्रमांक-28 गणेश मंच जोन-02 चरौदा रेलवे इंस्टीट्यूट के पास तथा अंतिम दसवां जन समस्या निवारण शिविर वार्ड क्रमांक-39 मोरिद के कर्मा भवन बाजार चौक में 08 अगस्त को आयोजित रहेगा।

नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में पूर्व विधायकों ने सीएम विष्णुदेव साय से मुलाकात की

कवर्धा, 27 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत जी के नेतृत्व में कांग्रेस के पूर्व विधायक गण मुख्यमंत्री माननीय विष्णु देव साय जी से मिले और मांग की गई पूर्व विधायकों को अभी तक पीएसओ नही मिला और सुरक्षा के मद्देनजर पीएसओ पूर्व विधायकों को दी जय क्योंकि पूर्व विधायकों को पीएसओ नही मिलना चिंतनीय विषय है । पूर्व विधायक के के ध्रुव , पूर्व विधायक ममता चंद्राकर , पूर्व विधायक अनीता शर्मा , पूर्व विधायक गुलाब कमरो पूर्व विधायक मोहित करकट्टा सहित कई पूर्व विधायकों को भी अभी तक पीएसओ नही मिला जो की चिंतनीय विषय है ।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने शानदार बजट पेश किया है :अशोक साहू

कवर्धा, 27 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कवर्धा के पूर्व विधायक और जिलाध्यक्ष अशोक साहू ने वित्तमंत्री निर्मला सीता रमण के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा की बजट में युवा , किसान , कर्मचारी , महिलाओं के हितों पर बजट में बहुत ध्यान रखा गया और वित्तमंत्री ने शानदार बजट पेश किया है । गांवो में सड़को का जाल बिछेगा और शहरी और गांवो में पीएम आवास बनेंगे और युवाओं को अच्छी कंपनी में रोजगार मिलेगा । विपक्ष को सिर्फ बुराई दिखती है जो की चिंतनीय है । भारत देश विकसित भारत की ओर अग्रसर हो रहा है और बजट से युवा , किसान , महिलाएं , गरीब परिवार , मध्यमवर्गीय परिवार सभी खुश है ।

बजट दिशाहीन और निराशाजनक : ममता चंद्राकर

कवर्धा, 27 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पंडरिया की पूर्व विधायक ममता चंद्राकर ने वित्तमंत्री निर्मला सीता रमण के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा की बजट दिशाहीन और निराशाजनक है । युवा , किसान , कर्मचारी , महिलाओं के हितों पर बजट में कुछ भी ध्यान नहीं रखा गया और बहुत खराब बजट पेश हुआ है । टैक्स में कोई रियायत भी नही दी गई और महंगाई और रोजगार , शिक्षा , स्वास्थ्य पर भी ध्यान नहीं दिया गया ।

पंच प्रण शपथ ले 25वीं कारगिल विजय दिवस मनाया

भिलाई, 27 जुलाई। कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार में कारगिल विजय की 25वीं वर्षगांठ का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 आर0पी0 अग्रवाल व अध्यक्ष उप प्राचार्य डॉ0 पी0 एस0 शर्मा व विशिष्ट अतिथि डॉ0 गुणवंत चंद्रौल, विभागाध्यक्ष डॉ0 शिप्रा सिन्हा ने पंच विजय दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपप्राचार्य डॉ0 पी0 एस0 शर्मा ने अपने उद्बोधन में कारगिल युद्ध की कठिनाइयों को बताते हुए भारत पाकिस्तान युद्ध (1964-65) के एक वीर योद्धा परमवीर चक्र से सम्मानित शहीद अब्दुल हमीद इरदिश की माँ सकीना बेगम का जिक्र किया। कैडेट पुष्पेंद्र ने कारगिल युद्ध का कारण बताया। पूर्व कैडेट सिंगराज गुप्ता ने शहीद वीर योद्धाओं का विस्तृत उल्लेख किया, कैडेट सोमदत्त ने युद्ध की विषम परिस्थितियों का उल्लेख किया व कैडेट विक्रम सरकार ने देशभक्ति गीत सुनाया। मुख्य अतिथि डॉ0 आर0 पी0 अग्रवाल ने उपस्थित कैडेटों व छात्र छात्राओं को पंच प्रण शपथ दिलाया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी ले0 डॉ0 हरीश कुमार कश्यप ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जेयूओ भावेश, सार्जेंट उमेश, विक्रम, उदित राज, कैडेट हरीश मोटघरे, हंसराज, विकास शुक्ला ने सक्रिय योगदान दिया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष सलीम अकील, डॉ0 एन0 पषाराव, पंकज जैन, डा0 रंजना शर्मा, डॉ 0 कल्पना, डा0 निशा , अमित, योगेश, जितेन्द्र, पूजा, अखिला, श्वेता सिंह सहित दो सौ से अधिक छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

एमेच्योर बॉक्सिंग एसो. के अध्यक्ष राजेन्द्रन पेरिस ओलंपिक में भाग लेने हुए रवाना

भिलाई, 27 जुलाई। इंटरनेशनल ओलम्पिक कमेटी द्वारा 33वीं ओलम्पिक खेल का आयोजन पेरिस (फ्रांस) में दिनांक 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित किया जा रहा है। पेरिस ओलम्पिक खेल 2024 में भारत के 16 खेलों एथलेटिक्स, तिरंदाजी, बैडमिन्टन, बॉक्सिंग, घुड़सवारी, गोल्फ, हॉकी, जूडो, रोविंग, सेलिंग, शूटिंग, तैराकी, टेबल टेनिस, टेनिस, भारोत्तोलन एवं कुश्ती के 117 खिलाड़ी भाग ले रहे है। पेरिस ओलम्पिक खेल में बॉक्सिंग खेल का आयोजन दिनांक 27 जुलाई से 04 अगस्त 2024 तक आयोजित किया जा रहा है। पेरिस ओलम्पिक खेल में छत्तीसगढ़ प्रदेश एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष आर. राजेन्द्र को बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। आर. राजेन्द्रन 25 जुलाई को रायपुर से दिल्ली होते हुये पेरिस के लिये रवाना हुये। आर. राजेन्द्रन बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के सहसचिव भी है। आर. राजेन्द्रन बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के इंटरनेशनल टेक्निकल ऑफिशल्स (आईटीओ) क्वालीफाइड 2023, रिंग ऑफिसियल कमीशन (आरओसी) के डेपुटी चेयरमेन तथा टेक्निकल एवं रुल्स कमिशन के सचिव भी हैं।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने पुरुषार्थ से दोनों चुनावों में जीत दिलाई:विजय शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा,27 जुलाई। भाजपा शहर मंडल कार्यसमिति का वृहत बैठक स्थानीय हॉटल नारायणी के सभागार में सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम की शुरुआत वन्दे मातरम गान से शुरू किया गया अतिथियों ने भारत माता के तैलय चित्र पर माल्यार्पण कर ,दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । भाजपा कवर्धा शहर मंडल के कार्य समिति बैठक में क्रमशः राष्ट्रपति जी का भाषण, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश एवं प्रदेश कार्यसमिति के प्रस्ताव का वाचन किया गया । कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने टेलीफोन के माध्यम से संबोधित किया । इस अवसर उन्होंने कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते हुए कहा बहुत विपरीत परिस्थितियों में भी कवर्धा शहर मंडल के कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त विपक्ष की भूमिका निभाई व जनता के बीच जाकर कार्य किया परिणाम स्वरूप विधानसभा चुनाव व लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी को जबरदस्त जीत मिली । उन्होंने कहा भाजपा के एक एक कार्यकर्ता अभिवादन के हकदार है जिन्होंने अपने पुरुषार्थ से पार्टी को सफलता दिलायी जिसके परिणाम स्वरूप छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में शुशासन वाली सरकार बन सकी वही । देश मे तीसरी बार शानदार ऐतिहासिक जीत हासिल कर नरेंद्र मोदी जी देश मे तीसरी बार प्रधानमंत्री बने । उन्होंने कहा भाजपा का एक एक कार्यकर्ता आम लोगो के समस्या के समाधान करने के लिए हमेशा कार्यरत रहते है आने वाले नगरी निकाय चुनाव में फिर भाजपा का झंडा लहराना है । जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू ने बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा हमारे मार्गदर्शक पार्टी के संस्थापक सदस्यों ने राष्ट्र प्रथम व राष्ट्रवाद का भावना लेकर पार्टी की स्थापना की है और भारतीय जनता पार्टी का एक एक कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम के भाव से कार्य करता है । आप सबके अथक प्रयाश से छत्तीसगढ़ में चल रहे भय और आतंक का अंत हुआ । कवर्धा में मो अकबर के आतंक का अंत हुआ । जिसमें कवर्धा शहर ने जोरदार तरीके से अपनी भूमिका निभाई उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद दिया । मंडल कार्यसमिति के बैठक में प्रमुख रुप से उपस्थित , पूर्व विधायक डॉ सियाराम साहू, पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट,ने अपने उदबोधन में कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया व पिछले चुनाव में शहर मंडल को मिली बड़ी जीत के लिए कार्यकर्ताओं बधाई दी । भाजपा शहर मंडल कार्यसमिति बैठक में प्रमुख रूप से शहर मण्डल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी,जिला भाजपा उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल, श्रीमती देव कुमारी चंद्रवंशी , जिला बीजेपी उपाध्यक्ष सविंदर बग्गा, नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक,पूर्व नपा उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी,श्रीमती मधु तिवारी, सतविंदर पाहुजा,सुनील दोषी,पन्ना लाल चंद्रवंशी, राजा टाटिया, रिंकेश वैष्णव, श्रीकान्त उपाध्यक्ष, आनंद मिश्रा,दुर्गेश अवस्थी, अनिल साहू, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

निधन

डॉक्टर जयश्री गोपीनाथ

भिलाई, 27 जुलाई। अंचल के सुप्रसिद्ध डॉक्टर के. गोपीनाथ की धर्मपत्नी श्रीमती डॉक्टर जयश्री गोपीनाथ का आकस्मिक निधन 27 जुलाई को सुबह 9.15 बजे हो गया है। जिनकी शवयात्रा 28 जुलाई को उनके निवास स्थान प्रियदर्शिनी परिसर 9/9 से दोपहर 2 बजे निकलेगी।

सरकार गांव, गरीब, किसानों की हितचिंतक:मुख्यमंत्री

रायपुर, 27 जुलाई। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने पर छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को पूरा करने का काम कर रहे हैं। जम्मू कश्मीर से धारा 370 को हमारे प्रधानमंत्री ने शांतिपूर्वक तरीके से हटा दिया। उन्होंने भारत को आर्थिक रूप से दुनिया की पांचवी सबसे बड़ा ताकत के रूप में खड़ा किया है और 2047 तक इस देश को विकसित भारत के रूप में खड़ा करने का उन्होंने संकल्प लिया है।

विधानसभा में यह प्रस्ताव संसदीय कार्य मंत्री श्री केदार कश्यप ने प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर अत्यधिक उंचाईयां प्राप्त की हैं, उनके नेतृत्व में हमारा देश विकसित देशों की श्रेणी में अपना स्थान बना पाएगा। उन्हीं के नेतृत्व में हमारा छत्तीसगढ़ राज्य भी उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर होगा।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में श्री मोदी जी के साथ प्रथम कार्यकाल में राज्य मंत्री के रूप में मुझे काम करने का अवसर मिला। मैं साक्षी हूं जिस दिन श्री मोदी ने पार्लियामेंट में प्रवेश किया उस दिन झुक कर इस देश की सबसे बड़ी पंचायत (संसद) को प्रणाम करके संसद में प्रवेश किया था और पहले ही दिन के अपने भाषण में उन्होंने कहा था कि गरीबों का हित चिंतक बने रहेंगे और उन्हें गरीबी रेखा से उपर उठाने सतत प्रयास करेंगे। सरकार गरीबों के लिए समर्पित रहेगी, मेरी यह सरकार गरीबों के लिए काम करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 अगस्त 2014 को जब श्री नरेंद्र मोदी ने लालकिले की प्राचीर से स्वच्छ भारत मिशन की घोषणा की, तो कुछ लोग उपहास करते थे। यह सफाई और शौचालय निर्माण का काम क्या कोई प्रधानमंत्री सोच सकता है। आज हम सब लोगों को इस बात का पता चल रहा है कि यह योजना कितनी महत्वपूर्ण है। उनके स्वच्छ भारत मिशन की घोषणा के बाद आज हम लोग साफसफाई का महत्व समझे। हमारे प्रधानमंत्री ने करोड़ों परिवारों के घरों में शौचालय का निर्माण कराया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज मुझे बताते हुए गौरव होता है जब 2014 में श्री नरेन्द्र मोदी पहली बार प्रधानमंत्री बने तब आजादी के 65 वर्षों के बाद भी इस देश के 14 हजार से ज्यादा जिन गांवों में बिजली नहीं पहुंची थी, उन घरों में बिजली पहुंचायी गई। 45 करोड़ से ज्यादा गरीबों का जनधन का खाता खोलने का काम पहली बार श्री मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारे देश के एक पूर्व प्रधानमंत्री ने स्वीकारा था कि हम दिल्ली से 100 रूपए भेजते हैं तो गांव तक 15 रूपए पहुंचता है, किन्तु आज प्रधानमंत्री श्री मोदी की योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों के खाते में डीबीटी से सीधे राशि पहुंचाई जा रही है। उन्हें सफल प्रधानमंत्री के रूप में गांव, गरीब, किसान का आशीर्वाद मिल रहा है, जिससे देश और राज्य निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

एक नजर

दिव्यांगों के रेलवे कन्सेशन के लिए यूनिक कार्ड शिविर का आयोजन 29 व 30 को

राजनांदगांव 27 जुलाई। दिव्यांगजनों को रेलवे यूनिक आईडी कार्ड शिविर सांसद संतोष पांडे की पहल पर 29/30जुलाई को राजनांदगांव स्टेशन फ्लैट फार्म नंबर एक 29के प्रातः दस बजे से प्रारंभ होगा। संस्कार श्रद्धांजलि के अध्यक्ष सतीश भट्टड़ ने बताया की यह शिविर काफी लंबे अंतराल से न होने से उन्होंने व रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति के शशांक तिवारी ने सांसद संतोष पांडे जी का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया। जिसके फलस्वरूप वह शिविर आयोजित होने जा रहा है। श्री भट्टड़ ने जिले के अधिक से अधिक दिव्यांग भाई बहनों को रेल यात्रा में मिलने वाली छूट का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए सभी महत्वपूर्ण फॉर्मेल्टी जन्मप्रणाम पत्र आधार कार्ड मार्क लिस्ट जन्म तारीख अंकित वाली मेडिकल सर्टिफिकेट लेटेस्ट वाला दिव्यांग सर्टिफिकेट सहित सभी महत्वपूर्ण पेपर साथ लाने का अनुरोध किया है।

गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस में अंग्रेजी शराब की 28 बोतल पकड़ाई

डोंगरगढ़ 27 जुलाई। रेलवे सुरक्षा बल डोंगरगढ़ को चेकिंग के दौरान गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस ट्रेन गाड़ी संख्या 15232 में 28 बोतल अंग्रेजी शराब की तस्करी करते तीन आरोपियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है। रेलवे सुरक्षा बल से प्राप्त जानकारी में बताया गया कि दीप चंद्र आर्य मंडल सुरक्षा आयुक्त /रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के मार्गदर्शन में मादक पदार्थों की होने वाली तस्करी के रोकथाम के लिए प्रभारी रेसुब पोस्ट डोंगरगढ के निर्देशन पर 25 जुलाई 2024 को गाड़ी सं 15232 (गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस) में डयूटी में तैनात बल सदस्यों के साथ गाड़ी में संयुक्त रूप से गश्त एवं चेंकिग अभियान के दौरान बोरतलाव से डोंगरगढ़ के बीच कोच संख्या-1,-2× ,-1 में कार्यरत कोच के अटेन्डट के लिनेन बॉक्स एवं सामान रखने के गेज (कपाट) को चेक करने पर उक्त कोच के लिनेन बॉक्स से अलग - अलग 03 पिट्ठू बैग पाये गये। जिन्हें चेक करने पर अंग्रेजी शराब की कुल 28 बोतलें बरामद हुई। जिसमे ऑफिसर चॉइस 25 बोतल, बकार्डी 01बोतल, अमेरिकन प्राइड की 02 बोतल सील बंद अनुमानित कीमत लगभग 14210 /- रुपये बरामद की है। जिन्हें अग्रिम कानूनी कार्यवाही हेतु सुपुर्द करने की सूचना पर रेसुब पोस्ट डोंगरगढ़ के कार्यरत अधिकारी एवं बल सदस्यों द्वारा ट्रेन के डोंगरगढ़ स्टेशन आने पर तीनों आरोपी जिसमें दो अटेंडेट व एक सफाईकर्मी सुपरवाईजर को उतार कर रेसुब पोस्ट डोंगरगढ़ लाकर रेल गाडी में शराब की बोतल ले जाने के संबंध मे पूछताछ करने पर तीनों अनुबंध कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि 02 अटेंडेट है जो मंजीरा बीआईपीएस प्राइम साल्यूशन प्रा. लिमिटेड एवं 01- ह्ब्बास स्टाफ सुपरवाइज़र, एप्कान इंडिया कंपनी के अधीन अनुबंध पर कार्य करते है।

वार्डों में नगर पालिका लगाएगी जन समस्या निवारण शिविर

डोंगरगढ 27 जुलाई। शहर के वार्डों में नगर पालिका द्वारा जन समस्या निवारण पखवाडा शिविर का आयोजन किया जायेगा। जानकारी के अनुसार शिविर का प्रथम चरण दिनांक 27/07/2024 से 10/08/2024) (समय प्रातः 10-00 से दोपहर 03-00 तक) किया गया है जिसमे इंदिरा वार्ड कं. 02 लोधी भवन खैरागढ़ रोड़ डोंगरगढ़ में वार्ड कमांक 01, 02, 03 में 27 तारीख को, 30/07/2024 को इंदिरा नगर आम्बेडकर सांस्कृतिक भवन में वार्ड न 04, 05, 06, 31/07/2024 को वार्ड न 07, 08 01/08/2024 को आदर्श नागसेन बौद्ध विहार कालकापारा में वार्ड न 09 एवं 10, का आदर्श नागसेन बौद्ध विहार कालकापारा डोंगरगढ़ में 02/08/2024 को नगरपालिका बालमंदिर, पटेल वार्ड कं. 17 में वार्ड 11, 12, दिनांक 05/08/2024 को नगरपालिका बालमंदिर, पटेल वार्ड कं. 17 डोंगरगढ़ 16, 17, इसी प्रकार 06/08/2024 को बुधवारीपारा आम्बेडकर वॉचनालय में वार्ड न 13, 14, 15, 07/08/2024 को कृषि उपज मण्डी डोंगरगढ़ में वार्ड न 18, 19 के लिए, 08/08/2024 को कृषि उपज मण्डी डोंगरगढ़ वार्ड न 20, 21, दिनाक 09/08/2024 को कृषि उपज मण्डी डोंगरगढ़ में वार्ड न 22, 23 व दिनांक 10/08/2024 को वार्ड ने 24 के लिए कृषि उपज मण्डी डोंगरगढ़ में शिविर का आयोजन रखा गया है।

नक्सल पीड़ित परिवारों की मांगों को पूरा कर रही विष्णुदेव सरकार

डोंगरगढ़ 27 जुलाई। नक्सल पीड़ित परिवारों की हक़ की लड़ाई लड़ने वाले धीरेन्द्र साहू ने बताया है कि प्रदेश के नक्सल पीड़ित परिवारो को पूनर्वास नीति का लाभ नहीं मिल रहा था इस संबंध में प्रदेश के पीड़ित परिवारों के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गृहमंत्री विजय शर्मा से मिलकर नक्सल हिंसा से पीड़ित परिवारों को नौकरी, आर्थिक सहयता राशि पूनर्वास नीति का लाभ दिलाने ज्ञापन सौपा गया था। मुख्यमंत्री जी ने पीड़ितों की मांग को लेकर हर संभव सहयता करने का विश्वास दिलाया था। मुख्यमंत्री जी की पहल पर सभी जिला मे पूनर्वास समिति का मीटिंग कर पीड़ित को लाभ दिलाने की दिशा मे काम कर रहे है. बीजापुर जिला मे 58 लोगो को नौकरी देने का निर्णय लिया इसे पहले दंतेवाड़ा, कोंडागांव मे पीड़ितों को नौकरी दी गई जो सहारनीय कदम है।धीरेन्द्र साहू ने कहा की पूनर्वास नीति का सम्पूर्ण लाभ प्रदेश के सभी पीड़ित परिवारों को शीघ्र दिया जाये।

पुलिस महानिरीक्षक ने रक्षित केन्द्र का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 27 जुलाई। पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगाँव रेंज राजनांदगाँव श्री दीपक कुमार झा द्वारा दिनांक 26.07.2024 को जिला राजनांदगाँव का वार्षिक निरीक्षण के दूसरे दिन रक्षित केन्द्र राजनांदगांव का किया गया निरीक्षण। जिसमें सर्वप्रथम पुलिस महानिरीक्षक महोदय द्वारा रक्षित केन्द्र में निरीक्षण के दौरान लाईन मोहर्रिर शाखा (रोजनामचा), एम0टी0 शाखा के वाहनों व टुल निरीक्षण एवं वाहनों के दस्तावेज, ड्राइवर डायरी चेक किया गया एवं आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिये। शस्त्रागार के सभी प्रकार के शस्त्रों को चेक किया गया आर्म्स शाखा के हथियारों को सुरक्षित रखने तथा साफ सफाई के निर्देश दिये, साथ ही कमी बेसी की जानकारी लिये, शास्त्रगर में रखें आधुनिक शास्त्रों के बारे में भी जानकारी दी गई। इसके पश्चात् स्टोर शाखा का निरीक्षण किये, जिसमें शासकीय रजिस्टर एवं वस्त्रों को चेंक किया सभी सामग्रियों के रख-रखाव, सही समय पर वितरण हेतु निर्देश दिये। बीडीएस शाखा के बम डीसपोजल उपकरण जिसमे विभिन्न प्रकार के अधुनीक उपकरण को चेक किया गया। उसके बाद पुलिस महानिरीक्षक महोदय द्वारा मंगल भवन कुरूक्षेत्र रक्षित केन्द्र राजनांदगाँव में दरबार लिया, दरबार में उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों से रूबरू हुए एवं उनकी समस्याओं के निराकरण करने हेतु कार्यवाही का आश्वासन दिये साथ ही दरबार में थाना/चौकी में पदस्थ अधिकारी/कर्मचारियों को थाना में आने वाले पीड़ितों की समस्याओं का उचित निराकरण एवं अच्छा व्यवहार करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। पुलिस महानिरीक्षक महोदय द्वारा सभी अधिकारियों कर्मचारियों को तीन नवीन कानून के बारे में जानकारी होना अति आवश्यक हैं बताया गया। उसके बाद पुलिस महानिरीक्षक महोदय द्वारा अनुकंपा नियुक्ति, लंबित पेंशन प्रकरणों, विभागीय भविष्य निधि, जिले में चल रहे निर्माण कार्यों, बजट की स्थिति, न्यायालय संबंधी प्रकरणों, निलंबित अधिकारी/कर्मचारियों तथा उनके अपील, अवकाश निराकरण आदि के संबंध में जानकारी ली तथा थाना/चौकी में पदस्थ कर्मचारियों से प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करने तथा अनावश्यक लंबित नहीं रखने के निर्देश दिये गये। राजपत्रित अधिकारयों को स्वयं डाइजेस्ट लेखन, विवेचना का पर्यवेक्षण एवं कानून व्यवस्था तथा व्हीआईपी सुरक्षा पर ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही थाना/चौकी प्रभारियों को सामाजिक बुराईयों जैसे जुआ-सट्टा, शराब, एवं अवैध रूप से संचालित गतिविधियों जैसे अवैध रेत, अवैध हॉटल, बार पर अंकुश लगाने एवं त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये। सड़क दुर्घटना के आकड़ो का विश्लेषण, सड़क दुर्घटना रोकथाम हेतु प्रयास एवं सडक दुर्घटना में कमी लाने हेतु सभी थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया।

छोटे बच्चों को पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन, ऊर्जा, विटामिन युक्त पौष्टिक भोजन दें: कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 27 जुलाई। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल जिले में चले रहे पोट्ठ लईका पहल अभियान के अंतर्गत पालक चौपाल कार्यक्रम में छूर्रिया विकासखंड के ग्राम लालुटोला एवं पिनकापार आंगनबाड़ी केन्द्र पहुंचे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जिले में कुपोषण मुक्ति के लिए पोट्ठ लईका पहल विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कम वजन वाले बच्चों के वजन में वृद्धि कर सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए शिशुवती माताओं एवं गर्भवती महिलाओं को जागरूक किया जा रहा हैं। बच्चों के वजन में वृद्धि करने और सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए पोट्ठ लईका पहल अभियान अंतर्गत पालक चौपाल का प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पालक चौपाल में कुपोषित बच्चों के पालकों को स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूक किया। कलेक्टर ने पालक चौपाल में गर्भवती श्रीमती खिलेश्वरी कंवर की गोदभराई की और श्रीमती नगमा की बालिका होमाया का अन्नप्राशन किया। इस अवसर पर उन्होंने सुपोषित बच्चों की माताओं को श्रीफल देकर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्र एवं स्कूल नियमित भेजने के लिए कहा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पोट्ठ लईका पहल अंतर्गत पालक चौपाल में बच्चों के पालकों को बहुत ही सरल तरीके से अपने बच्चे को अच्छे खान-पान से बच्चों का वजन बढ़ाने के संबंध में जानकारी दी। इसके साथ ही स्वच्छता रखने के तरीके भी बताए। उन्होंने बच्चों के साथ-साथ शिशुवती माताओं, गर्भवती महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को भी पौष्टिक भोजन और स्वच्छता रखने के तरीके बताएं। उन्होंने कहा कि कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए उचित खान-पान की जरूरत होती है। बच्चों को प्रोटीन, विटामिन, आयरन से भरपूर खाद्यान्न सामग्री सेवन कराना चाहिए। उन्होंने बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए पालकों को तरीके बताए। उन्होंने पालकों से कहा कि हमारे आसपास बहुत सारी खाद्य सामग्री होती है, जो बहुत पौष्टिक और प्रोटीन युक्त होता है, जिसका सेवन अवश्य करना चाहिए। बच्चों को हरी सब्जी, दाल, भाजी, पपीता, केला जैसी खाद्य वस्तुओं को अच्छी मात्रा में खिलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों में खाने के लिए आदत डालना है। उन्होंने बच्चों के साथ गर्भवती महिलाओं एवं शिशुवती माताओं को पौष्टिक आहार सेवन करने की सलाह दी, जिससे उनका स्वास्थ्य अच्छा रहे।

रजा नगर में मनाया जाएगा हजरत बाबा ताजुद्दीन औलिया का उर्स

डोंगरगढ़ 27 जुलाई। हर साल की तरह इस साल भी हजरत बाबा ताजुद्दीन औलिया यादगार उर्स मुबारक सूफी ख्वाजा शैख़ फौजी रियाजुद्दीन नूरे कुतबे आलम वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा रजा नगर में मनाया जाएगा । जिसमे ट्रस्ट द्वारा विभिन्न प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। इजतेमाई खतना का प्रोग्राम दिनांक 13अगस्त 2024 को सुबह 9 बजे से होगा। दिनांक 2 अगस्त 2024 से 3 अगस्त 2024 बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई हैं, जिसमे 4 साल से 14 साल के बच्चे प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकेंगे जिसमे सुबह 11 बजे से बच्चो के कुरान सुनाओ नमाज पढ़ो काम्पीटिशन आयोजित किया जाएगा । अलग अलग कैटेगिरी में बच्चो का प्रतियोगिता आयोजित होगी। तिलावत मय तर्जुमा, सुरएफातेहा सुरय अलमतरा,सुरए अलमतरा नास, आयतल कुरसी तिलावत तरजुमा, कैटेगिरी 2 में नमाजे जनाजा पढाने की प्रतियोगिता व अगली कैटेगरी में सुरए यासीन सुरए रहमान,सुरए मुजम्मिल प्रतियोगिता। इसी तरह अन्य कैटेगिरी में बच्चों को नमाज बा आवाज पढ़ कर सुनाएंगे ,बच्चो में वजु व गुस्ल पर नीयत जैसे प्रतियोगीता में बच्चे प्रतिभागि बन सकेंगे मुस्लिम महिलाओं के लिए भी मिलाद,चूड़ी मेहंदी और लंगर जैसे कार्यक्रम शामिल है। ट्रस्ट द्वारा आयोजन में नियम शर्ते भी तय की गई हैं बच्चो को प्रतिभागी बनने के लिए स्वयं का आधार कार्ड एवम अपने वालिद के साथ उपस्थिति की अनिवार्यता हैं। जजेश और अध्यक्ष का अंतिम फैसला सर्वमान्य होगा। सभी पात्र मुस्लिम बच्चे हिस्सा ले सकेंगे ।

लेड़ीजोब में हैंडपंप का गंदा पानी पीने से 60 ग्रामीण बीमार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

मोहला 27 जुलाई। अम्बागढ़ चौकी विकासखण्ड के ग्राम लेड़ीजोब में गंदा पानी पीने से लगभग 60 ग्रामीण बीमार पड़ गए हैं।जिनको उल्टी-दस्त हो रहा बता दे कि इन मरीजों में बच्चे बूढ़े से लेकर महिलाएं शामिल है।जिनको कौड़ीकसा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र,अम्बागढ़ चौकी और दल्लीराजहरा में भर्ती करवाकर इलाज करवाया जा रहा है ज्ञात हो की लड़ीजोब ग्राम पंचायत करमतरा का आश्रित ग्राम में जो महज ब्लॉक मुख्यालय से पन्द्रह किलोमीटर की दूरी पर बसा हुआ है जिस गाँव के एक ही मोहल्ले के लोग गन्दा पानी पीने से डायरिया का शिकार हो गए है।ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि जिस बोरिंग के पानी का उपयोग ग्रामीणों ने किया है उतने घरों में उल्टी-दस्त शिकायत पाया गया है जिनका इलाज अस्पताल में चली है।

बताया गया कि उल्टी-दस्त की शिकायत चार दिन से है लेकिन स्वास्थ्य विभाग के ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ता एक दिन बाद गाँव पहुंचे वो भी शाम होते ही वापस अपने मुख्यालय चले गए। गांव में सिर्फ महिला कार्यकर्ता एनगवदे व गांव की मितानिन ओआरएस मेट्रोजिल का कीट लिए बैठे थे।साथ ही गंभीर लोगों को सही इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा जा रहा था । लेड़ीजोब में डायरिया की शिकायत होने की जानकारी मिली है। स्वास्थ्य कार्यकर्ता को गांव में भेज दिया गया है। गांव में स्थापित जल स्रोतों में आवश्यक दवाई डाला जा रहा है। साथी ग्रामीणों को स्वच्छता पर ध्यान और पानी को उबालकर पीने की सलाह दी जा रही है।

आवासहीन व्यक्ति कर रहा पक्के मकान में निवास

'आवास योजना से बदल रहा है शहरी जीवन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 27 जुलाई। राजनांदगांव निकाय क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत ''मोर जमीन मोर मकान के तहत् कुल 7135 आवास पूर्ण हो गये है और 1118 आवास विभिन्न अलग-अलग स्तर पर निर्माणाधीन है। आवास योजना के माध्यम से शहर के जरूरतमद एवं गरीब परिवारों के सर पर पक्की छत हो इस पर निरंतर नगर निगम राजनांदगांव का सार्थक प्रयास जारी है। आवास योजना का लाभ देने महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एवं निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के मार्गदर्शन में मोर जमीन मोर आवास योजना से जुड़े सभी वास्तुविद एवं इंजीनियरों के द्वारा नगर में अच्छे एवं सुंदर आवास निर्माण के लिये हितग्राहियों को सलाह दी जा रही है, सलाह अनुसार आवास का निर्माण किया जा रहा है। अच्छे और सुंदर सर्वसुविधा युक्त आवास का निर्माण करने वाले हितग्राहियों को समय समय पर शासन द्वार प्रोत्साहित भी किया जाता रहा है।

नगर निगम राजनांदगांव क्षेत्रांतर्गत आवास का सपना साकार करने वाले हितग्राहियों में राजनांदगांव निकाय क्षेत्र की एक संघर्षशील महिला श्रीमती प्रेमा सोनकर अपने दो बच्चे स्वयं और वेदिका के साथ आज वार्ड क्रमांक एक में रहती है पति से विवाह विच्छेद होने के बाद से प्रेमा एकाकी जीवन जीते हुए अपनी आजीविका चलाने के लिए नगर पालिक निगम में स्वच्छता दीदी के रूप में अपनी सेवाएं दे रही है। श्रीमती प्रेमा स्वच्छता दीदी के रूप में काम करते हुए थोड़े-थोड़े पैसे एकत्रित करके उन पैसों से एक छोटी सी जमीन खरीदी उसी जमीन पर प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर जमीन मोर मकान बी.एल.सी. के तहत अपने आशियाने को बनाया और सजाया भी ।

प्रेमा बताती है जब वह किराए के घर में रहती थी तो उसे सदा किराए के घर को खाली करने, समय पर किराया न देने पर मकान मालिक की धमकी का भय सदा बना रहता था । एक किस्सा साझा करते हुए प्रेमा बताती है जब मेरा एक पैर टूट गया था मैं 3 महीने तक बिस्तर पर थी उसी दौरान मकान मालिक ने जिस प्रकार मेरी गरीबी का मखौल उड़ाया था उस घटना को याद कर आज भी मेरी आंख में आशु ला देता है। उसी दिन मैंने सोचा था कि अब मैं किराए के घर में नहीं रहूंगी जो भी हो मैं अपना स्वयं का घर बनाऊंगी प्रेमा अपनी सोच को साकार करने के लिए कुछ वर्षों बाद जमीन खरीद कर अपने नाम से प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवेदन किया, आवास की स्वीकृति आने पर प्रेमा ने थोड़े बहुत पैसे कहीं से उधार लेकर उस राशि को अंशदान के रूप में आवास निर्माण के समय लगा कर आज एक सुन्दर सुविधायुक्त अच्छा आवास का निर्माण करवाया है। प्रधानमंत्री आवास योजना एक आवास योजना ही नहीं यह दिल की ख्वाहिश को पूरा करने की कुंजी है आज प्रेमा टाइल्स लगे सुंदर व्यवस्थित किचन वाले घर में रहते हुए अपने दोनों बच्चों के भविष्य को संवारने की बात कहती है, रोटी कपड़ा और मकान तीनों मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए शासन ने सहयोग किया है।

समाचार संक्षेप

जनसमस्या निवारण पखवाड़ा 10 अगस्त तक मनाया जाएगा

राजनांदगांव 26 जुलाई। नागरिकों की समस्याओं का निराकरण के लिये नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा नगरीय निकायों में 27 जुलाई से 10 अगस्त 2024 के मध्य जन समस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन करने निर्देशित किया गया है, निर्देशानुसार निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने निगम सीमाक्षेत्र के वार्डो में शिविर आयोजित करने अधिकारियों व कर्मचारियों दायित्व सौपा है। शिविर के नोडल अधिकारी उपायुक्त श्री मोबिन अली एवं सहायक नोडल अधिकारी उप अभियंता श्री दीपक महला रहेगे। शिविर के समय में संशोधित करते हुये सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक शिविर आयोजित किया जायेगा। जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के संबंध में आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि शासन द्वारा नागरिकों के समस्याओं का त्वरित निराकरण के लिये जन समस्या निवारण पखवाड़ा 27 जुलाई से 10 अगस्त तक आयोजन करने निर्देश दिये है, निर्देशानुसार निगम सीमाक्षेत्र के वार्डो में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। वार्डो के शिविर के लिये पूर्व में जारी कार्यक्रम में संशोधन कर कुछ वार्ड का स्थल परिवर्तित किया गया है, जिसमें 30 जुलाई मंगलवार को बापू प्राथमिक शाला स्टेशन पारा में वार्ड नं. 11,12,13, के लिये शिविर एवं 30 जुलाई को ही स्टेट हाई स्कूल में वार्ड नं. 14 व 15 के लिये शिविर आयोजित किये जायेगे। इसी प्रकार 5 अगस्त सोमवार को पुत्रीशाला के स्थान पर गांधी सभागृह में वार्ड नं. 23,24,25 व 38 के लिये शिविर आयोजित किये जायेगे तथा वार्ड नं. 37 का शिविर पुत्रीशाला के स्थान पर 9 अगस्त को इंदिरा नगर पानी टंकी में आयोजित किया गया है, शेष वार्डो के शिविर की तिथि एंव स्थान यथावत रहेगे। समय में भी परिवर्तन करते हुये सुबह 10 बजे से 3 बजे के स्थान पर सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे निर्धारित किया गया है। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि शिविर आयोजन के लिये अधिकारियों व कर्मचारियों का गठित दल सौपे गये दायित्वों का निर्वाहन करेंगे। शिविर में स्थानीय नागरिक समस्याएँ यथा- नल कलेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, समाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म-मृत्यु,विवाह प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञा, अनपत्ति प्रमाण पत्र, नामांतरण, स्वरोजगार के प्रकरण तथा कई विविध छोटे छोटे कार्य जिनका निराकरण किया जायेगा। साथ ही नल लीकेज, नलो मे पानी न आना, नालियों व गलियो की सफाई, कचरे की सफाई व परिवहन, सार्वजनिक नलों के प्लेटफार्म से पानी बहना, टूटी फूटी नालियों की मरम्मत, सडकों के गड्ढे पाटना, स्ट्रीट लाईट मरम्मत आदि समस्याओं का भी निराकरण किया जायेगा। शिविर में महापौर, अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष, पार्षदों, तथा जनप्रतिनिधियों की भी भागीदारी रहेगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि उपरोक्त तिथि को वार्डो में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्या का समाधान करावे।

टप्पा स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन कर नई शिक्षा नीति की जानकारी दी गई

डोंगरगांव 27 जुलाई। नई शिक्षा नीति के तहत शालाओं में चल रहे शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत आज द्वितीय दिवस को शासकीय प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक शाला टप्पा में एफ एल एन व स्मार्ट माता अंगना मां शिक्षा द्वारा बच्चों में आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता के विकास के लिए गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन संचालित गतिविधियों का आकस्मिक निरीक्षण विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगांव आर एल पात्रे, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुश्री रश्मि ठाकुर, संकुल समन्वयक यशवंत देवांगन द्वारा किया गया और छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं को मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

रेलवे अर्बन बैंक चुनाव में मजदूर कांग्रेस का दबदबा

डोंगरगढ़ 27 जुलाई। साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे नागपुर मंडल के अर्बन बैंक चुनाव में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज कराई है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा डोंगरगढ़ के अंतर्गत चुनाव में मजदूर कांग्रेस के शाखा सचिव अनिल पोद्दार की साख लगी हुई थी जिसमें अनिल पोद्दार ने भारी मतों से विजय प्राप्त किया। चुनाव में कुल मत 221 मेम्बर ने अपने मत का उपयोग किया जिसमें अनिल पोद्दार को कुल 114 मत श्रमिक यूनियन एवं ट्रैकमैन संगठन के संयुक्त उम्मीदवार एस वेंकट स्वामी को 91 कोलेश कुमार को 11 मत मिले इसी प्रकार रनिंग विभाग से मजदूर कांग्रेस के उम्मीदवार अमित डे को 134, श्रमिक यूनियन के दिलीप कुमार बौ को 76 रनिंग संगठन सचिव को 27 एस सी एस टी से हरिशंकर को 17 वोट प्राप्त हुए राजनांदगांव से मजदूर कांग्रेस के उम्मीदवार सपन नायक को 126 श्रमिक यूनियन एवं ट्रैकमैन संगठन के देव सिंह प्रीतम को 69 वोट मिले मत मिले इस प्रकार मजदूर कांग्रेस ने भारी मतों से विजय प्राप्त किया इस पूरे चुनाव में सभी की नजर डोंगरगढ़ अभियंत्रिक विभाग पर थी क्योंकि इस चुनाव क्षेत्र से मजदूर कांग्रेस शाखा डोंगरगढ़ के शाखा सचिव अनिल पोद्दार उम्मीदवार थे। जिसमें अनिल पोद्दार ने अपनी जीत दर्ज करा कर अपनी एवं यूनियन के साख को बचाई मजदूर कांग्रेस पिछले 11 वर्षों से बिलासपुर में एकमात्र मान्यता प्राप्त यूनियन है उसके बाद भी किसी भी प्रकार का विरोध नहीं नहीं देखा गया। मजदूर कांग्रेस की शाखा सचिव अनिल पोद्दार ने सर्वप्रथम अपने जोन के महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण का एवं मंडल संयोजक इंदल दमहै जी का धन्यवाद एवं बधाई दिया।

संपादकीय

अलगाववादियों के चुनाव लड़ने पर बैन लगे

देश में डान,माफिया,अलगाववादियों व आतंकवादियों के साथ ही उनका सहयोग करने वालों के भी चुनाव लड़ने पर रोक होना चाहिए। ये किसी भी लोकतंत्र के लिए खतरा होते हैं। इनकी आस्था न तो लोकतंत्र में होती है न संविधान में होती है। इसलिए इनके लिए लोकतंत्र में कोई स्थान नहीं होना चाहिए। उनको मानवाधिकार के नाम पर भी कोई छूट नहीं मिलनी चाहिए। ऐसे लोग देश के अपराधी होते हैं। समाज के अपराधी होते हैं। इसलिए इनको कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए ताकि इनको एहसास हो कि इन्होंने समाज विरोधी, देश विरोधी व संविधानविरोधी काम किया है, इसलिए वह उन लोगों के समान नहीं हो सकते जिनकी आस्था लोकतंत्र, संविधान में होती है, इसलिए उनके अधिकार उन लोगों के समान नहीं हो सकते जिनका विश्वास लोकतंत्र, संविधान में होता है। यह आम लोगों से अलग होते हैं, इसलिए इनके साथ आम लोगों की तरह व्यवहार किया जाना उचित नहीं है। हमारे देश में जेल में बंद लोगों को चुनाव लड़ने का अधिकार दिया गया है, इसलिए कोई भी आदमी जिसे किसी अपराध में दो साल की जेल की सजा हुई है, वह चुनाव नहीं लड़ सकता लेकिन जिसे सजा सुनाई नहीं हुई है, वह चुनाव लड़ सकता है लेकिन वोट नहीं डाल सकता। हो सकता है यह कानून राजनीतिक व्यक्ति के लिए ठीक हो कि उन्हें अभी दोषी नहीं ठहराया गया है, इसलिए वह चुनाव लड़ सकते हैं। लेकिन बदलते वक्त के साथ इस कानून में संशोधन की जरूरत है क्योंकि तब देश में कोई सोच नहीं पाता था कि चुनाव में जाने माने आतंकवादी, अलगाववादी,माफिया, डान आदि भी चुनाव लड़ सकते हैं और जीत सकते हैं। तब हो सकता है यह माना जाता हो कि यह लोग चुनाव लड़ेंगे तो जनता खुद ही इन्हें चुनाव में नहीं चुनेगी। लेकिन बदलते वक्त के साथ अब ऐसे उदाहरण सामने आए हैं कि जिन लोगों के चुनाव लड़ने की उम्मीद नहीं की जाती थी, वह भी चुनाव लड़ने लगे हैं, जिन लोगों को चुनाव जीतने की उम्मीद नहीं होती थी वह भी चुनाव जीत रहे हैं। इससे सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या अब कानून में संशोधन नहीं किया जाना चाहिए। पंजाब से घोषित अलगाववादी नेता अमृतपाल को सांसद चुना जाना ऐसी घटना है जो देश के लोगों को सोचने को मजबूर करती है कि क्या ऐसे लोगों के चुनाव लड़ने पर रोक नही होनी चाहिए। इसके चुने जाने के लिए कुछ लोग पंजाब के लोगों को भी दोष दे सकते हैं पर यह उनका दोष नहीं है। जनता तो उसी को चुनेगी जो उसके सामने हैं। उसके सामने ऐसा कोई प्रत्याशी ही नहीं होगा तो जनता उसे चुनेगी ही क्यों। हो सकता है कि जनता के सामने उसे चुने जाने के अलावा कोई विकल्प न हो। हो सकता है जनता ने डर के मारे उसे चुना हो। हो सकता है कि उसने जनता को समझा दिया है कि खालिस्तान की मांग कोई गलत बात नहीं है। किसी अपराधी, आतंकवादी, अलगाववादी, माफिया,डान के चुने जाने के कई कारण हो सकते हैं। जब वह चुन लिया जाता है तो फिर उसके समर्थन में लोग भी सामने आने लगते हैं जैसे कांग्रेस के पंजाब के पूर्व सीएम चन्नी आए हैं। वह तो अमृतपाल के लिए अविश्वसिनी की स्वतंत्रता का मांग संसद में कर रहे हैं यानी कांग्रेस फिर एक बार अपने एक सासंद के आचरण के कारण सवालों के घेरे में है। इसका विरोध कांग्रेस को तुरंत करना था लेकिन कांग्रेस सात घंटे बाद यह चन्नी का निजी बयान है कहकर पल्ला झाड़ लिया। सवाल उठना स्वाभाविक है कि कांग्रेसी सांसद चन्नी ने यह बयान संसद में दिया तो क्यों दिया। क्या चन्नी संसद में कांग्रेस की तरफ से पंजाब के अलगाववादियों को यह संदेश देना चाहते हैं कि कांग्रेस उनके साथ है ताकि पंजाब से अकालियों का सफाया किया जा सके। कांग्रेस की स्थिति को पंजाब में मजबूत किया जा सके। पंजाब में आप के नेता का खालिस्तान नेताओं के प्रति रुख नरम रहा है। हो सकता हो कांग्रेस यह मानती हो कि आप की पंजाब में जीत व मजबूत होने का एक कारण यह भी हो। वह भी इसी तरह खालिस्तानियों के प्रति नर्म रुख अपना कर पंजाब में राजनीतिक फायदा उठाना चाहती हो। कांग्रेस को अपने अतीत की गलतियों से सबक लेने की जरूरत है। माना जाता है कि उसी ने अपने राजनीतिक फायदे के लिए भिंडरावाले को पैदा किया था और वही एक दिन उसी के लिए बहुत बुरा साबित हुआ था। उसके कई नेताओं की हत्या आतंकवादियों ने की थी और इसका खामियाजा पंजाब की जनता को भी भुगतना पड़ा था।

स्मरण | ललित गर्ग

प्रभात झा पत्रकारिता एवं राष्ट्रवादी सोच के पुरोधा-पुरुष

पत्रकारिता के एक महान पुरोधा पुरुष, मजबूत कलम एवं निर्भीक वैचारिक क्रांति के सूत्रधार, उत्कृष्ट राष्ट्रवादी, भाजपा के नेता और भाजपा मुखपत्र कमल के मुख्य सम्पादक प्रभात झा अब हमारे बीच नहीं रहे। वे 67 वर्ष की उम्र में 26 जुलाई, 2024 को प्रातः 5 बजे गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में जिन्दगी एवं मौत के बीच जूझते हुए हार गये, आखिर मौत जीत गयी। एक संभावनाओं भरा हिन्दी पत्रकारिता, स्वच्छ राजनीति एवं राष्ट्रीय विचारों का सफर ठहर गया, उनका निधन न केवल पत्रकारिता के लिये, भारत की राष्ट्रवादी सोच के लिये बल्कि भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रवादी राजनीति पर एक गहरा आघात है, अपूरणीय क्षति है। प्रभात झा का जीवन सफर आदर्शों एवं मूल्यों की पत्रकारिता की ऊंची मीनार है। उनका निधन एक युग की समाप्ति है। प्रभात झा पत्रकार, लेखक स्तंभकार रहे हैं, वही उनका राजनीति जीवन भी प्रेरक रहा हैं। वे मध्य प्रदेश राज्य से राज्यसभा के सदस्य रह चुके हैं। वे 2010 से दिसंबर 2012 तक मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष रहे। यही वो दौर रहा जिसमें मध्यप्रदेश में भाजपा की जमीन गहरी हुई। वतर्मान में वे भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। झा का जन्म 4 जून 1957 को हरिहरपुर, दरभंगा जिला, बिहार में हुआ था। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा ग्वालियर, मध्य प्रदेश से की। यहां के पीजीवी कॉलेज से उन्होंने बीएससी, माधव कॉलेज से राजनीति शास्त्र में एमए और एमएलबी कॉलेज से एलएलबी की डिग्री ली। उनके करीबियों का कहना है कि वह शुरू से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा से खास जुड़ाव रखते थे। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत पत्रकारिता से की। स्वदेश अखबार में भी लंबे समय तक जुड़े रहे। झा की शादी रंजना झा से हुई है और उनके दो बेटे तुष्धुल और आयव हैं। मेरा सौभाग्य रहा कि मुझे प्रभात झा से मिलने के अनेक अवसर मिले, 85 नार्थ एवेन्यू में सुखी परिवार फाउण्डेशन के अस्थायी कार्यालय से सटा हुआ उनका आवास था। सुखी परिवार अभियान के प्रणेता आदिवासी संत गणि राजेन्द्रविजयजी के पास वे अक्सर आ जाते एवं उनसे लम्बी राष्ट्र-विकास एवं समाज-निर्माण की चर्चाएं होती रहती थी। राजधानी के केंसटीट्यूशनल क्लब में सुखी परिवार फाउंडेशन द्वारा आयोजित हृादिव्य भारत के निर्माता मोदीह्न विषयक डॉ. अविनाश काटे द्वारा कैनवास पर ऐक्रेलिक रंगा से हस्तनिर्मित 75 भावचित्रों की प्रदर्शन एवं पुस्तक का उद्घाटन उन्होंने किया। इस कार्यक्रम का संयोजन मुझे करने का मौका मिला। वे सुखी परिवार फाउण्डेशन के कार्यक्रमों से अत्यंत प्रभावित थे और इसको आगे बढ़ाने एवं आदिवासी कल्याण के लिये सुझाव देते रहते थे।

प्रभात झा जितने सफल जननायक थे उतने ही प्रखर लेखक थे। उन्हें निर्भीक विचारों, स्वतंत्र लेखनी और बेबाक राजनैतिक टिप्पणियों के लिये जाना जाता रहा है। उनको पढ़ने वाले लोगों की संख्या लाखों में है और अपने निर्भीक लेखन से वे काफी लोगों के चहेते थे। उन्होंने पत्रकारिता में उच्चतम मानक स्थापित किये। वे न केवल अपने वैचारिक आलेखों के जरिये राष्ट्र की ज्वलंत समस्याओं को सशक्त तरीके से प्रस्तुति देते रहे बल्कि गरीबों, अभावग्रस्तों, पीड़ितों और मजलूमों की आवाज बनते रहे। अपनी कलम के जरिये उन्होंने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी कलम जब भी चली उन्होंने लाखों लोगों की समस्याओं को सरकारों और प्रशासन के सामने रखा और भारतीय लोकतंत्र में लोगों की आस्था को और मजबूत बनाने में योगदान दिया। प्रभात झा को हम भारतीयता, पत्रकारिता एवं भारतीय राजनीति का अक्षयकोष कह सकते हैं, वे चित्रता में मित्रता के प्रतीक थे तो गहन मानवीय चेतना के चितेरे जुझारु, निडर, साहसिक एवं प्रखर व्यक्तित्व थे। वे एक ऐसे बहुआयामी व्यक्तित्व थे, जिन्हें पत्रकार जगत का एक

यशस्वी योद्धा माना जाता है। उन्होंने आमजन के बीच, हर जगह अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया। लाखों-लाखों की भीड़ में कोई-कोई प्रभात झा जैसा विलक्षण एवं प्रतिभाशाली व्यक्ति जीवन-विकास की प्रयोगशाला में विभिन्न प्रशिक्षणों-परीक्षणों से गुजर कर महानता का वरण करता है, विकास के उच्च शिखरों पर आरूढ़ होता है और अपनी मौलिक सोच, कर्मठता, कलम, जिजीविषा, पुरुषार्थ एवं राष्ट्र-भावना से समाज एवं राष्ट्र को अभिप्रेरित करता है। उन्होंने आदर्श एवं संतुलित समाज निर्माण के लिये कई नए अभिनव दृष्टिकोण, सामाजिक सोच और कई योजनाओं की शुरुआत की। देश और देशवासियों के लिये कुछ खास करने का जज्बा उनमें कूट-कूट कर भरा था। वे समाज के लिये पूरी तरह समर्पित थे। प्रभात झा एक ऐसे जीवन की दास्तान है जिन्होंने अपने जीवन को बिन्दु से सिन्धु बनाया है। उनके जीवन की दास्तान को पढ़ते हुए जीवन के बारे में एक नई सोच पैदा होती है। जीवन सभी जीते हैं पर सार्थक जीवन जीने की कला बहुत कम व्यक्ति जान पाते हैं। प्रभातजी के जीवन कथानक की प्रस्तुति को देखते हुए सुखद आश्चर्य होता है एवं प्रेरणा मिलती है कि किस तरह से दूषित राजनीतिक परिवेश एवं आधुनिक युग के संकुचित दृष्टिकोण वाले समाज में जमीन से जुड़कर आदर्श जीवन जिया जा सकता है, आदर्श स्थापित किया जा सकता है। और उन आदर्शों के माध्यम से देश की पत्रकारिता, राजनीति, पारिवारिक, सामाजिक, राष्ट्रीय और वैयक्तिक जीवन की अनेक सार्थक दिशाएँ उद्घाटित की जा सकती हैं। उन्होंने व्यापक संदर्भों में जीवन के सार्थक आयामों को प्रकट किया है, वे आदर्श जीवन का एक अनुकरणीय उदाहरण हैं, मूल्यों पर आधारित पत्रकारिता, समाजसेवा एवं राजनीति को समर्पित एक लोककर्मी का जीवनवृत्त है। उनके जीवन से कुछ नया करने, कुछ मौलिक सोचने, पत्रकारिता एवं राजनीति को मूल्य प्रेरित बनाने, सेवा का संसार रचने, सद्प्रवृत्तियों को जागृत करने की प्रेरणा मिलती रहेगी।

प्रभात झा वतर्मान भारतीय राजनीति के कद्दावर नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता सर्थ नीतियों से प्रभावित थे और भाजपा मुखपत्र ह्यकमलह्ण के माध्यम से सशक्त भारत, विकसित भारत की नीतियों को बल देने के लिये वैचारिक धरातल तैयार किया। वे एक राजनीतिज्ञ के रूप में सदा दूसरों से भिन्न रहे। घाल-मेल से दूर। भ्रष्ट राजनीति में बेदाग। विचारों में निडर। टूटते मूल्यों में अडिग। घेरे तोड़कर निकलती भीड़ में मर्यादित। उनके जीवन से जुड़ी विधायक धारणा और यथार्थपरक सोच ऐसे शक्तिशाली हथियार थे जिसका वार कभी खाली नहीं गया। वे जितने उच्च नैतिक-चारित्रिक राजनेता एवं पत्रकार थे, उससे अधिक मानवीय एवं सामाजिक थे। वे हमेशा बेपरवाह और निश्चिन्त दिखाई पड़ते थे, प्रायः लोगों से घिरे रहते थे और हंसते-हंसाते रहते थे। उनके जीवन के सारे सिद्धांत मानवीयता एवं राष्ट्रीयता की गहराई ये जुड़े थे और उस पर वे अटल भी रहते थे। किन्तु किसी भी प्रकार की रूढ़ि या पूर्वाग्रह उन्हें छू तक नहीं पाता। वे हर प्रकार से मुक्त स्वभाव के थे और यह मुक्त स्वरूप भीतर की मुक्ति का प्रकट रूप है। भारतीय राजनीति की बड़ी विडम्बना रही है कि आदर्श की बात सबकी जुबान पर है, पर मन में नहीं। उड़ने के लिए आकाश दिखाते हैं पर खड़े होने के लिए जमीन नहीं। दर्पण आज भी सच बोलता है पर सबने मुखौटे लगा रखे हैं। ऐसी निराशा, गिरावट व अनिश्चितता की स्थिति में प्रभातजी ने राष्ट्रीय चरित्र, उन्नत जीवन शैली और स्वस्थ राजनीति प्रणाली के लिए बराबर प्रयास किया। वे व्यक्ति नहीं, नेता नहीं, बल्कि विचार एवं मिशन थे। प्रभात झा को एक सुलझा हुआ और कद्दावर नेता, जनसेवक एवं पत्रकार माना जाता रहा है। उनका निधन एक आदर्श एवं बेबाक सोच की पत्रकारिता का अंत है। वे सिद्धांतों एवं आदर्शों पर जीने वाले व्यक्तियों की श्रृंखला के प्रतीक थे। प्रभातजी का व्यक्तित्व एवं कृतित्व सफल राजनेता, प्रखर पत्रकार, लेखक, कुशल प्रशासक के रूप में अनेक छवि, अनेक रंग, अनेक रूप में उभरकर सामने आता हैं। आपके जीवन की दिशाएं विविध एवं बहुआयामी थीं। आपके जीवन की धारा एक दिशा में प्रवाहित नहीं हुई, बल्कि जीवन की विविध दिशाओं का स्पर्श किया। यही कारण है कि कोई भी महत्त्वपूर्ण क्षेत्र आपके जीवन से अछूता रहा हो, संभव नहीं लगता। आपके जीवन की खिड़कियाँ समाज एवं राष्ट्र को नई दृष्टि देने के लिए सदैव खुली रही। उनकी सहजता और सरलता में गोता लगाने से ज्ञात होता है कि वे गहरे मानवीय सरोकार से ओतप्रोत एक अल्हड़ व्यक्तित्व थे। बेशक प्रभातजी अब इस दुनिया में नहीं हैं लेकिन अपने सफल लेखक-पत्रकार जीवन के दम पर वे हमेशा भारतीय पत्रकारिता एवं हिन्दी साहित्य के आसमान में एक सितारे की तरह टिमटिमाते रहेंगे।

आज का राशिफल

मेष राशिः आज आपका सोचा हुआ काम पूरे होगा। परिवार के लोगों से आपको सहयोग मिलेगा। आपको माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आज आप कोई नया काम शुरू करने की योजना बनाएंगे, आगे चलकर इससे आपको फायदा होगा। इस राशि के छात्रों के सफलता का स्तर अन्य लोगों की तुलना में ज्यादा रहेगा। अचानक किसी स्रोत से आपको धन लाभ होगा। आज अधिकारी वर्ग आपसे प्रसन्न रहेंगे। आज आप कोई अध्यात्मिक बुक पढ़कर अपना समय बितायेंगे।

वृष राशिः आज इनकम में बढ़ोतरी के लिए किसी की मदद मिल सकती है। आपको किस्मत का साथ मिलेगा। जीवनसाथी किसी काम के लिए आपकी तारीफ कर सकते हैं, इससे आपका मन खुश रहेगा। शाम को किसी दूर के रिश्तेदार से फोन पर बात हो सकती है। काम को लेकर आपकी कई योजनाएं आज समय से पूरी हो जायेंगी। आपको कोई बड़ी सफलता मिलने का योग बना हुआ है। आज घर के सदस्यों में आपसी सौहार्द बेहतर बनेगा। लवमेट एक दूसरे को गिफ्ट देने का वादा करेंगे।

मिथुन राशिः आज आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने में सफल होंगे। आपकी फिटनेस बनी रहेगी। आप जीवनसाथी की किसी काम में मदद करेंगे। जीवन में आगे बढ़ने के नए रास्ते अपने आप खुलते जाएंगे। कारोबारियों के लिए धन लाभ के योग बने हुए हैं। आपका कोई नया कार्य प्रारंभ करने का मन बनेगा। इस राशि के मार्केटिंग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है। महिलाओं के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, कार्यों में परिवार के लोगों का सहयोग मिलेगा।

कर्क राशिः आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आर्थिक उतार-चढ़ाव की स्थितियां देखने को मिलेगी। व्यापार की गति सामान्य बनी रहेगी। आज माता-पिता के साथ रिश्ते और बेहतर होंगे। विद्यार्थियों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आज किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने का मान बनाएंगे। लवमेट आज लंच करने किसी अच्छे रेस्टोरेंट में जाएंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे लोगों को आज किसी अनुभवी डॉक्टर से सलाह मिलेगी, जो आगे चलकर आपके लिए कारगर साबित होगी।

सिंह राशिः आज आपका दिन सामान्य रहेगा। घर में भाई-बहन की मदद से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। करियर में आपको सफलता मिलेगी। आज आपको अपने काम को टालने से बचना चाहिए। परिवार के सुख-सौभाग्य में बढ़ोतरी होगी। जीवनसाथी के साथ ज्यादा समय बिताने की कोशिश करेंगे। आज आपके सहकर्मी किसी कार्य को पूरा करने के लिए आपसे फोन पर राय लेंगे। आज आप कोई प्रॉपर्टी लेने का मन बनाएंगे।

कन्या राशिः आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आर्थिक लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। कोई मित्र आपसे सहयोग के लिए कह सकता है। परिवार में सभी सदस्यों के साथ आपसी सामंजस्य बना रहेगा। आप जिस किसी काम को करने का प्रयास करेंगे, उस काम में आपको अच्छी कामयाबी मिलेगी। दांपत्य जीवन में नयी-नयी खुशियां आयेगी। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

तुला राशिः आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। माता-पिता का स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। पुरानी बातों के झंझट में पड़ने से आज आपको बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं। प्रभावशाली लोगों से फोन पर बात होने की संभावना है। निवेश के मामले में आपको कोई नई सलाह मिलेगी। परिवारवालों के साथ मिलकर किये गए कामों में आपको बहुत हद तक सफलता मिलेगी।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपको मानसिक उलझनों से मुक्ति मिलेगी, जिससे काफी राहत महसूस करेंगे। परिवारजनों के साथ खुशियों के पल बितायेंगे। दांपत्य रिश्ते में मजबूती आयेगी। आज कोई नई बात आपको सीखने को मिलेगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। इस राशि के साहित्य से जुड़े लोगों को आज कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। करियर में नए आयाम स्थापित करेंगे।

धनु राशिः आज आपका दिन खुशी से भरा रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में आपका मन लगेगा। इस राशि के राजनीति से जुड़े लोगों को सफलता मिलेगी। आज आप घरेलू काम को निपटाने में सफल रहेंगे। सही योजना के तहत अपने करियर में बदलाव लायेंगे। सेहत के मामले में आप खुद को फीट महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ पारिवारिक जिम्मेदारियों को पूरा करने का प्लान बनाएंगे। लवमेट आज कहीं घूमने जाएंगे।

मकर राशिः आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आपके रिश्तों में मिठास बढ़ेगी। आज आप अपना काम समय से पूरा कर लेंगे। अगर कोई नया काम शुरू करना चाहते हैं तो फिलहाल कुछ दिनों के लिए रुक जाना अच्छा रहेगा। परिवार के मामले में कोई बड़ा फैसला लेने से पहले सबकी बात आपको जरूर सुननी चाहिए। कुछ चीज़ों में आपको लोगों से उलझने से बचना चाहिए। संतान से आपको सहयोग मिलेगा। दोस्तों के साथ रिश्ते बेहतर होंगे।

कुंभ राशिः आज आपको कोई अच्छी खबर मिलेगी, जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। लम्बे समय से चल रहा किसी कोर्ट-कचहरी के मामले को निपटने के लिए किसी खास दोस्त से फोन पर राय लेंगे। आपके मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी। कारोबार में तरक्की के योग बन रहे है। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सराहना होगी। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी। करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर सामने आएंगे। रोजमर्रा के कामों में फायदा होगा। आज आपकी बातों से परिवार के लोग सहमत रहेंगे।

मीन राशिः आज आपके रिश्तों में निखार आयेगा। अध्यात्म के प्रति लगाव बढ़ेगा। आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज ननिहाल पक्ष से सुखखबरी मिलेगी। आप लोगों को अपनी बातें समझाने में सफल होंगे। आज बात करते समय अपनी भाषा पर ध्यान दें, नहीं तो किसी से कहा-सुनी हो सकती है। आपकी दिनचर्या में बदलाव आने से आज कुछ कार्यों को पूरा करने में समय लगेगा।

गाँव के चौक पर हलचल

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

गाँव के चौक पर कुछ अजीब सा हो रहा था। एक तरफ लोग हँस रहे थे, दूसरी तरफ गंभीर बैठक चल रही थी। पता नहीं था कि यह सच्चाई है या मजाक, लेकिन जो कुछ भी हो रहा था, वह गाँव के सबसे बड़े पंडित जी की बातों से भी अधिक अजीब था। चौक के एक कोने पर एक पप्पू नामक लड़का खड़ा था, जो खुद को गाँव का बड़ा विद्वान मानता था। उसकी मान्यता थी कि उसकी सारी बातें बहुत गंभीर होती हैं और गाँव के लोग उसकी बातों से ही अपनी समस्याओं का समाधान ढूंढ़ते हैं। हालाँकि, पप्पू की विद्वत्ता की असली वजह उसका ऊँचा बोलना और दूसरों को हँसी में डालना थी। गाँव की समस्याएँ भी बड़ी विचित्र थीं। सच्चाई यह थी कि हर किसी के पास एक-न-एक अजीब समस्या थी, जैसे कि रामू के बैल को कुत्ता समझकर भगा दिया गया था और सुमन की बकरी ने अपने मेमने के लिए आहार का नया तरीका अपना लिया था। लेकिन पप्पू ने इन समस्याओं को बेहद गंभीरता से लिया और एक हफ्ते से उसकी बैठकों का सिलसिला शुरू हो गया। गाँव के प्रधान जी ने सोचा कि शायद इस बार पप्पू कुछ अच्छा कर सके, तो उन्होंने पप्पू की बातों पर ध्यान देना शुरू कर दिया। लेकिन पप्पू की सच्चाई अब लोगों के सामने आ रही थी। उसकी सारी बातों में व्यंग्य का ऐसा तड़का था कि लोग हँसी रोकने में असमर्थ थे। पप्पू ने कहा, हमारी समस्याएँ इतनी बड़ी हैं कि अगर इनका समाधान किसी विदेशी सरकार से भी नहीं हुआ, तो क्या हम इनको खुद ही सुलझा सकते हैं? गाँव के लोग उसकी बातों पर गुस्सा भी हो जाते, लेकिन हँसी न रोक पाने के कारण चुप रह जाते। पप्पू की विद्वत्ता अब अजीब मोड़ पर पहुँच चुकी थी। एक दिन पप्पू ने गाँव की एक सभा में घोषणा कि, ह्यमारे गाँव को एक नया पर्यटन स्थल बनाना चाहिए। यहाँ की समस्याएँ इतनी विचित्र हैं कि लोग इसे देखने के लिए दूर-दूर से आएंगे। इस बयान के बाद, लोग हँसी में झूम उठे। उनके सामने पप्पू की छवि एक मजाकिया विद्वान की बन चुकी थी। लोग उसकी बातों को गम्भीरता से नहीं लेते थे, बल्कि उसकी बातों को हँसी का कारण मानते थे। फिर एक दिन, पप्पू ने गाँव की सारी समस्याओं का एक अजीब सा समाधान निकाला। उसने कहा, ह्यगाँव के लोग, हमारे पास समस्याओं की बहुतायत है, तो क्यों न हम एक बड़ा मेला आयोजित करें? इसमें हर समस्या के लिए एक स्टॉल हो, जहाँ लोग अपनी समस्याओं को आकर चुपचाप सुन सकें। गाँव वालों ने सोचा कि यह योजना भी पप्पू की व्यंग्यात्मक चाल है, लेकिन प्रधान जी ने सोचा कि यह एक अच्छा मौका हो सकता है। मेले का आयोजन हुआ, और लोग ढेर सारी समस्याओं के स्टॉल पर आए। यहाँ तक कि कई लोग अपनी बकरी, बैल, और अन्य जानवरों के साथ आए, ताकि वे भी समस्याओं का समाधान खोज सकें। मेले में पप्पू ने विभिन्न समस्याओं के हल के लिए खुद को एक 'विशेषज्ञ' के रूप में प्रस्तुत किया। उसने जो भी समाधान दिया, वह इतना व्यंग्यात्मक था कि लोग हँसी से लोट-पोट हो गए। लेकिन सबसे मजेदार बात यह थी कि लोगों को वास्तव में उसकी सलाहों में कुछ न कुछ काम का हिस्सा मिला। पप्पू की व्यंग्यात्मक सलाहें अब गाँव के समाधान का एक अजीब सा तरीका बन गईं। पप्पू की विद्वत्ता ने एक नया रंग ले लिया। गाँव के लोग अब उसकी बातों को गंभीरता से सुनते थे, लेकिन उनके हँसी की वजह से। पप्पू ने साबित कर दिया कि कभी-कभी व्यंग्य भी समाधान का एक हिस्सा हो सकता है। अब गाँव का चौक हर दिन हलचल से भरा रहता था, और पप्पू के व्यंग्यात्मक समाधान गाँव की समस्याओं का हिस्सा बन गए थे।

कई बार पोछा लगाने पर भी नहीं साफ हो रहे दाग...

घर को खूबसूरत बनाने के लिए लोग काफी मेहनत करते हैं, लेकिन फिर भी कहीं न कहीं कमी रह जाती है। ऐसे में अधिकतर महिलाओं की यह शिकायत रहती है कि काफी कोशिश करने के बाद भी उनके घर की टाइल्स से दाग धब्बे निकलने का नाम ही नहीं लेते हैं। अगर आप भी इन जमे हुए दागों से परेशान हैं, तो यह खबर आपके लिए है. आज हम आपको ऐसी खास टिप्स बताएंगे, जिन्हें फॉलो कर आप दाग धब्बों को साफ कर सकते हैं और टाइल्स को चमकदार बना सकते हैं.

सफेद सिरके का करें इस्तेमाल–जब भी आप पोछा लगाएं, तो पीछे के पानी में एक ढक्कन सफेद सिरका डाल दें. यह एक नेचुरल एसिड है, जो कई तरह के दाग धब्बे हटाने में मदद करता है. इसके अलावा आप एक बोतल में थोड़ा सिरका और थोड़ा पानी मिलाकर भर दें. जहां पर ज्यादा दाग है वहां पर थोड़ा सिरके का पानी डालकर अच्छे कपड़े से उस जगह को पोंछ लें. ऐसा करने से फर्श से दाग साफ हो जाएगा.

बेकिंग सोडा और पानी का पेस्ट–इसके अलावा आप बेकिंग सोडा और पानी का पेस्ट बना लें. इस पेस्ट को दाग वाली जगह पर लगाएं. कुछ मिनट तक लगा रहने दे, उसके बाद नम स्पंज या कपड़े की मदद से हल्के हाथों से रगड़े. थोड़ी देर बाद पानी से उस जगह को धो दें. इससे टाइल्स पर जमी गंदगी और दाग धब्बे दूर होंगे और टाइल्स चमकदार बनेगी.

नींबू के रस का इस्तेमाल–आप नींबू के रस का भी इस्तेमाल कर सकते हैं. यह नेचुरल क्लींजर माना

29 जुलाई विश्व बाघ दिवस | डॉ. सूर्यकांत मिश्रा

बाघ जंगल की शान ही नहीं हमारा अस्तित्व भी हैं

भारतवर्ष के राष्ट्रीय पशु बाघ की सुंदरता जंगलों को भी अपने आप में गौरवान्वित होने का अवसर प्रदान कर रही है । दुनिया भर में आसानी से अपनी पहचान के लिए प्रसिद्ध

बाघों से ही हमारा पशु प्रेम उजागर होता रहा है । भारतवर्ष से लेकर विश्व के इतिहास में बाघों को सांस्कृतिक परंपरा के रूप में देखा जा रहा है । यही ऐसा पशु रहा है जो ब्रांड इमेज के साथ दुनिया भर में अपना अस्तित्व प्रकट करता रहा है । बड़ी विडंबना की बात है कि बाघ हमारे सांस्कृतिक परिदृश्य में सर्वव्यापी होने के बावजूद आज जंगलों में उनका वास्तविक अस्तित्व नाटकीय रूप से ऐतिहासिक दायरे के कुछ ही हिस्सों में सिमट कर रह गया है । वतर्मान में विश्व भर के महज 10 देश ही ऐसे रह गए है जहां बाघों के दर्शन हो सकते हैं ! इतिहास से जानकारी मिलती है कि बाघों की संख्या में 90 से 95% प्रतिशत की कमी आ चुकी है ! यह कहने में कोई संकोच नहीं कि यदि बाघ हमारी पृथ्वी से पूरी तरह से लुप्त हो गए तो हम एक प्रतिष्ठित पशु प्रजाति को खोने के अलावा बहुत कुछ से वंचित हो जाएंगे ! मानव जाति के लिए बाघ कितने महत्वपूर्ण हैं इसे जानना हो तो यह तथ्य सर्वजन के लिए जरूरी है । बाघों के आवास एशिया के बड़े सबसे महत्वपूर्ण जल स्त्रोतों से जुड़े हैं , जो 800 मिलियन से ज्यादा लोगों को पेयजल से लेकर निस्तारी जल की आपूर्ति करते हैं ! बाघ वनों , की सुरक्षा से मानवीय जीवन में सूखे के प्रभाव को कम किया जा सकता है ! बाढ़ को रोकने और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को सीमित करने का सबसे किफायती तरीका भी बाघ संरक्षण में छिपा हुआ है ! यह बात सिद्ध हो चुकी है कि बाघ संरक्षित क्षेत्र , वनों की कटाई में भरपूर कमी ला रहे हैं । यह बताने की जरूरत नहीं कि विलुप्त जीवों ₹ डोडो और डायनासोर ₹ के उदाहरण से अंतर्राष्ट्रीय चिंता सामने आती रही है । बाघ एक वैश्विक पशु है , लेकिन जब तक हम उन्हें संरक्षित नहीं करेंगे तब तक उन्हें केवल चिड़िया घरों में ही देखा जा सकेगा ! यह सच्चाई भी विश्व जानता है कि बाघों के बिना दुनिया आर्थिक और आध्यात्मिक रूप से गरीब हो जायेगी ! यही कारण है कि प्रतिवर्ष 29 जुलाई को बाघों की लुप्त होती प्रजातियों की ओर ध्यान आकर्षित करने तथा उनकी रक्षा एवं पारिस्थितिकीय महत्व को उजागर करने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस मनाया जाता है । इस दिवस की शुरुआत 2010 में सर पिटर्सबर्ग ने टाइगर विश्व सम्मेलन में की थी । यह चिंता का विषय है कि भारतवर्ष में बाघों की संख्या लगातार कम हो रही है ! कभी लोगों के बीच अपनी दहाड़ से कंपन पैदा करने वाले बाघ आज अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं ! बढ़ते शहरीकरण और सिकुड़ते जंगलों ने जहां बाघों से उनका आशियाना छीना है वहीं मानव समाज ने भी बाघों के साथ क्रूरता बरतने में कोई कसर नहीं छोड़ी है ! बाघों के संदर्भ में हमारी अनदेखी का नकारात्मक परिणाम आज हमारे समक्ष है । जंगल में बाघों की कम हो रही संख्या पर चिंतन करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रोजेक्ट टाइगर के 50 वर्ष पूर्ण होने पर ₹ टाइगर स्टेटस 2022 ₹ जारी किया था । उस वक्त के जारी किए गए आंकड़ों में बताया गया था कि हमारे देश में 3,167 बाघ है । बाघों की गणना प्रति चार वर्षों में की जाति है । आंकड़े यह भी बताते हैं कि पिछले चार वषो में बाघों की संख्या में वृद्धि के साथ मध्य प्रदेश , देश में बाघों की अधिकतम संख्या 785 के साथ प्रथम स्थान पर है । इसके बाद क्रमशः कर्नाटक 563 , उत्तराखंड 560 तथा महाराष्ट्र 444 के साथ दूसरे , तीसरे एवं चौथे स्थान पर हैं । हम यह कह सकते हैं कि बाघ संरक्षण में भारतवर्ष के अनुकरणीय प्रयास और बाघों की संख्या में वृद्धि केवल आंकड़ों के तौर पर न देखी जाए । यह राष्ट्र के बाघ संरक्षण के दृढ़ संकल्प और प्रतिबद्धतता का प्रमाण भी मानी जानी चाहिए । बाघ संरक्षण के मामले में हमारे देश ने न केवल अपनी बाघ आबादी को सफलता पूर्वक संरक्षित रखने में काम

एक नजर

छात्रों एवं युवाओं के लिए स्वर्णिम बजट, 5 साल में 4.1 करोड़ युवाओं को मिलेगा रोजगार: डब्बू चांडक

मोहला 27 जुलाई। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डब्बू गणपत चांडक ने

बजट का स्वागत करते हुए कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2024 के बजट में युवाओं, छात्रों और बेरोजगारों के लिए कई योजनाओं की घोषणा की है, इससे देश भर के युवाओ के चेहरे में खुशियां आयी है, माननीय प्रधानमंत्री जी, वित्त मंत्री जी का मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ ? देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मोदी सरकार 3.0 का बजट पेश कर दिया। वित्त मंत्री ने बजट भाषण में देश के बेरोजगार युवाओं के लिए बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि देश के 4.1 करोड़ युवाओं के लिए प्रधानमंत्री पैकेज की घोषणा और रोजगार के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इससे देश के युवाओं को बड़ा फायदा होने वाला है। वित्तमंत्री ने युवाओं के लिए कई बड़े ऐलान करते हुए कहा कि युवाओं को इंटर्नशिप से लेकर ईपीएफओ तक, उच्च शिक्षा से लेकर ट्रेनिंग तक में सरकार मदद करेगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, ÷मुझे 5 साल की अवधि में 4.1 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार, कौशल और अन्य अवसरों की सुविधा के लिए 5 योजनाओं और पहलों के प्रधानमंत्री के पैकेज की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जिसमें 2 लाख करोड़ रुपए खर्च होंगे।

शिव महापुराण कथा 29 को

सुकमा 27 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । 29 जुलाई से छः अगस्त तक शिव पुराण कथा शाम चार बजे से होगी। संगीतमय शिव पुराण कथा वाचन महंत राधेश्याम व्यास करेंगी। कलशयात्रा 29 जुलाई को दोपहर 12 बजे निकाली जाएगी। कथा स्थल माहेश्वरी भवन है। सात अगस्त को महाभण्डारा होगा। यह जानकारी काषाध्यक्ष मद पांडेय व सचिव भुवनेश्वरी यादव ने दी है।

जिले में हो रही लगातार बारिश के चलते नदी-नाले उफान पर

सुकमा,29 जुलाई । विगत कुछ दिनों से प्रदेश के साथ-साथ सुकमा जिले में लगातार बारिश हो रही है। जिससे नदी के जल स्तर में लगातार बढ़ोतरी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्री हरिस. एस ने शबरी नदी तट के सभी गांव के लोगों को सतर्क रहने की अपील की। जिससे की इस दौरान किसी भी प्रकार की जन-धन की हानि की रोकथाम सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर ने कहा कि जिले में लगातार हो रही बारिश से शबरी नदी सहित नालों एवं कोंटा विकासखंड के नीचले इलाकों में पानी का स्तर काफी बढ़ गया है। ऐसे कठिन समय में जिले के आमजनों से अपील की जाती है कि वे नदी नालों व जलभराव वाले स्थानों से दूर रहें। सड़क और पुल के उपर से पानी बहने की स्थिति में उस जगह को पार करने का जोखिम बिल्कुल भी ना उठाएं। संभाग अंतर्गत बारिश की स्थिति ऐसी बनी रही तो नदी नालों में जलस्तर की बढ़ोतरी हो होगी।

पंचायत विकास योजना विषय पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

उत्तर बस्तर कांकेर, 27 जुलाई। जिला पंचायत संसाधन केन्द्र कांकेर अंतर्गत लाईवलीहुड महाविद्यालय गोविंदपुर में जनपद स्तरीय लाईन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 25 जुलाई से 26 जुलाई तक दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया गया। जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त प्रशिक्षण में पंचायत विकास योजना अंतर्गत डीपीडीपी, बीपीडीपी, जीपीडीपी एवं एसएसडीजी विषय के 09 थीम, गरीबी मुक्त और आजीविका उन्नत गांव, स्वस्थ गांव, बाल हितैषी गांव, पर्याप्त जल युक्त गांव, स्वच्छ एवं हरित गांव, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाला गांव, सामाजिक रूप से न्याय संगत एवं सुरक्षित गांव, सुशासन वाला गांव एवं महिला हितैषी गांव के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही पंचायत विकास सूचकांक, आधारित ग्राम पंचायत विकास योजना, ब्लाक पंचायत विकास योजना, जिला पंचायत विकास योजना निर्माण की जानकारी, स्थानीय सतत् विकास के लक्ष्य, उद्यान, स्वास्थ्य, कृषि, क्रेडा, महिला एवं बाल विकास, वन मण्डल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, आदिवासी विकास विभाग एवं स्वयंसेवी संस्था के मास्टर ट्रेनरों के द्वारा पंचायत विकास योजना विषय पर विशेष एवं विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

किरंदुल बाढ़ पीड़ितों से मिलने पहुंची जिला पंचायत अध्यक्ष के सामने रो पड़े लोग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 27 जुलाई। गुरुवार को एनएमडीसी की लापरवाही से हुए हादसे से उजड़े परिवारों को राहत सामग्री प्रदाय करने जिला पंचायत अध्यक्ष तूलिका कर्मा किरंदुल बंगाली कैम्प पहुंची । जहां उन्हें देखते ही लोग फफक कर रो पड़े । पीड़ित परिवार आपबीती बताते हुए अपने आंसू नही रोक पा रहे थे राहत सामग्री में कंबल साड़ी एवं बच्चो के लिए खाने-पीने की सामग्री प्रदाय की। बाढ़ प्रभावितों से मिलने के बाद तूलिका कर्मा ने किरंदुल में एनएमडीसी के अधिकारियों से मुलाकात किया और प्रबंधन से घटना की पूरी जानकारी ली तुलिका कर्मा ने एनएमडीसी प्रबन्धन से सभी पीड़ित परिवारों के लिए पक्का मकान और पुनर्वास के लिए कम से कम 10-10 लाख रुपये मुआवजा जिसे सीधे पीड़ितों के बैंक खाते में देने की मांग की है। तुलिका ने किरंदुल एनएमडीसी के मुखिया अधिशासी निदेशक के घटना स्थल के निरीक्षण और पीड़ितों से अब तक मुलाकात नही करने पर नाराजगी जताते कहा कि किरंदुल के अधिशासी निदेशक को पीड़ितों से मिलकर उनके उजड़े घरों के मलबों और डैम के कीचड़ से भरे घरों को देखना चाहिए जिससे उन्हें एहसास हो सके कि पीड़ितों की क्या परिस्थिति है,उन्होंने कहा कि ये बड़ी घटना केवल प्राकृतिक आपदा नही बल्कि लापरवाही भी, इस घटना को जिसने भी देखा सभी के मन में खौफ बैठा हुआ है लोग सहमे हुए है । गनीमत रही कि किसी को जान से हाथ धोना नही पड़ा ,"घटना यदि रात को होती तो मंजर और भी भयावह हो सकती थी ।एनएमडीसी को सुनिश्चित करना होगा कि इसकी पुनरावृति ना हो और इस बात का लोगों को विश्वास भी दिलाना होगा हादसे के तत्काल बाद जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन सहित अन्य संस्थानों द्वारा पीड़ितों को राहत देने के प्रयास निःसंदेह सराहनीय है इसके बावजूद प्रशासन को पुनः एक बार फिर से पीड़ितों और नुकसान का सर्वे और मूल्यांकन करने की आवश्यकता है।

डायरिया,मलेरिया सहित मौसमी बीमारियों से बचने के लिए सावधानी बरतने की अपील

उत्तर बस्तर कांकेर, 27जुलाई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने बताया कि वर्षा ऋतु में मौसमी बीमारियों जैसे डायरिया, मलेरिया आदि से आम नागरिकों के प्रभावित होने की संभावना अधिक हो जाती है, जिनसे बचाव एवं रोकथाम हेतु जनता को जागरूक होने के साथ-साथ सावधानियां बरतने की अत्यंत आवश्यकता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले में वर्तमान में डायरिया एवं मलेरिया के प्रकरणों की स्थिति सामान्य है तथा नियंत्रण में है। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण की गई है। मौसमी बीमारियों के उपचार हेतु मैदानी स्तर व संस्था स्तर पर आवश्यक दवाईयां की उपलब्धता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि मलेरिया की बीमारी मच्छर के काटने से होती है। मच्छर साफ एवं ठहरे हुए पानी में पनपते हैं, मलेरिया के रोकथाम एवं बचाव हेतु अपने घर के आस-पास स्वच्छता बनाए रखें और पानी को ठहरने न दे, नालियों के निकासी बनाये, टंकी, कूलर, फ्रिज की ट्रे, गमले आदि की प्रति सप्ताह सफाई करें एवं खुले जगह में टायर, टूटे फूटे बर्तनों में पानी जमा न होने दें। पक्षियों के पीने के लिए रखे गये पात्र को पलट कर रखें। घर के आस-पास यदि पानी जमा हो एवं निकासी की सुविधा नहीं है तो मिट्टी का तेल या जला हुआ मोबिल ऑयल डालें।

मलेरिया से बचाव हेतु नियमित रूप से मच्छरदानी का उपयोग करें एवं शाम के समय नीम के पत्तों से घर में धुंआ करें व खिड़की दरवाजे बंद रखें तथा छोटे बच्चों को पूरे अस्तीन का कपड़े पहनाएं। यदि किसी व्यक्ति को ठंड के साथ बुखार आए, एक या दो दिन के अंतराल में बुखार हो, उल्टी, दस्त, सिर दर्द, पेट दर्द एवं हाथ-पैर में दर्द के लक्षण होने पर निकटतम स्वास्थ्य संस्था या मितानिन से सम्पर्क कर त्वरित मलेरिया जांच करवाएं। सकारात्मक पाए जाने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर तत्काल समूल उपचार कराएं। इसी प्रकार से डायरिया दूषित भोजन या पानी के सेवन या अस्वच्छता के परिणामस्वरूप होता है।

एसएंडए लॉ ऑफसिज़ ने रायपुर के युवा प्रतिभाओं को दिया मंच

रायपुर, 27 जुलाई। एसएंडए लॉ ऑफसिज ने अपने 2024 कैंपस हायरिंग ड्राइव का सफलतापूर्वक समापन किया है, जिसमें देश भर के प्रतिष्ठित लॉ कॉलेजों से 13 होनहार छात्रों को नियुक्त किया गया है। ये नए एसोसिएट्स विवाद समाधान, कॉर्पोरेट लॉ और मुकदमेबाजी जैसे अलग-अलग कानूनी क्षेत्रों में शामिल होंगे, जो एसएंडए लॉ ऑफसिज़ की नए लॉ प्रोफेशनल्स को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता हैं। इन प्रतिभाशाली युवाओं का चयन देश के प्रमुख लॉ कॉलेजों जैसे नैशनल लॉ यूनिवर्सिटी ऑफ़ ओडिशा, गुजरात नैशनल लॉ यूनिवर्सिटी, नैशनल लॉ इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी भोपाल, सिम्बायोसिस लॉ स्कूल पुणे, हिदायतुल्लाह नैशनल लॉ यूनिवर्सिटी रायपुर, राजीव गांधी नैशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ पंजाब और गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय दिल्ली से किया गया। इस कैंपस हायरिंग ड्राइवपर बोलते हुए, एसएंडए लॉ ऑफसिज़ की साझा प्रबंधक पार्टनर (जॉइंट मैनेजिंग पार्टनर) गुनीता पाहवा ने कहा हमें इन होनहार छात्रों को अपनी टीम में शामिल करके बहुत खुशी हो रही है। इस साल की हायरिंग से पता चलता है कि हम कानून के क्षेत्र के भविष्य में निवेश कर रहे हैं। हमें यकीन है कि ये नए साथी नए विचार लाएंगे और हमारी कंपनी की सफलता में मदद करेंगे। एसएंडए लॉ ऑफसिज़ हमेशा से अपने यहाँ के लोगों को आगे बढ़ाने में विश्वास रखता है।

समाचार संक्षेप

वन अधिकार मान्यता पत्रधारक की मृत्यु उपरांत वैध वारिसों को अब हो सकेगा भूमि का हस्तांतरण

उत्तर बस्तर कांकेर, 27 जुलाई। वन अधिकार अधिनियम के तहत व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र धारकों की मृत्यु/फौत होने पर विधिक वारिसानों के नाम पर काबिज वन भूमि का हस्तांतरण एवं राजस्व/वन अभिलेखों में दर्ज करने व भूमि संबंधी आवश्यक कार्यवाही की जा सकेगी। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा के द्वारा इस आशय का राजपत्र जारी किया गया है, जिसमें यह प्रावधान किया गया है कि वन अधिकार मान्यता पत्रधारक की मृत्यु हो जाने पर विधिक वारिसानों के द्वारा फौती/नामांतरण संशोधन के लिए आवेदन एवं घोषणा पत्र राजस्व भूमि हेतु संबंधित तहसीलदार और वन विभाग की भूमि होने पर संबंधित रेंज ऑफिसर को प्रस्तुत किया जा सकेगा। कलेक्टर श्री नीलेश महादेव क्षीरसागर ने इस संबंध में आदिवासी विकास विभाग से जारी राजपत्र के हवाले से बताया कि व्यक्तिगत वन अधिकार मान्यता पत्र धारक की मृत्यु हो जाने पर उनके विधिक वारिसानों को अब अधिकार हस्तांतरित किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि विधिक वारिसान के द्वारा काबिज वन भूमि के अभिलेख जिस विभाग में दर्ज हैं, उन विभाग के चिन्हांकित अधिकारियों के समक्ष आवेदन अथवा घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसके आधार पर नामांतरण की कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने स्पष्ट करते हुए बताया कि काबिज वन भूमि के अभिलेख यदि राजस्व विभाग में है तो नामांतरण की कार्यवाही संबंधित तहसीलदार द्वारा की जाएगी, जबकि काबिज भूमि के अभिलेख वन विभाग में हैं तो नामांतरण की कार्यवाही संबंधित रेंज ऑफिसर के द्वारा की जाएगी। कलेक्टर ने बताया कि वन अधिकार मान्यता पत्र के विधिक वारिसानों को हस्तांतरण हेतु आवेदन अथवा घोषणा पत्र के साथ धारक का मृत्यु प्रमाण-पत्र अथवा संबंधित ग्राम पंचायत/ग्राम सभा के द्वारा जारी मृत्यु के संबंध में प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। इसके अलावा सभी वैध वारिसानों के आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और सम्पर्क नम्बर संबंधित तहसीलदार/रेंज ऑफिसर के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। इसी तरह विधिक वारिसानों के बीच वनभूमि के बंटवारे की प्रक्रिया, धारक के जीवनकाल में उनके द्वारा प्रस्तावित या उनकी मृत्यु पश्चात् विधिक वारिसानों के मध्य खाता-विभाजन, सरकारी नक्शों में मान्य वन अधिकारों के सीमांकन की प्रक्रिया, अभिलेखों में त्रुटि का निराकरण और निर्णय के विरूद्ध अपील के संबंध में राजस्व विभाग एवं वन विभाग के द्वारा कार्यवाही की जाएगी।

विद्यार्थी कारगिल विजय दिवस का संदेश आत्मसात कर पराक्रमी बनें: पुरोहित

बागबाहरा 27 जुलाई। सरस्वती शिक्षा संस्थान के जिला प्रतिनिधि (महासमुंद) और स्थानीय स.शि.मं. संचालन समिति के सदस्य अनिल पुरोहित ने विद्यालय में अध्ययनरत भैया-बहनों से राष्ट्र-चिंतन और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन हेतु तत्पर और सजग होने का आग्रह किया है। श्री पुरोहित शुक्रवार को स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उ. मा. विद्यालय में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर आहूत कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री पुरोहित ने कारगिल संघर्ष की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि अब यह आवश्यक है कि समाज के सभी वर्ग राष्ट्र के प्रति जिम्मेदार बनें। शहीदों को नमन और वीर जवानों का अभिनंदन करने के साथ-साथ भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को आत्मसात करें, यही कारगिल विजय दिवस का मूल संदेश है। श्री पुरोहित ने कहा कि आज हम जितनी भी उपलब्धियां अर्जित कर लें, लेकिन उसका उपभोग हम तभी कर सकेंगे जब हमारा यह राष्ट्र अपने सांस्कृतिक मूल्यों, जीवन मूल्यों, आदर्शों और गौरव प्रतीकों पर गर्व करके एक अखंड और अक्षुण्ण राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बनाए रखे। श्री पुरोहित ने विद्यालय के आचार्यों, दीदीजी और सभी अभिभावकों व शुभचिंतकों से भी आग्रह कि वे राष्ट्र के प्रति समर्पण का संस्कार विद्यार्थियों में विकसित करें। श्री पुरोहित ने पाकिस्तान के आतंकी कारनामों व छद्र?म युद्ध की चर्चा करते हुए कहा कि देश आज केवल सीमा और सीमा पार की चुनौतियों से ही नहीं जूझ रहा है, अपितु जातिवाद, साम्प्रदायिक तुष्टीकरण, समाज को बाँटने वाले झूठे नैरेटिव से भी युद्ध कर रहा है और भावी भारत भाग्य विधाता के रूप में विद्यार्थियों की एक ऐसी प्रखर व मुखर पीढ़ी की रचना समय की माँग है जो इस राष्ट्र को स्वाभिमानी, शक्तिशाली और समृद्ध बनाने के लिए प्रतिक्षण तत्पर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षीय आसंदी से अपने संबोधन में विद्यालय के प्राचार्य नंदूराम निर्मलकर ने भारत-पाक युद्धों और शेख अब्दुल्ला के कारनामों पर प्रकाश डाला और महाराजा हरिसिंह से माफी मांगकर जेल से छूटने का ब्योरा दिया।

ग्राम बागोडार के जनसमस्या निवारण शिविर में मिले 129 आवेदन

उत्तर बस्तर कांकेर, 27 जुलाई। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन जिले के विभिन्न गांव में निर्धारित कलस्टर में किया जा रहा है। इसी क्रम में आज कांकेर विकासखण्ड के ग्राम बागोडार में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कलेक्टर श्री नीलेश कुमार क्षीरसागर सहित जनप्रतिनिधिगण भी सम्मिलित हुए। उक्त शिविर में विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गए स्टाल में ग्रामीणों से मांगें एवं समस्याओं को लेकर कुल 129 आवेदन प्राप्त हुए, जिसका मौके पर यथासंभव निराकरण किया गया तथा शेष आवेदनों का समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को दिए।

ग्राम बागोडार में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने कहा कि शिविर में ग्रामीणजन अधिक से अधिक संख्या में आकर शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने शिविर में सभी ग्रामवासियों से शासकीय योजनाओं का अवश्य लाभ उठाने की अपील की। कलेक्टर ने वन अधिकार पत्र के संबंध में नवीन हस्तांतरण नीति पर राज्य शासन द्वारा जारी निर्देश के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्टाल में 43 ग्रामीणों एवं आयुष विभाग के स्टाल में 54 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

स्वास्थ्य विभाग की मेहनत लाई रंग, जिले की 133 ग्राम पंचायतें क्षय रोग से मुक्त

उत्तर बस्तर कांकेर, 27 जुलाई। कलेक्टर श्री नीलेश महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा टी.बी. मुक्त भारत 2025 की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से जिले में युद्ध स्तर पर टी.बी. खोजो अभियान चलाया गया, जिसके फलस्वरूप जिले के 133 ग्राम पंचायत को टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायत घोषित हुआ है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने बताया कि भारत सरकार द्वारा टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायत की सूची जारी की गई, जिसमें कांकेर जिले के 133 ग्राम पंचायत भी शामिल है। जिले के ग्राम पंचायतों को भारत सरकार द्वारा टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायत घोषित करना जिलेवासियों एवं स्वास्थ्य विभाग को गौरवान्वित करता है। उन्होंने बताया कि टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायत हेतु जिले के 141 ग्राम पंचायतों ने विभिन्न सूचकांको के आधार पर टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायत होने का दावा प्रस्तुत किया था। उक्त दावा किये गये ग्राम पंचायतों का राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय टीम द्वारा सत्यापन कर भारत सरकार को सूची भेजी गई थी। भारत सरकार ने सत्यापन दल द्वारा भेजी गई सूची को पुनः जांच कर 133 ग्राम पंचायतो को टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किया गया है, जिसमें कांकेर के 17, चारामा के 23, अंतागढ़ के 16, दुर्गुकोंदल के 15, भानुप्रतापपुर के 14, नरहरपुर के 28 एवं कोयलीबेड़ा के 20 इस प्रकार कुल 133 ग्राम पंचायतों को 'टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायत' घोषित किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिला एन.टी.ई.पी. टीम एवं स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस उपलब्धि हेतु बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। जिला क्षय अधिकारी डॉ. के.के. ध्रुव ने भी सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दिया और साथ ही आगामी वर्ष में कांकेर जिले के शतप्रतिशत ग्राम पंचायत टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायत घोषित हो इसके लिये सभी अधिकारी एवं कर्मचारी से दोगुनी ऊर्जा से काम करने की अपील की है।

जिला पंचायत के खाते से फर्जी तरीके से निकाला था 78 लाख रुपये

फरार जिला समन्वयक 28 दिन बाद भी कानून के शिकंजे से बाहर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 27 जुलाई। सरकारी अमानत में खयानत करने वाला फरार जिला समन्वयक के गिरेबां तक पुलिस अब तक नहीं पहुंच पाई है। पुलिस अपनी पूरी कोशिश कर रही है आरोपी समन्वयक तक पहुंचने की लेकिन चतुर, चालाक आरोपी समन्वयक पुलिस को बार बार चकमा देकर फरार हो जा रहा है। तू डाल डाल, तो मैं पात पात वाला खेल अभी जारी है। लेकिन यह बात भी सत्य है कि आरोपी कितनी भी शातिर क्यों न हो एक न एक दिन कानून के शिकंजे में आ ही जाता है ।

गौरतलब है कि जिला पंचायत दंतेवाड़ा के स्वच्छ भारत मिशन में जिला समन्वयक के पद पर पदस्थ रहा देवेंद्र झाड़ी पर फर्जी तरीके से जिला पंचायत के एकाउण्ट से 78 लाख रूपये चेक के माध्यम से गबन करने का आरोप है मामले में देवेंद्र झाड़ी पर सिटी कोतवाली में 29 जून को गबन के मामले में एफआईआर दर्ज हुआ था जिसके बाद से ही देवेंद्र झाड़ी फरार हो गया है जिसकी तलाश पुलिस पुरी सरगर्मी से कर रही है। आरोपी पर एफआईआर हुए करीब एक माह बीतने को है लेकिन वो अब भी कानून के शिकंजे से बाहर आजाद घुम रहा है जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान अब लगने लगे हैं। बताते चलें कि यह सरकारी अमानत में खयानत का यह पूरा मामला करीब 2 साल पहले का है। तात्कालिन जिला पंचायत के सीईओ के फर्जी हस्ताक्षर कर चेक से 78 लाख रूपये मिनरल गंगा वॉटर समूह के खाते में डाले थे। यह समूह देवेंद्र झाड़ी द्वारा फर्जी तरीके से बनाया गया था। मामला 2 साल पहले का था लेकिन इसका खुलासा अभी हुआ है जिसके बाद अभी कुछ बीते माह 29 जून को कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। मामला सामने आने में देरी और कोतवाली तक रिपोर्ट करने में भी देरी की वजह से आरोपी को भागने का पूरा समय मिला। इस मामले में सिटी कोतवाली प्रभारी विजय पटेल का कहना है कि हमारी टीम आरोपी की तलाश में लगी हुई है। बिलासपुर में आरोपी जिस लॉज में ठहरा था हम वहां तक पहुंच भी गए थे लेकिन हमारी टीम के पहुंचने से वह पहले ही वहां से निकल भागा था। हर लोकेशन पर पुलिस की नजर है बहुत ही जल्द हम उसे पकड़ लेंगे।

पुलिस की सुस्ती के चलते आरोपी हुआ फरार:तुलिका कर्मा

इस मामले में अपनी प्रतिक्रिया देते जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा ने कहा है कि आरोपी देवेंद्र झाड़ी गबन केश में पुलिस के हाथ 28 दिन बाद भी खाली हैं इससे साफ जाहिर होता है कि पुलिस की कार्यप्रणाली में कहीं ना कहीं ढिलाई है। हाल ही में जिला अंतय्वसायी सहकारी विकास विभाग में भी एक कर्मचारी द्वारा 21 लाख का गबन किया गया था इस मामले में तो पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपियों को तत्काल पकड़ लिया था। मगर देवेंद्र झाड़ी वाले मामले में पुलिस की सुस्ती समझ से परे है। अगर आरोपी पकड़ में नहीं आ रहा है तो पुलिस उसकी संपत्ति कुर्क करे और सरकारी रूपयों की भरपाई करवाए।

खनन क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

उत्तर बस्तर कांकेर, 27 जुलाई। कलेक्टर श्री नीलेश महादेव क्षीरसागर ने आज सायं 04 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सीएसआर के अंतर्गत संचालित कार्यों एवं गतिविधियों की जानकारी लेने बैठक ली, जिसमें जिले में संचालित विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में कलेक्टर ने खनन/खान क्षेत्र के ग्रामीणों की स्थानीय समस्याओं का समाधान करने एवं स्थानीय आवश्यकताओं को दृष्टिगत करते हुए जरूरी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में संचालित सीएसआर के अधीन खनन क्षेत्रों में ग्रामीणों की प्राथमिकता के आधार पर संसाधन मुहैया कराने पर जोर दिया। साथ ही बैठक में खदानों की अनुमति एवं एनओसी जारी करने के संबंध में जिला प्रशासन के साथ परस्पर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा विभिन्न निर्माण कार्य, परियोजना एवं वन भूमि का प्रत्यावर्तन एवं हस्तांतरण सहित ग्रामीणों की विभिन्न शिकायतों एवं मांगों, प्रलंबित अनुज्ञा आदि विषयों पर सकारात्मक द्विपक्षीय चर्चा बैठक में की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री बी.एस. उईके, जिला पंचायत के सीईओ श्री सुमित अग्रवाल, एसडीएम अंतागढ़ श्री नरेन्द्र बंजारा, उपायुक्त आदिवासी विकास श्री एल.आर. कुर्रे, सहायक खनि अधिकारी श्री बजरंग सिंह पैकरा सहित विभिन्न उद्योगों के संचालक एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।

सुकमा 27 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । किस्टाराम पंचायत के ग्राम अरलापेंटा ख्वा देवा पिता स्व. रव्वा भीमा कहीं महीनों से बीमारी से पीड़ित था। गंभीर बीमारी को ख्यालों में रखते हुए, मरीज के परिजन भद्राचलम निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जिससे बढ़ती खर्चे के चलते परिजन भद्राचलम निजी हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कराया। मरीज को लेकर पालाचलमा पंचायत के आश्रित पारा इतनपाड़ बैगा के पास देशी इलाज कराने पहुंचे कहीं दिनों तक देशी इलाज चलने के पश्चात देहांत हो गया जिससे मृतक का पार्थिव शरीर को गृह ग्राम अरलापेंटा पहुंचाने में हुई कड़ी मशक्कत इन दिनों लगातार बारिश के चलते नदी, नाले उफान पर होने से परिजन अंतिम संस्कार करने के लिए पार्थिव देह को 20 किमी पैदल चलकर तिगनपल्ली से पुलिया पार कर पैतृक ग्राम अरलापेंटा पहुंचाया।

एक नजर

राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में अन्नपूर्णा का चयन

फिंगेश्वर, 27 जुलाई। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोपरा के छात्र कुमारी अन्नपूर्णा पटेल का चयन राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में हुआ है.राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में चयन होने पर उन्हें अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त होगा. कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने अन्नपूर्णा के चयन होने की जानकारी मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हें पांच हजार की सम्मान राशि प्रदान किया.कलेक्टर अग्रवाल ने अन्नपूर्णा को विज्ञान कांग्रेस में शामिल होकर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया. उन्होंने कहा कि अन्नपूर्णा का राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में चयन होना जिले के लिए गौरव की बात है. इससे अन्य बच्चों को विज्ञान प्रदर्शनी, नवाचार एवं जागरूकता के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरणा मिलेगी. उल्लेखनीय है कि बच्चों द्वारा साइंस मॉडल का प्रदर्शन संवाद एवं नवाचारी प्रयासों को भोपाल में होने वाले राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में प्रदर्शित किया जाएगा. इससे बच्चों को विज्ञान गतिविधि में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा. अन्नपूर्णा पटेल का चयन होने पर जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत एडीपीओ बुद्ध विलास सिंह,जिला समन्वयक आईपी साहू, जिला नोडल अधिकारी ज्ञानेंद्र शर्मा,विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र कुमार जोशी, विकासखंड स्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा, मार्गदर्शक शिक्षिका माधुरी चक्रधारी, प्राचार्य निरंजन तिवारी एवं पूरनलाल साहू प्राचार्य बिजली ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनायें दी।

बारेगुडा क्षेत्र की पांच पंचायतों में पिछले कई दिनों से विद्युत सेवा बाधित, ग्रामवासी परेशान

भोपालपटनम, 27 जुलाई। जिला पंचायत सदस्य बर्सत राव ताटी ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में आने वाले लिंगापुर,बारेगुडा,वाडला,दम्मूर तथा वरदली ग्राम पंचायतो में लगातार बिजली आपूर्ति बंद रहने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है ताटी ने बारेगुडा क्षेत्र में लगातार विद्युत आपूर्ति बाधित करने के लिए विभाग को दोषी ठहराते हुए कहा कि उक्त ग्राम पंचायतो में लगातार हो रही विद्युत समस्या के स्थाई समाधान के लिए तत्कालीन भूपेश सरकार ने बारेगुडा में विद्युत उपकेंद्र स्थापना की स्वीकृति प्रदान की थी लेकिन संबंधित विभाग की घोर लापरवाही के कारण विद्युत उपकेंद्र स्थापना की प्रक्रिया आज पर्यंत प्रारंभ नहीं किया गया यही वजह है की बारेगुडा क्षेत्र की पाँच ग्राम पंचायतो में लंबे समय से बिजली आपूर्ति बंद रहने से लोगों में काफी आक्रोश है जिला पंचायत सदस्य ताटी ने क्षेत्रवासियों को बार-बार हो रही विद्युत अवरोध की समस्या से निजात दिलाने हेतु बारेगुडा में अविलम्ब विद्युत उपकेंद्र की स्थापना करने की मांग की है।



चिंतावागु नदी पार करते डूबा ग्रामीण

भोपालपटनम, 27 जुलाई। बीजापुर जिले में लगातार हो रही बारिश से नदी नाले उफान पर है। बारिश की वजह से चिंतावागु नदी भी अपने शबाब पर है। आज गुरुवार को एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। मदेड़ थाना से मिली जानकारी अंगमपल्ली के आश्रित गाँव रायगुडा का निवासी रमेश कुरसम(42) अपने गाँव से बर्तन के सहारे चिंतावागु नदी को पार कर पेगड़ापल्ली अंतिम संस्कार कार्यक्रम में जा रहा था।तभी अचानक बीच मझधार में उसका संतुलन बिगड गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। यह घटना गुरुवार को तक़रीबन शाम 5 बजे की बताई जा रही है। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम की कार्यवाही की गई है।तहसीलदार भोपालपट्टनम सूर्याकांत धरत ने बताया पीएम रिपोर्ट में डूबने से मृत्यु की पुष्टि होती है तो ऋष्ट 6-4 के तहत सहायता राशि दिया जाएगा।

शासन की योजना के क्रियान्वयन के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें: कलेक्टर

महासमुंद। जिला पंचायत के सभाकक्ष में कलेक्टर प्रभात मलिक ने कृषि, उद्यानिकी पशुपालन और मछलीपालन विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अफसरों से कहा कि शासन की योजना के क्रियान्वयन के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें। साथ ही उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियों को हितग्राही मूलक योजनाओं से अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने निर्देशित किया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक सहित कृषि, उद्यानिकी, मछलीपालन, पशुपालन, विभाग के प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे।कलेक्टर मलिक ने कृषि एवं समवर्गीय विभाग के मैदानी अमले द्वारा जिले में चल रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने समीक्षा के दौरान खरीफ सीजन में बीज और उर्वरक के वितरण के लिए पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जैविक खेती को बढ़ावा देने, दलहन-तिलहन खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। उन्होंने समितियों के माध्यम से किसानों को कृषि ऋण दिलाएं और किसानों को अधिक से अधिक इस योजनाओं से लाभान्वित करें।

107 बच्चों की पढ़ाई के लिए दो कमरे,एक बरामदा, सालों से निजी स्कूल में सरकारी नियमों का पालन नहीं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजिम/पाण्डुका, 27 जुलाई। यह सरकारी नही जनाब निजी स्कूल है। जहा शिक्षा विभाग के सारे नियमों को ठेंगा दिखाते हुए सालो से यह स्कूल संचालित हो रहा है।अधिकतर देखा जाता है। कि सरकारी स्कूलों में इस तरह की अव्यवस्था पाई जाती है। और निजी स्कूल बच्चे और पलको को लुभाने के लिए नित् नए प्रयास करते हैं जिससे उसकी स्कूल में बच्चे अधिक से अधिक एडमिशन ले सके ताकि संचालक को अधिक से अधिक आमदनी हो पर यहाँ ठीक इसके विपरित गरियाबंद जिले में एक ऐसा निजी स्कूल देखने को मिला है। जो नेशनल हाईवे 130 जिले के मुख्य मार्ग पर ग्राम पंचायत पांडुका के चरोधाम में स्थित। ओम शांति निकेतन नाम का यह निजी स्कूल 2006 से संचालित हो रहा है। जहा कक्षा 6 वी से लेकर 10 तक संचालित हाई स्कूल में शिक्षा विभाग के नियमों का जरा भी पालन नहीं हो रहा है ।पहले यह एक आदिवासी समाज के भवन में संचालित हो रहा था अब यह स्कूल इस सत्र में फिर एक दूसरे आदिवासी समाज के भवन में संचालित हो रहा है जहां 107 बच्चे अध्यनरत है और उनके लिए दो कमरे और एक बरामदा है । जहा पढ़ाई करते है ऐसे में 107 बच्चों को दो शिफ्ट में जिसमे पहला 8 बजे से 11 बजकर 15 मिनट और दूसरा शिफ्ट 11.30 बजे से लेकर 4 बजे तक पढ़ाई कर रहे हैं। पर नियमों की बात की जाए तो विभाग के नियम का यहां कोई पालन नहीं हो रहा है। दो शिफ्ट में लगने वाले इस स्कूल में अध्यनरत छात्र-छात्राए आसपास के गांव से आते है ।पर निजी स्कूल संचालन के नियम में जो सुविधाएं मिलनी चाहिए वे कोई सुविधा नहीं मिल रहे है ।और इस बारे में पूछने पर संचालक गर्व से कहता है कि मुझे पढ़ाई में ध्यान देना है नियम का पालन कौन करता है। हालांकि इस बात को लेकर यह अंदेशा लगाया जा सकता है कि सालों से संचालित इस स्कूल में आखिर नियम का पालन क्यों नहीं किया जा रहा क्या विभागीय सेटिंग होने से संचालक के ऊपर कही विशेष मेहरबानी तो नही। इस स्कूल में 107 बच्चों को पढ़ने के लिए 6 शिक्षक भी मौजूद है इस प्रकार ना तो बच्चों को खेलने के लिए मैदान है ना तो प्रार्थना करने के लिए जगह, ना ही वाटर फिल्टर ना ही, प्रयोग शाला इस प्रकार निजी हाई स्कूल में होने वाले विभिन्न प्रकार के सरकारी नियमों को पूरा दरकिनार कर यह स्कूल सालों से संचालित हो रहा है ,वही इस बारे में संचालक कहते हैं कि वह 5 ,500 हजार रुपया भवन का किराया देते हैं 6000 रुपए पढ़ाने वाले टीचरों को देते हैं ,और प्रति बच्चे साल का ?6000 फीस लेता हूं मेरा उद्देश्य बच्चों का पढ़ाई करना है अगर मैं नियमों का पालन करूंगा तो यहां स्कूल संचालक नहीं कर पाऊंगा और हैरानी की बात है कि शिक्षा विभाग में बने ढेर सारे नियम आखिर किसके लिए है। अगर नियम का पालन नहीं करता है तो फिर ऐसे स्कूलों का संचालन बंद करवा देना चाहिए क्योंकि नियम तो बनाए जाते हैं सुविधाओं के लिए ताकि बच्चों को सारी जरूरी सुविधाएं मिल सके और अगर संचालक कोई नियम का पालन नहीं करता तो आज तक इतने सालों से कैसे स्कूल संचालक हो रहा है आज तक के शिक्षा विभाग के किसी अधिकारी या जिले के किसी बड़े अधिकारी की नजर क्यों नहीं पड़ी और अपने नियम मनवाने में आखिर क्यों शिक्षा विभाग डर रहा है कहीं शिक्षा विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों के साथ तगड़ा सेटिंग।तो नहीं जिस वजह से यह नियमों की परवाह न करते हुए स्कूल का संचालन कर रहा है । वही इस बारे में ओम शांति निकेतन स्कूल पाण्डुका के संचालक दुलेंद्र साहू अभनपुर से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि मेरा उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई करना है। और मुझे बच्चो और पलको पर पूरा भरोसा है ।नियम का पालन करूंगा तो मैं स्कूल का संचालन कैसे कर पाऊंगा ऐसे भी कौन पूरा नियम का पालन करता है। 25 जुलाई तक मैं अपने पुराने भवन में स्कूल को शिफ्ट कर दूंगा।तब तक के लिए यहां पढ़ाई कर वा रहे है।

विविधता में एकता दर्शाता है भारत के अनूठे दर्शन को

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

फिंगेश्वर, 27 जुलाई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के चार वर्ष पूर्ण होने पर शिक्षा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन 22 जुलाई से 28जुलाई तक आयोजित करने का आदेश जारी हुआ है. इसी तारतम्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में शिक्षा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. जिसमें टी एल एम प्रदर्शनी, खिलौना कार्नर व खेल कूद के अंतर्गत रस्सी दौड़, कुर्सी दौड़,कैरम,शतरंज, कबड्डी आदि खेलो का आयोजन कीड़ा उत्सव के रूप में किया गया. इस अवसर पर पूरनलाल साहू प्राचार्य ने ने बताया कि शिक्षा सप्ताह का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षार्थियों शिक्षकों और नीति निर्माताओं और हितकारकों के बीच सहयोग एवं नवाचार की भावना को बढ़ावा देना एवं सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने चुनौतियों पर चर्चा करने जमीन स्तर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में उल्लेखित दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में आगे का रास्ता तय करने के लिए एक मंच प्रदान करना है.वही सांस्कृतिक दिवस के अवसर पर उन्होंने कहा कि विविधता में एकता भारत के अनूठे दर्शन को दर्शाता है. 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियो के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है. इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था.जिसमें भारत का विजय हुआ था. अतः भारतीय जवानो के सम्मान हेतु यह दिवस मनाया जाता है.इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरनलाल साहू व्याख्याता दिनेश कुमार साहू,विनय कुमार साहू, नरेंद्र कुमार वर्मा, रेखा सोनी, गीतांजली नेताम,संतोषी गिलहरे,शिक्षक नकुल राम साहू, रुद्र प्रताप साहू,क्लर्क दुष्यंत कुमार साहू, तोमन राम साहू, भृत्य आकाश सूर्यवंशी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

भरतमुनि की नायिकाएं 28 को उतरेंगी मंच पर, 120 कलाकार करेंगे जीवंत

भिलाई, 27 जुलाई। कृष्ण प्रिया कथा केंद्र की ओर से नृत्य नाटिका नायिका का मंचन 28 जुलाई रविवार की शाम महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर में किया जा रहा है। इसमें प्रवेश निःशुल्क है। केंद्र की संचालक उपासना तिवारी ने बताया कि यह नृत्य नाटिका प्राचीनकालीन नाट्यशास्त्र में भरतमुनि द्वारा वर्णित अष्ट नायिकाओं पर आधारित है। जिसमें भरत मुनि ने सभी 8 नायिकाओं के व्यवहार और प्रकार का विस्तार से वर्णन किया है। उन्होंने बताया कि संस्थान के 29 वें वर्ष में होने जा रहे इस आयोजन में 10 वर्ष से 24 वर्ष की आयु के 120 कलाकार मंच इस नृत्य नाटिका को साकार करेंगे।

रेडक्रॉस सोसायटी से नंदा माड़वी के बेहतर उपचार के लिए कलेक्टर ने दिलाई सहयोग राशि

बीजापुर,27 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। उसूर ब्लाक के अंतर्गत आने वाला गांव छुटवाही में रहने वाला ग्रामीण नंदा माड़वी का आईईडी ब्लास्ट में एक पैर क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसकी प्रथम सूचना थाना तर्रेम में कराई गई। सूचना प्राप्ति के उपरान्त डीएसपी श्री तुलसी राम लेकाम के द्वारा कलेक्टर अनुराग पाण्डेय को इसकी सूचना दी गई। सूचना के उपरान्त कलेक्टर श्री पाण्डेय द्वारा नंदा माड़वी के बेहतर उपचार हेतु भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से नंदा माड़वी की माता को 15 हजार रूपए की राशि प्रदाय कराया गया।

दूषित जल के बचाव के लिए किया जा रहा सोडियम हाइपोक्लोराइड का छिड़काव

बीजापुर,27 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में पेयजल हेतु लगभग 9 हजार पेयजल स्रोत है जिसमें हैण्डपंप, पावर पंप तथा सोलर पंप स्थापित कर ग्रामीण अंचलों में पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के निर्देशानुसार वर्षा ऋतु में जल जनित रोगों के बचाव हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा सभी पेयजल स्त्रोतों में जीवाणु रहित किये जाने हेतु लगभग 7650 पेयजल स्त्रोतों को सोडियम हाइपोक्लोराइड के घोल से डिसीनफेक्शन का कार्य पूर्ण किया गया है एवं जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में नल जल योजनाओ में निर्मित 38 नल आरसीसी उच्च स्तरीय टंकियों की सफाई तथा निर्जीवीकरण का कार्य प्रगति पर है। आम जनता से आग्रह है कि बासी पदार्थों का सेवन ना करे, घर आंगन में साफ-सफाई का ध्यान रखते हुए मच्छर दानी का उपयोग करें तथा गरम पानी का सेवन कर स्वयं को बीमारी के बचाव के लिए सर्तक रहे।

1अगस्त को कलेक्ट्रेट का घेराव करेगा आदिवासी समाज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर, 27 जुलाई। आदिवासी उत्पीड़न मामले को लेकर सर्व आदिवासी समाज ने राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन देकर कर एक्ट्रोसिटी एक्ट के तहत मामला दर्ज करने की मांग की है।

सर्व आदिवासी समाज के सचिव कमलेश पैंकरा ने बताया कि भैरमगढ़ बोरिंगपारा निवासी प्रकाश पाण्डे जाति हल्बा को उनके निजी स्वामित्व वाली भूमि को खनिज लीज पर दिये जाने पर भैरमगढ़ निवासी अजय सिंह नामक व्यक्ति द्वारा दिनांक 16 जुलाई को 15 लाख रूपये मांगते हुए जाति सूचक अपमान जनक गाली देते हुए धक्का मुक्की और जान से मारने की धमकी दी गई। इस दौरान अजय सिंह के साथ उसके हथियार बंद सुरक्षा गार्ड भी साथ में थे। जिसके कारण प्रकाश पाण्डे डर कर लुकते-छिपते घूम रहा है। प्रकाश पाण्डे द्वारा दिनांक 17 जुलाई को पुलिस थाना भैरमगढ़ में लिखित सूचना दिये जाने के बाद भी आज पर्यंत तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा सकी है। अजय सिंह द्वारा सोशल मिडिया और प्रिंट मिडिया में लगातार बयान बाजी करके पीड़ित को और भयभीत किया जा रहा है।कमलेश पैंकरा ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से महामहिम राज्यपाल से मांग की गई है कि भैरमगढ़ निवासी अजय सिंह पर अनु. जाति/जनजाति अत्याचार निवारण कानून के तहत अपराध दर्ज करने की कार्यवाही के साथ उचित न्याय प्रदान करेंगे, अन्यथा आगामी 01 अगस्त को बीजापुर नगर के अंबेडकर प्रतिमा के सामने धरना और कलेक्ट्रेट का घेराव के लिए समाज बाध्य होगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।सर्व आदिवासी समाज के जिला सचिव कमलेश पैंकरा ने बताया कि ज्ञापन देने से पूर्व स्थानीय गोंडवाना भवन में हुई बैठक में समाज को एक राजनीतिक पार्टी का टीम बी संबंधी ऑडियो पर आपत्ति जताते हुए समाज प्रमुखों ने कहा कि अजय सिंग इस मसले पर अपनी स्थिति स्पष्ट करे अन्यथा उसके निवास और कार्यालय के सामने उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। इसके साथ ही कलेक्टर और अजय सिंह के बातचीत के वायरल ऑडियो की निंदा प्रस्ताव पारित करते हुए कहा कि बीजापुर जैसे दुरस्त अंचल में सेवा दे रहे अधिकारी कर्मचारियों के भयादोहन पर तत्काल रोक लगाई जाए।ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष जग्गू राम तेलामी, सीएस नेताम, अनिल पामभोई, सीताराम मांझी, पांडु राम तेलाम, कामेश्वर दुब्बा, सुशील हेमला, भावसिंग भास्कर, अल्वा मदनैया, सालिक नागवंशी, मनोज अवलम, प्रमोद ओयाम, लक्ष्मण कडती सहित सभी ब्लाक के सामाजिक पदाधिकारी मौजूद थे।

बाढ़

सिरोंचा मार्ग बहाल,गीदम बीजापुर एनएच मार्ग बाधित, जांगला के पास सड़क पर बाढ़ का पानी

बीजापुर। झमाझम बारिश से अभी भी बीजापुर जिले को राहत नहीं. मिली है इसी कडी मे आज एन एच गीदम बीजापुर मार्ग जांगला के पा सड़क पर बाढ़ का पानी भर जाने से सुबह से इन पंतियो.के लिखे जाने तक मार्ग बाधित है सैकड़ो गाडिया दोनों ओर खडी है। इधर तारलागुडा मार्ग भी पिछले 10 दिनों से बाढ़ के कारण बंद है जबकि भोपालपटनम सिरोंचा मार्ग आज सुबह खुल गया है जिससे महाराष्ट्र जाने वाले लोगो को राहत मिली है अभी भी जिले मे वर्षा जारी है तथा जिले सभी नदी नाले उफान पर है।

नदी-नाले एवं पुराने पुल-पुलिया को पार करते समय एहतियात बरतें: कलेक्टर

महासमुंद। मानसून के चलते जिले में चार पांच दिन से भारी बारिश हो रही है, जिससे नदी-नालों और पुराने पुल-पुलियों में जलस्तर बढ़ गया है। कलेक्टर प्रभात मलिक ने कहा कि वे किसी भी हालत में जान जोखिम में डालकर उफनते नदी-नाले पार न करें।कलेक्टर ने कहा कि भारी बारिश के कारण जिले के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में पुराने पुल-पुलियों पर पानी का बहाव तेज है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा भी है। उन्होंने कहा है कि वे इस मौसम में अत्यंत सावधानी बरतें और सुरक्षित स्थानों पर रहें। कलेक्टर ने बताया कि प्रशासन ने सभी आवश्यक उपाय किए हैं और आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

बाढ़ और आपदा में फंसे ग्रामीणों को बचाने नगर सेना की टीम पूरी तरह से मुस्तैद

बीजापुर,27 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बीजापुर में लगातार बारिश से बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई है। बाढ़ और आपदा से निपटने नगर सेना की टीम पूरी मुस्तैदी के साथ फील्ड से नजर आ रहे हैं। लोगों की जिंदगी बचाने में नगर सेना की टीम लगातार सराहनीय कार्य कर रहे है। इसी क्रम में 25 जुलाई के बेलनार के 75 वर्षीय श्रीमती पोयामी उद्दे की स्वास्थ्य खराब होने पर बेहतर ईलाज के लिए सतवा घाट पर नदी पार कराते हुए अस्पताल पहुंचाया। इसके साथ ही बेलनार सिलगेर के 70 ग्रामीणों को भी नदी पार करवाकर सुरक्षित स्थानों में पहुंचाया। वहीं सरपंच रामलाल नेताम की सूचना पर मृतक सागर नेताम पिता फागु ग्राम सिलगेर के परिजनों सहित लगभग 90 ग्रामीणों को (सतवा घाट) इन्द्रावती नदी से पार कराया। एक अन्य घटना स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सूचना मिलने पर ग्राम पेद्दाकवाली, मे नवजात शिशु एवं उनके माता-पिता को सुरक्षित नदी पार कराया और स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया।बाढ़ बचाव दल मे नगर सेना के टीम में जिल्यूस तिर्की, कृष्ण कुमार राव, संदीप भगत, संदीप देवर, छबू राम माड़वी, लेखराम सोड़ी, संतोष चापड़ी, मनोज कलमू, रामलाल पोड़ियाम, कृष्ण कुमार चालकी, इंदर मांझी, रमेश कुंजाम, रामचन्द्र पवार, दशरू कुंजाम, मनीराम, सुरेश मोड़ियम एवं मुन्नाराम उरसा अलग-अलग टीम में मौजूद थे।

229 बटालियन ने हर्षोल्लास के साथ मनाया अपना 86 वां स्थापना दिवस

बीजापुर,27 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ राज्य के जिला बीजापुर में तैनात 229 बटालियन, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल मुख्यालय में दिनांक 27/07/2024 के दिन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 86वां स्थापना दिवस का आयोजन बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ किया गया है। इस समारोह में 229 वाहिनी के कमाण्डेंट श्री चन्दम बॉबी सिंह के अलावा अन्य राजपत्रित अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान सम्मिलित हुये । केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 27/07/2024 को वाहिनी मुख्यालय में शहीद स्मारक स्थल पर एकत्रित होकर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें नमन किया गया। इसके पश्चात् श्री चन्दम बॉबी सिंह, कमाण्डेंट 229 बटालियन द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारीयों एवं जवानों को सम्बोधित किया गया जिसमें उनके द्वारा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की स्थापना के पश्चात अब तक की सभी उपलब्धियों का उल्लेख किया गया ।

जिले की 292 ग्राम पंचायतें टीबीमुक्त,भारत सरकार से मिला प्रमाणपत्र

महासमुंद 26 जुलाई 2024/ महासमुन्द जिले की 292 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। इस उपलब्धि के लिए भारत सरकार ने इन पंचायतों को %टीबी मुक्त पंचायत% प्रमाण पत्र प्रदान किया है। इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर पर कलेक्टर श्री प्रभात मलिक ने सभी संबंधित अधिकारियों, स्वास्थ्य कर्मियों, और ग्रामीणों को बधाई दी है। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले ने 2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह लक्ष्य संयुक्त राष्ट्र संघ के सतत विकास लक्ष्यों (स्ष्ठत) द्वारा निर्धारित समय सीमा 2030 से पांच वर्ष पहले हासिल करने का है। कलेक्टर श्री प्रभात मलिक ने कहा कि यह सफलता सामुदायिक सहभागिता और प्रभावी स्वास्थ्य सेवाओं के परिणामस्वरूप संभव हो सकी है। टीबी उन्मूलन के इस अभियान में जिले की स्वास्थ्य विभाग, पंचायत प्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों और ग्रामीणों ने मिलकर मेहनत की है। नियमित जांच, समय पर उपचार, और जन जागरूकता अभियानों के माध्यम से टीबी के मामलों की पहचान और उपचार संभव हो सका। महासमुन्द जिले की इस सफलता से यह स्पष्ट होता है कि उचित योजना, सामुदायिक समर्थन, और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के माध्यम से टीबी जैसे गंभीर रोग पर नियंत्रण पाया जा सकता है। जिले के इस प्रयास से अन्य जिलों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी टीबी उन्मूलन के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर होंगे।प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा मार्च 2023 को वाराणसी में आयोजित विश्व टीबी दिवस कार्यक्रम में टीबी मुक्त पंचायत पहल की गयी थी। के अंतर्गत, महासमुन्द जिले के इन 292 ग्राम पंचायतों ने मान्य संकेतकों का मापन एवं सत्यापन कर टीबी उन्मूलन के लक्ष्यों को प्राप्त किया। इस उपलब्धि के परिणामस्वरूप, छत्तीसगढ़ राज्य में महासमुन्द जिले ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।टीबी मुक्त ग्राम पंचायत का प्रमाण पत्र जिला कलेक्टर श्री प्रभात मलिक द्वारा चयनित ग्राम पंचायतों को प्रदान किया जाएगा।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी. कुदेशिया, ने कहा कि इस कामयाबी में कलेक्टर श्री प्रभात मलिक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री एस. आलोक, सहित जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. विकास चन्द्राकर, और जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती नीलू धृतलहरे की भी भूमिका सराहनीय है। ग्राम पंचायतों के समग्र प्रयासों से स्वस्थ गांव की परिकल्पना को साकार करने हेतु टीबी मुक्त पंचायत अभियान की शुरुआत की गई थी।

राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के दो छात्रों का चयन

विनय व कुणाल करेंगे बलौदाबाजार का प्रतिनिधित्व

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 27 जुलाई। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल खमरिया भाटापारा के दो छात्र का चयन राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस प्रतियोगिता में ये छात्र जिला बलौदा बाज़ार का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्पर्धा में चयनित छात्र विनय ध्रुव और कुणाल शर्मा प्रतियोगिता के लिए काफी दिनों से अभ्यासरत हैं। तैराकी के क्षेत्र में विशिष्ट अनुभव रखने वाले अनुभवी प्रशिक्षक गणेशु पाल ने इन छात्रों को अपने कुशल मार्गदर्शन में प्रशिक्षित करके तैराकी की कला में पारंगत बनाया है।

यह जोड़ी भिलाई (डीपीएस रिसाली) में 26 जुलाई से 28 जुलाई 2024 तक होने वाली राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए रवाना होगी। ये छात्र अपने कौशल, प्रशिक्षण को लेकर आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। इस तैराकी स्पर्धा के लिए लगातार कई दिनों से अभ्यासरत विद्यार्थी अपने अथक परिश्रम, निष्ठा और लगन से किए गए अभ्यास को लेकर प्रतियोगिता के लिए बिल्कुल निश्चिंत, निर्भीक तथा सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रतिबद्ध हैं। चयनित विद्यार्थियों को विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश पोपट ने ढेर सारी शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि विद्यार्थियों में कई कौशल छिपे रहते हैं, बस उसे उजाकर करने के लिए पूरी निष्ठा और दृढ़ता के साथ भिड़ना होता है, जिसमें संबंधित शिक्षक और विद्यार्थियों की अहम भूमिका होती है। आगे उन्होंने इस तैराकी स्पर्धा के लिए चयनित विद्यार्थियों को आशीर्वचनों में कहा कि आप लोग अवश्य ही इस प्रतियोगिता में बढ़िया प्रदर्शन करके अपना स्थान बनाने में सफल होंगे। अंत में प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों के अंदर विद्यमान अलौकिक प्रतिभाओं को बाहर निकालने के लिए हम प्रयत्नरत हैं और इसकी बेहतरी के लिए सदैव प्रयास करते रहेंगे।

जलभराव

तिल्दा-नेवरा, 27 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। दो दिनों से तिल्दा नेवरा अंचल में हो रही लगातार बारिश से एक और किसान खुश है तो वहीं दूसरी ओर नगर के अनेक वार्डों में गलियां सड़के पानी में डूबी हुईं हैं। नगर के स्कूलों सहित हाट बाजारों में भी पानी भर गया है। तीन दिनों से हो रही बारिश से नगर की नालियों से पानी की निकासी नहीं होने से अन्य सड़कों में पानी भर गया है आम लोग को दिक्कत हो रही है।

एक नजर

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत् ऋण के लिए आवेदन आमंत्रित

बलौदाबाजार, 27 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए हितग्राहियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। उद्यम 25 योजनांतर्गत स्वयं का उद्यम स्थापित करने के इच्छुक हितग्राहियों को उद्योग गतिविधि हेतु अधिकतम 50 लाख एवं सेवा उद्योग हेतु अधिकतम 20 लाख तक का ऋण राष्ट्रीयकृत बैंको के माध्यम से उपलब्ध कराया जावेगा व सामान्य (पुरूष) वर्ग के हितग्राहियों को शहरी क्षेत्रों में प्रतिशत अनुदान एवं स्थापना पर प्रतिशत एवं ग्रामीण क्षेत्र में 15 अजा/अजजा/ पिवर्ग/अल्पसंख्यक/महिला/ भूतपूर्व सैनिक/शारीरिक रूप से विकलांग हितग्राहियों को शहरी क्षेत्रों में 25 प्रतिशत एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 35 प्रतिशत अनुदान की पात्रता होगी। इच्छुक हितग्राही खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग की वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट केवीआईसी डॉट ओआरजी डॉट जीओवी डॉट इन 222.द्यात्रद्ध.श्हद्ध.द्दश1.द्वठ्ठ में विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन, पासपोर्ट आकार का फोटो, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, ग्राम पंचायत का जनसंख्या एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची, अनुभव प्रमाण पत्र (यदि हो तो) के साथ 31 अगस्त 2024 तक आनलाईन आवेदन कर सकते है। योजना की विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बलौदाबाजार संयुक्त जिला कार्यालय भवन कक्ष क्रमांक 71 एवं वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट केवीआईसी डॉट ओआरजी डॉट जीओवी डॉट इन 222. द्यात्रद्ध.श्हद्ध.द्दश1.द्वठ्ठ से प्राप्त की जा सकती है। अधिक जानकारी के लिए नारायण सिंह ठाकुर प्रबंधक मोबाईल नंबर 9827192183 एवं धर्मेन्द्र कुमार साहू, सहायक वर्ग-2, मोबाईल नंबर 7566301284 पर संपर्क कर सकते है।

जिले में अब तक 530 मिली औसत व सिमगा में सर्वाधिक 753 मिली वर्षा दर्ज

बलौदाबाजार, 27 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून 2024 से अब तक 530 मिलीमीटर औसत दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक वर्षा सिमगा तहसील में 753 मिलीमीटर हुई। तहसील लवन 594 मिली, भाटापारा 587 मिली, सुहेला 543 मिली, बलौदाबाजार 503.5 मिली, कसडोल 486.4 मिली, पलारी 473.7 मिली, टुण्डरा 416.5 मिली एवं सोनाखान 412.50 मिली सबसे कम वर्षा दर्ज की गई है। जिसकी औसत वर्षा 530 मिमी है। इसी तरह 26 जुलाई को 89.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले के तहसीलवार वर्षा सिमगा 165 मिली, भाटापारा 180 मिली, लवन 91.3 मिली, कसडोल 74.3 मिली, सुहेला 70 मिली, सोनाखान 62 मिली, बलौदाबाजार 58 मिली, पलारी 53.3 मिली एवं टुण्डरा 48.5 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

बलार में 24, साबर और चरौदा जलाशय में सौ-सौ प्रतिशत जलभराव

बलौदाबाजार, 27 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। दो दिनों से जिले में अच्छी बारिश होने से जलाशय जल भराव में वृद्धि हुई है। जिले की सिंचाई जलाशयों में आज दिनांक तक औसत 30 प्रतिशत जलभराव हुआ है। जिसमें बलार जलाशय में 24 प्रतिशत एवं साबर और चरौदा जलाशय में सौ-सौ फ़ीसदी जल भराव हो चुका है। इसके साथ मुख्य रूप से मखुरहा में 85, देवरीडीह 69, बैजनाथ 67, कसडोल एवं हटोद 48-48 बालसमुंद जलाशय में 35 प्रतिशत जलभराव हुआ है। उक्त जानकारी जल संसाधन विभाग से प्राप्त हुई है।

शराब पीकर वाहन चलाने वाले 4 चालकों पर कार्रवाई, वाहन जब्त

बलौदाबाजार, 27 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा यातायात नियमो की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सखुती से कार्यवाही की जा रही हैं, सांथ ही जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 25 जुलाई शराब पीकर वाहन चलाने वाले, वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किया गया है। यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में ब्रेथ एनलाइजर के माध्यम से परीक्षण कर 04 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है, जिनके विरुद्ध कार्यवाही कर उनके वाहन जप्त किया गया है। उक्त जप्त सभी 04 वाहनों को विधिवत कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमो के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमो के पालन हेतु सखुती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमो का पालन करें किसी भी स्थिति में शराब पीकर वाहन न चलावे।

संभव स्पंज एंड पावर लिमिटेड सरोरा ने बिलाड़ी में लगाया निःशुल्क स्वास्थ जॉच शिविर

लोगों की सेवा ही मेरा धर्म : विकास गोयल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा नेवरा, 27 जुलाई। संभव स्पंज एंड पावर लिमिटेड सरोरा ने ग्राम पंचायत बिलाड़ी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मोर हॉस्पिटल रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं दल की उपस्थिति में बिलाड़ी ग्राम पंचायत कार्यालय में किया गया।। निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में खून जॉच, इसीजी, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, के साथ निःशुल्क परामर्श भी दिया गया ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों स्थानीय लोगों ने शिविर में भाग लिया। कई रोगियों ने अपनी बीमारियों का उपचार करवाया। कई लोग स्वस्थ और हृष्ट-पुष्ट पाए गए। इस मौके परसंभव स्पंज एंड पावर लिमिटेड सरोरा के एमडी विकास गोयल एवं भावेश खेतान ने कहा कि आम लोगों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया है ताकि आर्थिक रूप से कमजोर लोग भी हर तरह की जांच और इलाज करा सके और उन्हें फ्री में अच्छी सुविधा, मिल सके। लोगों का सेवा ही मेरा सबसे बड़ा धर्म है। हमारा मुख्य उद्देश्य है अच्छा इलाज के साथ साथ सभी तरह की सुविधा उपलब्ध कराना। संभव स्पंज एंड पावर लिमिटेड सरोरा की एम डी शीतल गोयल ने कहा कि हमारा सदैव यह प्रयास रहता है कि समाज के वंचित और आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों की सहायता हो सके। इसी प्रयास में इस शिविर का आयोजन किया गया।

डाक्टरों ने बताया ज्यादा खाना या ज्यादा एक्सरसाइज से नुकसान होता है। जांच शिविर में आए लाभार्थियों कोमोर हॉस्पिटल रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सक गोविन्द साहू ने बताया कि आजकल अधिकतर रोग जीवन शैली संबंधित या हमारे गलत खानपान और मानसिक तनाव के कारण हो जाते हैं। हम सभी अपनी दैनिक जीवन शैली में थोड़ा सा बदलाव करके अच्छा स्वास्थ्य प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी चीज का अधिक सेवन हमारे लिए हानिकारक है चाहे वो पानी हो, खाना हो या एक्सरसाइज ही क्यों ना हो। इनके साथ-साथ सर्वाधिक प्रयोग में आने वाले गेंहू व चावल के साथ-साथ मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, रागी और सोयाबीन इत्यादि को हमें अपने भोजन का हिस्सा जरुर बनाना चाहिए। ग्रामीणों ने कहा कि निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में बड़े ही सलीके से डॉक्टर ने बात की।इस तरह के स्वास्थ्य शिविर होते रहने चाहिए। इससे आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को काफी सहायता मिलती है। स्वास्थ शिविर में ग्राम पंचायत बिलाड़ी के सरपंच प्रतिनिधी श्रवण यदु, उपसरपंच संतोष निषाद, सचिव अश्वनी यदु, ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे कार्यक्रम को सफल बनाने में सरोरा संभव स्पंज पावर प्रा.लि. के एम.जी.के. मूर्ति, सुचिता जैन, धर्मेश वैश्य, सुतनु गोस्वामी, चिरंजित रॉय, राजकुमार निषाद, ने सहयोग दिया।

अहिल्दा में जुआ खेलते 6 लोगों को पुलिस ने पकड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 27 जुलाई। थाना लवन पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों एवं जुआ, सट्टा आदि अंवैधानिक कार्यो में लिप्त असमाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 26.07.2024 को थाना लवन से प्र0आर0 नान्हूराम नवरंगे व हमराह स्टाफकी पुलिस टीम द्वारा ग्राम अहिल्दा में 52 पत्ती ताश से जुआ खेलते 06 जुवाडियो को रंगे हाथ पकडा गया एवं जुवाड़ियों से 52 पत्ती ताश एवं कुल नगदी रकम ?2180 जप्त किया गया है। आरोपीयो के विरूद्ध थाना लवन में अपराध क्र. 329/24 धारा 13 जुआ एक्ट, छ0ग0 जुआ प्रतिषेध अधि0 की धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है।

आरोपियों का नाम

- लोमश कुमार उम्र 35 साल निवासी ग्राम अहिल्दा थाना लवन
- ओमप्रकाश उम्र 32 साल निवासी ग्राम अहिल्दा थाना लवन
- संतोष कुमार उम्र 31 साल निवासी ग्राम कोटमी सोनार थाना अकलता जिला जांजगीर चाम्पा
- नागेश्वर कुमार उम्र 24 साल निवासी ग्राम अहिल्दा थाना लवन
- जगदीश उम्र 24 साल निवासी ग्राम अहिल्दा थाना लवन
6. रामदेव उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम अहिल्दा थाना लवन

हरिनभट्ठा स्कूल में क्राफ्ट संग्रहालय का निर्माण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 27 जुलाई। शनिवार बैगलेस डे में शासन द्वारा आदेशित व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत बच्चे विभिन्न प्रकार के उपयोगी सामान बनाना सीख रहे हैं। शा.पू.मा.शा.हरिनभट्ठा में शिक्षिका अर्चना साहू द्वारा बच्चों को ऊन से बहुउपयोगी सामान जैसे - शाल, स्वैटर, मफ्लर, थालपोश, टेबलक्लाथ, पर्स, मोबाइल कवर, कंटोप, रेट पर्दा, कुशन कवर बनाना सीखाया जा रहा है। वर्तमान दिनों में बच्चें राखियाँ बना रहे हैं जिसकी माँग कई दुकानों के द्वारा मार्केट में की जा रही है। इस कला द्वारा बच्चें आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर हो रहे हैं। अर्चना साहू द्वारा स्कूल में एक क्राफ्ट संग्रहालय का निर्माण भी किया गया है जिसमें शिक्षिका और बच्चों द्वारा बनाये हुये सामान का संकलन किया जा रहा है।अब तक कुल पचास प्रकार के हस्तनिर्मित सामान का संकलन किया जा चुका है। स्थानीय स्तर पर प्राप्त छीन की पत्तियों का उपयोग भी सजावटी सामान बनाने में किया जा रहा है।

राज्य निर्माण के 24 साल बाद भी पक्की सड़क के लिए तरस रहे चंदियापथरा के रहवासी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सिमगा, 27 जुलाई। छ.ग. को बने 24 साल हो गए लेकिन चंदियापथरा गांव आज भी पक्का सड़क के लिए तरस रहे है। भाटापारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा के समीप ग्राम किरवई से चंदिया पथरा मार्ग लंबाई 4 कि मी जो मिट्टी का कच्ची मार्ग है और बरसात के दिनों में यह मार्ग बंद रहता है ग्रामीणों का लंबी समय से मांग के बाद आज भी वही हाल है यह मार्ग चंदिया पथरा को दामाखेड़ा, सिमगा से जोड़ने की ही मार्ग नही है बल्कि स्कूली बच्चों के शिक्षा से जोड़ने ग्रामीणों को स्वास्थ चिकित्सा जैसे रोजमर्रा के कामों से दामाखेड़ा आने जाने में मदद करेगा अभी वर्तमान में ग्रामीणों को दामाखेड़ा किसी भी कार्यों के लिए आने में 4 कि मि का रास्ता 12 कि मि तय कर नेशनल हाईवे से चल कर आना जाना पड़ता है जिससे समय और ईंधन दोनो की बर्बादी है और साथ ही जॉन माल का भी खतरा बना रहता है जिसके कारण स्कूली बच्चे उच्च शिक्षा से दूर हो कर मिडिल स्कूल कर आगे की पढ़ाई छोड़ने को मजबूर है पिछले लम्बे समय से ग्रामीणों द्वारा इसकी मांग करते आ रहे है और इनकी स्वीकृति के लिए नवदीप युवा मंच के साथ आस पास के ग्रामीणों ने सन 2012 में आमरण अनशन भी किया था लेकिन शासन प्रशासन आज भी ग्रामीणों की इस महत्वपूर्ण मांग को नजरंदाज किया गया अभी मानसून सत्र चल रहा है। और प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की नया सरकार बैठी है ग्रामीणों को पूरा विश्वास है इस सत्र इनके लिए बजट में प्रावधान रखेंगे।

न्यायालय नायब तहसीलदार सिमगा, जिला-बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 34/21 वर्ष 2023-24
ग्राम- संकरी प.ह.नं. 06

ईश्तहार

एतद द्वारा आम जनता ग्राम संकरी प.ह.नं. 06 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोरेलाल साहरा पिता बखरिया साहरा (आदिवासी) निवासी ग्राम रोहरा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. द्वारा अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्राप्त संकरी प.ह.नं. 06 स्थित भूमि खसरा नं. 284 रकबा 0.130 हे. भूमि को अनावेदक बी.एल.एम एग्रोटेक द्वारा पार्टनर शैलेश अग्रवाल पिता स्व. बाबूला अग्रवाल निवासी लक्ष्मी टॉकिज के पीछे जूना बिलासपुर मस्जिद के पास बिलासपुर छ.ग. को आपसी सौदा मूल्य 3,00000/- अक्षरी (तीन लाख रूपये) में विक्रय करने का सौदा किया है, बकाया राशि 2,00000/- अक्षरी (दो लाख रुपये) प्राप्त किया है। उक्त भूमि को विक्रय करने की अनुमति मिलने बाबत छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6) के तहत प्रकरण मूलतः अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु प्रकरण प्राप्त हुआ है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को, कोई दावा आपत्ति हो तो, वह स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 30/07/2024 तक आपत्ति-दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अद्यतन आज दिनांक 15/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
सिमगा

लापरवाह वाहनों चालकों पर यातायात पुलिस ने की कार्रवाई

बलौदाबाजार, 27 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा यातायात नियमो की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सखुती से कार्यवाही की जा रही हैं, सांथ ही जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम, सुगम एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 25 जुलाई को यातायात पुलिस द्वारा सड़क मार्ग में दो-पहिया वाहन में तीन सवारी एवं बिना नंबर के वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई किया गया है। यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में दो-पहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले 30 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 9000 समन शुल्क वसूला गया है। साथ ही बिना नंबर के वाहन चलाने वाले कुल 19 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 5700 समन वसूल किया गया है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमो के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमो के पालन हेतु सखुती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, गरियाबंद छत्तीसगढ़
निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा क्रमांक 1059/व.ले.नि./का.अ./लो.स्वा.यां./खण्ड 2024 गरियाबंद दिनांक 24-07-2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मों द्वारा निम्नलिखित समय सारिणी एवं विवरण अनुसार आमंत्रित की जातीः-

कार्य का विवरणः- गरियाबंद जिले के अंतर्गत वर्षा काल के दौरान जल जनित बीमारियों के प्रति जल जागरूकता फैलाने हेतु जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रचार-प्रसार कार्य।

समूह क्रमांक	ग्राम का नाम	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	अमानत राशि
1	विकासखण्ड गरियाबंद	1.14	2000/-
2	विकासखण्ड मैनपुर	1.14	2000/-
3	विकासखण्ड देवभोग	1.14	2000/-
4	विकासखण्ड फिंगेश्वर	1.14	2000/-
5	विकासखण्ड छुरा	1.14	2000/-

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में दिनांक 05.08.2024 तक देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड,
गरियाबंद (छ.ग.)

जी-242501391/2

कार्यालय, नगर पालिक निगम भिलाई, (छ.ग.)

द्वितीय निविदा सूचना

क्र./एफ/3402/कम्प्यू/2024/106 भिलाई, दिनांक 26/07/2024

आयुक्त, नगर पालिक निगम भिलाई की ओर से निम्नांकित कार्य हेतु अनुभवी संधारणकर्ता एजेंसी से मुहरबंद निविदा स्पीड पोस्ट के माध्यम से **दिनांक 12.08.2024** को सायं **5:30** बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं **दिनांक 13/08/2024** को प्रातः **11:00** बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन दिनांक **05.08.2024** को **5:30** बजे तक निर्धारित राशि के साथ आवेदन स्वीकार किये जावेगा।

क्र.	कार्य का नाम	निविदा लागत (रूपये में)	धरोहर राशि (रूपये में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	समयावधि	फार्म
1	कम्प्यूटर सिस्टम एवं प्रिंटर का वार्षिक संधारण कार्य। (वर्ष 2024-2025) (द्वितीय निविदा)	रू. 6,58,600.00	रू. 5000.00 (एफ.डी.आर.)	750.00 रू.	एक वर्ष	''बी''

नियम एवं शर्तेः- (1) सशर्ते निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी। (2) निविदा स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर डाक से स्वीकार किये जायेंगे। (3) धरोहर राशि कार्यपालन अभियंता, नगर पालिक निगम भिलाई एवं संबंधित ठेकेदार के नाम से लिफाफा 'क' में प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा दर लिफाफा 'ख' में प्रस्तुत करना होगा। (4) यदि निगम द्वारा निर्धारित निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/निविदा खोलने की तिथि को किसी अपरिहार्य कारणवश अवकाश घोषित होता है, तो ऐसी स्थिति में अंतिम/तिथि/खोलने की तिथि आगामी कार्य दिवस को माना जावेगा (5) किसी भी विवाद की स्थिति में आयुक्त, नगर पालिक निगम भिलाई का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय एवं तिथि में कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in एवं ई-गवर्नेंस की साईट www.bhilai.urbanecg.gov.in में देखी जा सकती है। **निविदा में किसी प्रकार की संशोधन सूचना मात्र निगम के वेबसाईट में प्रदर्शित की जावेगी। किसी भी समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।**

कार्यपालन अभियंता

SWACHH SURVEKSHAN 2024 | TULIP

कार्यालय नगर पालिका परिषद, तिल्दा-नेवरा, जिला रायपुर (छ.ग.)
स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0

क्र./385 दिनांक 25/07/2024

//आवश्यकता//

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जारी दिशानिर्देशों के अनुक्रम में राज्य के समस्त नगरीय निकायों में बीटेक/बीई स्नातक आवेदकों से Swachh TULIP कार्यक्रम अंतर्गत TULIP INTERN TRAINEE हेतु निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं:-

इंटर्नशिप की अवधि	आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	एकमुश्त देय राशि	आवश्यक INTERN TRAINEE की संख्या	संपर्क (मो.नं.)
12 सप्ताह	05/08/2024	4500.00 रू.	02	7000516050
				8253025057

इच्छुक अभ्यर्थी अपना ऑनलाईन आवेदन https://internship.aicte-india.org/ में जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी/पात्रता इत्यादि हेतु उपरोक्त मोबाईल नंबर से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

केवल आनलाईन आवेदन ही स्वीकृत किये जावेंगे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् तिल्दा-नेवरा

एक नजर

ट्रेनों की लेटलतीफी पर रेल मंत्री को ज्ञापन

रायपुर 27 जुलाई। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया कि कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी अध्यक्षता में कैट कार्यालय में मिटिंग हुई। जिसमें टीम कैट ने रेलमंत्री माननीय अश्वनी वैष्णव जी एवं चांदनी चौक दिल्ली लोकसभा सांसद प्रवीण खण्डेलवाल जी तथा रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल जी को यात्री गाडियों के लेटलतीफी एवं निरस्त होने एवं यात्री सुविधाओं के विषयक ज्ञापन भेजा गया। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालु, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि टीम कैट ने ज्ञापन के माध्यम से रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव जी एवं चांदनी चौक दिल्ली लोकसभा सांसद प्रवीण खण्डेलवाल जी तथा रायपुर लोकसभा सांसद माननीय बृजमोहन अग्रवाल जी को यात्री गाडियों के लेटलतीफी एवं निरस्त होने एवं यात्री सुविधाओं के विषयक ज्ञापन भेजा गया ।

अमर पारवानी एवं जितेन्द्र दोशी ने बताया कि वर्तमान समय में दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के रायपुर मंडल (छत्तीसगढ़) में यात्री गाडियों के लेटलतीफी एवं निरस्त होने के मामले अत्यधिक हो रहे है। व्यापारियों को खरीदारी करने हेतु अन्य शहरों मे जाना पडता है। यात्री गाडियों के लेटलतीफ एवं निरस्त होने के कारण आम जनता एवं व्यापारियों को बहुत अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे कि उनके समय एवं व्यापार पर दुष्प्रभाव पडता है।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का पूर्वाभ्यास जांच प्रशिक्षण शिविर कोसरंगी में

रायपुर 27 जुलाई। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला अध्यक्ष जी स्वामी जिला मुख्य आयुक्त डॉ. सुरेश शुक्ला जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला कमिश्नर स्का. विजय कुमार खंडेलवाल निर्देशानुसार तथा जिला वार्षिक कैलेंडर के अनुसार जिला संघ रायपुर के द्वारा राज्य पुरस्कार पूर्वाभ्यास जांच प्रशिक्षण शिविर स्काउट 18 गाइड़ 33 रोवर 14 रेंजर 23, संख्या 88 प्रभारी 2 कुल 90 जांच प्रशिक्षण शिविर दिनांक26/7/2024 का शुभारंभ स्थान शा. उ. मा. वि. कोसरंगी विकास खंड आरंग में आयोजित किया गया। सचिव मृत्युन्जय शुक्ला,जिला प्रशिक्षण आयुक्त गोपाल राम वर्मा, हेमंत शुक्ला, जिला संगठन आयुक्त बालक दास राऊत (स्का) जिला संगठन आयुक्त(गा.) मति लक्ष्मी नायक दौलत राम साहू, मुकेश बोरकर, दिनेश कुमार देवांगन, कु दामिनी नाग, शाहिन परवीन, अन्नपूर्णा पाण्डे मति मनीषा वाईकर, मति आरती सिंह राजपूत, लक्ष्मीनारायण पटेल मुख्य क्वाटर सहायक क्वाटर नमन साहू आदि उपस्थित रहें।

दो पक्ष आपस में भिड़े

रायपुर, 27 जुलाई । सेलटेक्स कालोनी में लोन पटाने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से आईसीआईसीआई बैंक के कर्मचारी प्रार्थी भानुप्रताप सिंह 21 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी विनोद कुमार ने प्रार्थी के बैंक से लोन लिया था। जिसे पटाने कहने पर आरोपी ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी विनोद कुमार ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी भानुप्रताप सिंह, अमन पोदार व निलेश प्रताप ने प्रार्थी को न्यायालय में चल रहे केश को वापस ले लो कहकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पार्षद की फेक आईडी, रिपोर्ट दर्ज

रायपुर 27 जुलाई। भाजपा पार्षद मृत्युंजय दुबे ने बताया है कि मेरे फेसबुक ID IV की एक फेक ID बनाकर चलाया जा रहा है ,मेरे परिचित साथियों के पास फ्रेंड रिक्वेस्ट भी जा रहा है । जब इसकी जानकारी मुझे मिली तो मैने भी उक्त ID को सर्च किया जो कि सही में फर्जी है जिसमे मेरा प्रोफ़ाइल फोटो नही है और बर्थ डेट भी 25 जुलाई 1957 लिखा हुआ है । मैंने आज सिविल लाइन के साइबर थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई है

छत्तीसगढ़ में खुलेंगे सैनिक स्कूल

बृजमोहन के सवाल पर रक्षा मंत्री ने दी जानकारी

रायपुर 27 जुलाई। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में रक्षा मंत्रालय से छत्तीसगढ़ राज्य और विशेष रूप से रायपुर संसदीय क्षेत्र में बालिका सैनिक विद्यालय खोलने की योजना पर सवाल किया है। जिस पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने जानकारी दी है कि, रक्षा मंत्रालय ने देश में गैर सरकारी संगठन/न्यास/निजी/सरकारी स्कूलों के साथ साझेदारी रीति में नए सैनिक स्कूल खोल रहा है।

जिसकी शुरुवात उत्तरप्रदेश से ही चुकी है। जहां मथुरा में संविद गुरुकुलम उच्च माध्यमिक स्कूल को पूर्णरुपेण- बालिका सैनिक स्कूल के रूप में मंजूरी दी गई है। आने वाले समय में छत्तीसगढ़ में भी यह प्रयोग हो सकता है।

साझेदारी रीति के तहत स्थापित किए जाने वाले नए सैनिक स्कूल की स्थापना का खर्च संबंधित इकाई/एजेंसी ?द्वारा वहन किया जाएगा। जल्द ही छत्तीसगढ़ समेत देशभर में शुरू होगी ई-पासपोर्ट सेवा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल के सवाल पर विदेश राज्य मंत्री ने दी जानकारी सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भविष्य की प्रौद्योगिकी और उन्नत सुरक्षा विशेषताओं वाले ई-पासपोर्ट शुरू करने के लिए विदेश मंत्रालय से उठाए गए कदमों की जानकारी मांगी थी।

जिसपर विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने बताया कि, केंद्र सरकार एम्बेडेड चिप के साथ ई-पासपोर्ट शुरू करने के लिए कदम उठाए हैं। वर्तमान में, भुवनेश्वर और नागपुर स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों में शुरू किया जाएगा। ई-पासपोर्ट एक संयुक्त कागज और इलेक्ट्रॉनिक पासपोर्ट है, जिसमें एक एम्बेडेड रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) चिप और इनले के रूप में एम्बेडेड एंटीना है।

पासपोर्ट की महत्वपूर्ण जानकारी इसके डेटा पेज पर प्रिंट की जाएगी और साथ ही चिप में संग्रहीत की जाएगी, जिससे इसमें जालसाजी करने की संभावनाएं कम हो जाएगी। दस्तावेज़ और चिप की विशेषताएं अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (आईसीएओ) दस्तावेज़ 9303 के अनुसार हैं।

निर्माणाधीन मकान से हजारों रुपए का सामान पार

रायपुर, 27 जुलाई। भावना नगर स्थित निर्माणाधीन मकान से अज्ञात चोर ने हजारों रुपए के सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुमीत सोंधी 40 वर्ष भावना नगर खम्हारडीह का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि उसके निर्माणाधीन मकान में अज्ञात चोर ने प्रवेश कर 2 नग दूह्रू पंप एवं पड़ोस में लगे 2 नग सीसीटीवी कैमरा पार कर दिया। चोरी गए सामानों की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

जवानों को श्रद्धांजलि देकर मनाया गया कारगिल विजय दिवस

रायपुर 27 जुलाई। एमिटी इंटरनेशनल स्कूल ने चेयरपर्सन डॉ. अमिता चौहान और प्रिंसिपल अर्पिता मजूमदार के नेतृत्व में 25वां कारगिल विजय दिवस एक विशेष कार्यक्रम एमिटी फॉर हीरोज के साथ मनाया। इसके तहत भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और बलिदान के प्रति हार्दिक श्रद्धांजलि दी गई। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर स्कूल में लेफ्टिनेंट कर्नल शशिधर एस एवं लेफ्टिनेंट कर्नल शांतनु चौधरी का भव्य स्वागत स्कूल बैंड के साथ किया गया और उपहार स्वरूप उन्हें पौधे दिए गए। इस अवसर पर, लेफ्टिनेंट कर्नल शशिधर एस. और लेफ्टिनेंट कर्नल शांतनु चौधरी के प्रेरक भाषणों ने स्टुडेंट में देशभक्ति की भावना पैदा की। लेफ्टिनेंट कर्नल शशिधर एस ने कहा, सच्चा

साहस डर की अनुपस्थिति नहीं है, बल्कि उस पर विजय है। लेफ्टिनेंट कर्नल शांतनु चौधरी ने कहा, देशभक्ति सिर्फ एक भावना नहीं है, बल्कि जीवन का एक तरीका है। इस अवसर पर चेयरपर्सन डॉ. अमिता चौहान ने अपने संदेश में हमारे सशस्त्र बलों द्वारा किए गए बलिदानों को याद करने और उनका सम्मान करने के महत्व पर जोर दिया।

अजाजजा योजना का पैसा महतारी वंदन में खर्च करना गलत

रायपुर 27 जुलाई। पूर्व जनपद अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पीसीसी डेलिगेट् पूर्व जनपद अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे ने भाजपा एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर दलित, आदिवासी एवं पिछड़ा वर्ग विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जाति जनजाति योजना का पैसा महतारी वंदन योजना में खर्च कर दिया गया है जिसका अनुसूचित जाति वर्ग छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार की कड़ी निंदा करती हैं फरवरी 2024 से जून 2024 तक अनुसूचित जाति, जनजाति के योजना का लगभग 1600 करोड़

रूपया को महतारी वंदन में खर्च करना भाजपा आरएसएस का अनुसूचित जाति जनजाति विरोधी चेहरा उजागर हुआ। पूर्व जनपद अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे ने आगे बताया कि किस तरह भारतीय जनता पार्टी ये गरीब वर्गों को प्राप्त आरक्षण खत्म करने का षडयंत्र करते आए हैं। 'दशकों से भाजपा और आरएसएस दलित, आदिवासी एवं पिछड़ा वर्ग के विरोधी रहे हैं। दलितों पर अत्याचार, आदिवासियों के जल, जंगल एवं जमीन पर हमला व पिछड़ा वर्ग के अधिकारों को कुचलना भाजपा आरएसएसके डीएनए में है।'' बंजारे ने आगे बताया कि केंद्र की मोदी सरकार ने भी संसद में एक प्रस्ताव लाया था जिसमें अनुसूचित जाति जनजाति एक्ट को खत्म करने का प्रस्ताव रखे थे जिसका पूरे देश में अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग विरोध करते हुए भारत बंद किए थे इस दबाव के चलते बैक फुट पर आकर भाजपा को वह प्रस्ताव को रोकना पड़ा था। कुल मिलाकर जब-जब भारतीय जनता पार्टी की सरकारे चाहे केंद्र में हो राज्य में हो आती है तो अनुसूचित जाति जनजाति के हक एवं अधिकार को छिनने का काम भाजपा के द्वारा किये जाते रहे है इसका जीता जाता उदाहरण छत्तीसगढ़ में देखने मिल रहा है यहां भाजपा सरकार का यह कृत्य बतलाती है कि किस तरह फरवरी 2024 से जून 2024 की अनुसूचित जाति जनजाति योजना का आबंटित लगभग 1600 करोड़ की राशि को महतारी वंदन में ट्रान्सफर कर खर्च कर दिया गया।

वार्ड परिसीमन पर दीपक बैज ने की चर्चा

रायपुर 27 जुलाई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीयो की बैठक ली, बैठक मे आगामी उपचुनाव एवं वार्ड परिसीमन को लेकर चर्चा हुई,बैठक के पूर्व कारगिल में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई विजय दिवस के अवसर पर 2 मिनट का मौन रखकर वीर जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।साथ ही पूर्व में हुए विधानसभा घेराव के सफल आयोजन के लिए प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने शहर कांग्रेस कमेटी की सराहना की।

राजीव भवन में हुई इस बैठक में आगामी दक्षिण विधानसभा के उपचुनाव को लेकर रूपरेखा भी तैयार की गई विधानसभा के अंतर्गत आने वाले सभी बूथों का एक्सरसाइज करने का निर्णय लिया गया साथ ही कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी को बूथ की जिम्मेदारी देने का भी निर्णय लिया गया,आगामी उपचुनाव में

बढ़ते हुए बिजली बिल,अपराध एवं महंगाई को मुद्दा बनाकर पाम्पलेट के माध्यम से प्रचार प्रसार करने कांग्रेस के पदाधिकारी को निर्देश दिए गए,इसके अलावा राज्य सरकार द्वारा हाल ही मे वार्ड परिसीमन का प्रकाशन किया गया जिसका अवलोकन करके जरूरत के हिसाब से दावा आपत्ति पेश करने की बात भी कही गई।

इस बैठक में मुख्य रूप से विकास उपाध्याय मलकीत सिंह गेंदु गिरीश दुबे उधो राम वर्मा कुलदीप जुनेजा एजाज ढेबर प्रमोद दुबे ज्ञानेश शर्मा नंदलाल देवांगन महेंद्र छाबड़ा संजय पाठक शिव सिंह ठाकुर विशाल शर्मा आकाश शर्मा सहित जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं पार्षद गण इस बैठक में शामिल थे।

प्रदेश में बारिश ने तोड़े सारे रिकॉर्ड

रायपुर 27 जुलाई। प्रदेश में इस समय मौसम सुहाना बना हुआ है। कई जिलों में झमाझम बारिश का दौर जारी है। जिसके चलते कई नदी और नाले उफान पर है, तो कहीं बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। वहीं दूसरी ओर भारी बारिश के चलते कई हिस्सों में स्कूलों को बंद भी कर दिया गया है। इसी बीच एक बार फिर मौसम विभाग ने प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। मौसम विभाग के अनुसार, मध्य छत्तीसगढ़ के कई हिस्सों में अधिक बारिश का आसार है। वहीं उत्तर छत्तीसगढ़ उत्तर छत्तीसगढ़ के सूरजपुर, सरगुजा, बलरामपुर और रायगढ़ ज़िले के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। आपको बता दें कि छत्तीसगढ़ के कई हिस्सों में लगातार चार दिनों से बारिश हो रही है। बात करें राजधानी रायपुर की तो यहां कल भी बारिश का दौर जारी था। बता दें कि आज भी सुबह से राजधानी रायपुर में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। यहां सुबह से ही बारिश की झड़ी लगी हुई है। साथ ही कई हिस्सों में भी झमाझम बारिश हो रही है। इससे पहले मौसम विभाग ने 25 जिलों में येलो अलर्ट जारी था। आपको बता दें कि प्रदेश में एक जून 2024 से अब तक राज्य में 479.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने केंद्रीय बजट की बताई विशेषताएं

रायपुर 27 जुलाई। मोदी सरकार का 3.0 का पहला बजट विकसित भारत के संकल्प को दिखा रहा है. मोदी जी की सोच इस बजट मे दिखती है. देश के आज़ादी के वक्त रोटी, कपड़ा और मकान का नारा था. जो अब पूरा हो चुका है. देश को विकसित बनाने के लिए मोदी जी काम कर रहे हैं. यह बात केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने केंद्रीय बजट को लेकर पत्रकारों से चर्चा में कही.

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप, ओपी चौधरी, टंकराम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल समेत वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने बताया कि हमारी सरकार इस बजट में नौ प्राथमिकता तय की है. देश में किसानी खेती में सुविधा देने की व्यवस्था की गई है. किसान सम्मान निधि से छह हज़ार रुपए देने का कार्य हो रहा है. मोदी सरकार ने एक लाख बावन हज़ार करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है. हमारी सरकार ने प्राकृतिक खेती के लिए बढ़ावा देने का काम किया है.

उन्होंने कहा कि इस देश में रोजगार बहुत आवश्यक है. 1 लाख 48 हजार करोड़ रुपए का ऐम्प्लॉयमेंट लिंक से जोड़ा जाएगा. EPFO के माध्यम से युवाओं के खातो में 12 हजार रुपए दिया जाएगा. हमारी सरकार स्किल डेवलपमेंट के लिए हर राज्य सरकार द्वारा योजनाएँ बनाई जाएगी. हब और स्पॉक के मॉडल से ढुञ्ढु बनाई जाएगी. स्किल पॉवर को डेवलप कर हमारे युवाओं को दिया जाएगा. एक करोड़ युवाओं की स्किलिंग कर इंटर्नशिप कराना है. हमारी सरकार अगले पांच साल में चार करोड़ युवाओं को नौकरी दिलाने में सहयोग करेंगे.

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि सिटी प्लानिंग पर हमारी सरकार काम कर रही है. इस प्लानिंग पर डिजिटल टेक्नोलॉजी का उपयोग करने की तैयारी है. सरकार का बजट किसी भी सरकार की विजन की जानकारी देती है. शहरी क्षेत्र में 10 लाख करोड़ रुपए के निवेश से 1 करोड़ शहरी आवास बनाया जाएगा. मेरे चुनाव के वक्त शहरी आवास की लाभार्थी महिला मेरी नॉमिनी बनी थी.

मनसुख मंडाविया ने कहा कि हमारी सरकार बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट सेक्टर पर 11 लाख करोड़ रुपए इन्वेस्ट करने जा रही है. इस देश में विकास की गति तीन गुना बढ़ चुकी है. आज 30 से 32 किलोमीटर हर दिन नेशनल हाईवे बन रहा है. इसी गति से इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर कार्य किया जा रहा है. हमारी सरकार 2047 के विजन को पूरा करने के लिए कार्य कर रही है. रिसर्च और इन्वेस्टमेंट पर सरकार काम कर रही है. जो आने वाले समय के लिए बहुत लाभदायक रहने वाला है.

सरकार, एजेंसियाँ और जनता मिलकर ही नशे के खिलाफ जीत हासिल कर सकते हैं: शाह

नई दिल्ली 27 जुलाई। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने हाल ही में नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर यानि NCORD की 7वीं शीर्षस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस मौके पर शाह ने राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन पोर्टल ÒMANASÓ की शुरुआत की। MANAS के तहत एक टोल-फ्री नंबर 1933, एक वेब पोर्टल, एक मोबाइल ऐप और उमंग ऐप होगा ताकि देश के नागरिक, नशीली दवाओं की तस्करी पर जानकारी साझा करने या नशीली दवाओं के दुरुपयोग, नशामुक्ति और पुनर्वास जैसे मुद्दों से संबंधित सलाह लेने के लिए गुमनाम रूप से चौबीसों घंटे NCB से जुड़ सकें। नशा मुक्त भारत के निर्माण में जुटे अमित शाह ने स्पष्ट किया कि सरकार, एजेंसियाँ और देश की 130 करोड़ जनता मिलकर ही नशे के खिलाफ लड़ाई में जीत हासिल कर सकती है। इस बात पर भी जोर दिया गया कि जब तक देश का 35 वर्ष से कम उम्र का हर नागरिक इस लड़ाई को लड़ने और

35 वर्ष से अधिक आयु वाला हर नागरिक मार्गदर्शन का संकल्प नहीं करता तब तक नशे के खिलाफ लड़ाई को जीतना मुश्किल है। आजादी के बाद दशकों तक देश पर राज करने वाली कांग्रेस की सरकार ने ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई में कोई कदम नहीं उठाया। बल्कि देखा जाए तो कांग्रेस की सरकार में ड्रग्स का अवैध व्यापार लगातार फलता-फूलता रहा और परिणाम यह हुआ कि ड्रग्स का पूरा व्यापार नाकों टेंदर के साथ जुड़ गया। आज ड्रग्स की कमाई से आने वाला पैसा देश की सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर खतरा बन गया है। लेकिन, साल 2019 में लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री बनते ही मोदी जी ने ड्रग्स के व्यापार को जड़ से खत्म करने के लिए इसकी कमान भारतीय राजनीति के चाणक्य अमित शाह को सौंप दी। इसके साथ ही, एक नए सुबह का आगाज हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में पिछले पाँच साल में गृह मंत्रालय ने Whole of Government Approach के साथ स्ट्रक्चरल रिफॉर्म्स, इंस्टीट्यूशनल और इंफॉर्मेशनल रिफॉर्म्स के तीन स्तंभों के आधार पर इस लड़ाई को लड़ने का अभूतपूर्व प्रयास किया है। यदि आँकड़ों का अध्ययन किया जाए तो स्पष्ट पता चलता है कि जहाँ साल 2004 से साल 2014 तक 5,933 करोड़ रूपए मूल्य की 1,52,000 किलोग्राम ड्रग्स जब्त की गई थी, वहीं साल 2014 से साल 2024 के दस साल में 22,000 करोड़ रूपए से भी अधिक मूल्य की 5,43,000 किलोग्राम ड्रग्स जब्त की गई है। मोदी जी ने 2047 तक भारत को हर क्षेत्र में सर्वप्रथम बनाने का लक्ष्य रखा है, लेकिन देश की जनता यह जानती है कि उसकी प्राप्ति युवा पीढ़ी को ड्रग्स के अभिशाप से दूर रखकर ही संभव है। युवा पीढ़ी और खासकर देश की भावी पीढ़ी के लिए ड्रग्स को सबसे बड़ा दुश्मन मानने वाले शाह ने इसके पूरे इको सिस्टम को ध्वस्त करने के लिए सभी एजेंसियों और राज्य की पुलिसों को स्पष्ट निर्देश दिया है। ड्रग्स की सप्लाई के प्रति ruthless, डिमांड रिडक्शन के प्रति strateद्धक और हार्म रिडक्शन के लिए human अप्रोच रखने वाले अमित शाह ने ड्रग्स के कारोबारियों को स्पष्ट चेतावनी दी है कि भारत में एक भी ग्राम ड्रग्स न कहीं से आएगा और न ही भारत की सीमाओं को ड्रग्स के व्यापार के लिए इस्तेमाल होने दिया जाएगा।

मोदी सरकार में शाह की नीतियों के तहत एजेंसियाँ अब Need to Know के सूत्र पर नहीं बल्कि Dut4 to Share के सूत्र पर जोर-शोर से काम कर रही हैं।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26